# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | जबलपुर, बुधवार 10 जुलाई 2024




## प्रदेशभर में धीमी पड़ी बारिश की रफ्तार, 4 से 5 डिग्री तक बढ़ा पारा

# भीगे मौसम में 'धूप'

बंगाल की खाड़ी में कोई प्रभावी सिस्टम नहीं ★ बारिश अरब सागर से आ रही नमी और लोकल सिस्टम के भरोसे

**भोपाल में फिर गर्मी और उमस ने किया परेशान, बुधवार तक हल्की बौछारों की उम्मीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार से राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी पड़ गई है। बारिश में कमी के कारण दिन के तापमान ने भी यू-टर्न ले लिया है। एक दिन पहले पश्चिमी मध्य प्रदेश के सभी और पूर्वी प्रदेश के कुछ हिस्सों में पारा तेजी से गिरा था, जो मंगलवार को फिर से चढ़ गया है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार तक बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, देवास, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों में सामान्य से मध्यम बारिश होगी। भोपाल सहित शेष जिलों में बादल, गरज चमक और बौछारें पड़ने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी बंगाल की खाड़ी में कोई प्रभावी सिस्टम नहीं होने से अभी बारिश में कुछ कमी आएगी।

### 4 से 5 डिग्री तक बढ़ा पारा

दिन में धूप और बादलों का असर कम होने से अधिकतम तापमान में तेजी से बढ़त रही। सर्वाधिक बढ़त इंदौर में 4.4 डिग्री रही। भोपाल, रीवा, गुना, शिवपुरी, टीकमगढ़, खंडवा, रायसेन, पचमढ़ी, ग्वालियर, धार आदि जिलों में पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ने से दिनभर उमस और गर्मी का अहसास रहा। भोपाल में पारा 3.8 डिग्री बढ़कर 34.3 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 2 डिग्री अधिक है। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 34 डिग्री रहा। बादलों में कमी के कारण रात का औसत पारे में एक डिग्री तक गिरावट दर्ज हुई है।

### औसत से 2 प्रतिशत कम बारिश

प्रदेश में मंगलवार तक दीर्घावधि औसत से 2 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है। मौसम केंद्र के आंकड़ों के अनुसार एक जून से अब तक पूर्वी मध्य प्रदेश में औसत से 13 फीसदी कम और पश्चिमी मध्य प्रदेश में औसत से 10 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज हुई है। प्रदेश में अब तक सामान्तः 212.3 मिमी बारिश होना थी, जो 209.1 मिमी ही दर्ज हुई है। कुल मिलाकर प्रदेश में औसत से 2 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

## खबर संक्षेप

### गौतम गंभीर बने टीम इंडिया के नए हेड कोच

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया को नया हेड कोच मिल गया है और तमाम अटकलों को सही साबित करते



हुए बीसीसीआई ने पूर्व स्टार ओपनर गौतम गंभीर को टीम इंडिया की जिम्मेदारी दी है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने मंगलवार को गंभीर के नाम का ऐलान करते हुए उनका स्वागत किया। पिछले महीने तक ही गंभीर कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर थे, उनके नेतृत्व में केकेआर ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था।

### एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं: बिरला

**इंदौर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में शामिल हुए।



उन्होंने बिजासन फारेस्ट कैम्प में पौधरोपण किया। इससे पहले मंगलवार सुबह रेसीडेंसी में मीडिया से कहा कि इंदौर अध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आंदोलन की धरती है। जो हमेशा देश को प्रेरणा देता है। पीएम ने जलवायु परिवर्तन को चुनौती के रूप में देखा है। सभी एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं।

### त्रिपुरा में एचआईवी से 47 छात्रों की मौत

**अगरतला।** त्रिपुरा में 828 छात्र एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। जिनमें से 47 की मौत हो चुकी है।




त्रिपुरा राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि त्रिपुरा में एचआईवी पॉजिटिव पाए गए कई छात्र देशभर अलग-अलग संस्थानों में पढ़ने के लिए भी निकले हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 828 छात्रों की एचआईवी पॉजिटिव की पहचान की है। नशीले इंजेक्शन के चलते संक्रमण फैलने की आशंका है।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय बातचीत में पीएम मोदी ने कहा-हम हर तरह के आतंकवाद की घोर निंदा करते हैं

# बम-बंदूक और गोलियों के बीच 'शांति वार्ता' संभव नहीं, बातचीत के रास्ते पर चलना होगा

पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद कितना भयानक होता है इसका हम पिछले 40 वर्षों से सामना कर रहे हैं। लिहाजा, रूस में हुए आतंकी हमलों का भारत दर्द महसूस करता है। लेकिन, मैं यह भी जानता हूं कि युद्ध के मैदान में कोई भी समाधान संभव नहीं है।

### रूस में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा भारत

*मोदी ने रूस में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने का ऐलान किया है। कजान और येकातेरिनबर्ग में वाणिज्य दूतावास खोले जाएंगे। इससे दोनों देशों के बीच यात्रा करना और व्यापार में बढ़ोतरी होगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा के दूसरे दिन उनकी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बातचीत हुई । बातचीत में दोनों ही देशों ने हर तरह के आतंकवाद की घोर निंदा की। दोनों ही नेताओं के बीच ऊर्जा, व्यापार, विनिर्माण और उर्वरक जैसे क्षेत्रों में परस्पर सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति पुतिन के साथ 22वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक के लिए सोमवार को रूस की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे थे। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले ढाई दशकों से मेरा रूस के साथ-साथ आपके के साथ भी संबंध रहा है। करीब 10 साल में हम 17 बार मिल चुके हैं। पिछले 25 वर्षों में हमारी लगभग 22 द्विपक्षीय बैठकें हुई हैं।

**पूरी दुनिया कह रही है कि तीसरी सदी भारत की सदी**

- पीएम मोदी ने कहा कि भारत और रूस गंगा-वोल्गा के जरिए रिश्तों को री-डिस्कवर कर रहे हैं। दुनिया के सभी विशेषज्ञ कह रहे हैं कि तीसरी सदी भारत की सदी है। आज विश्व बंधु के रूप में भारत दुनिया को नया भरोसा दे रहा है। भारत की काबिलियत से पूरी दुनिया समृद्धि और शांति की उम्मीद लगा रही है।

### पुतिन ने पीएम मोदी को कजान में ब्रिक्स सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है यह शिखर सम्मेलन 22 से 24 अक्टूबर को रूस में आयोजित किया जाएगा





### अमेरिका ने कहा- रूस को युद्ध रोकने के लिए राजी करें मोदी

पीएम मोदी के रूस दौरे के बीच अमेरिका के विदेश विभाग ने एक बयान में कहा है कि यूक्रेन युद्ध का समाधान संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार होना चाहिए ।

### रूस के सहयोग से भारत को सस्ता तेल मिल रहा

पीएम मोदी ने कहा कि रूस के सहयोग से भारत को सस्ता तेल मिल रहा है। जब दुनिया ईंधन की चुनौती का सामना कर रही थी, तब आपके सहयोग से हमें आम आदमी की पेट्रोल और डीजल की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिली। इतना ही नहीं, दुनिया को यह स्वीकार करना चाहिए कि ईंधन को लेकर भारत-रूस समझौते ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थिरता लाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

जेलेंस्की को यह कहकर जवाब दिया मोदी ने ...

### जब बच्चों की हत्या होती तब दिल दहल जाता है

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस की पीएम मोदी और पुतिन के गले लगने को लेकर बेहद आहत दिखे। उन्होंने लिखा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को मॉस्को में दुनिया के सबसे खूनी अपराधी को गले लगाते देखना बहुत बड़ी निराशा और शांति प्रयासों के लिए यह विनाशकारी झटका है। भारत ने तब तो कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन मंगलवार को जब एक बार फिर पीएम मोदी और पुतिन की मुलाकात हुई, तो पीएम मोदी ने जेलेंस की की बातों का जवाब दे दिया।

### रूस के बाद ऑस्ट्रिया पहुंचे मोदी

रूस के बाद मोदी ऑस्ट्रिया पहुंचे। दो दिवसीय अपनी ऑस्ट्रिया की यात्रा के दौरान पीएम मोदी वहां के चांसलर कार्ल नेहमर और राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। चार दशक बाद ऑस्ट्रिया की यात्रा करने वाले मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री होंगे। आखिरी बार 1983 बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने ऑस्ट्रिया की यात्रा की थी।

## सिंहस्थ 2028 को लेकर सीएम का बड़ा फैसला

# उज्जैन शिफ्ट होगा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना संचालक को भी उज्जैन शिफ्ट किया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी 2028 में होने जा रहे सिंहस्थ की सम्पूर्ण रूप रेखा अब राजधानी भोपाल से नहीं बल्कि महाकाल की नगरी उज्जैन ये तय होगी। राज्य की डॉ.मोहन यादव सरकार ने इस आशय का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। वर्तमान में धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राजधानी भोपाल स्थित संचालनालय सतपुड़ा भवन से संचालित किया जा रहा है। लेकिन, अब यह विभाग भोपाल से नहीं, बल्कि उज्जैन स्थित सिंहस्थ मेला प्राधिकरण के भवन से संचालित किया जाएगा।सिंहस्थ 2028 से पहले यहंत्री मोहन यादव का बड़ा फैसला माना जा रहा है। इसके साथ ही सीएम मोहन यादव ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना संचालक को भी उज्जैन स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है।

## दूषित पानी से कई ग्रामीण बीमार

# भंडारे में डायरिया फैला उल्टी-दस्त से 2 की मौत

कलेक्टर और सीएमएचओ ग्रामीणों से मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

सिहोरा के ग्राम भंडरा में दूषित पेयजल के सेवन से डायरिया फैल गया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। 10 से अधिक ग्रामीण को उल्टी-दस्त की शिकायत पर पास के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। सूचना पर पहुंचे जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के दल ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी। अस्पताल में भर्ती 10 पीड़ित भी आदिवासी मोहल्ला के रहने वाले हैं। ग्रामीणों ने बताया कि भंडारा के वार्ड नंबर 7 आदिवासी मोहल्ला निवासी चंदा कोल और शिवम कोल की तीन जुलाई की दोपहर को उल्टी-दस्त हुई। कुछ ही देर में दोनों का स्वास्थ्य तेजी से बिगड़ने लगा। उल्टी-दस्त रुक नहीं रही थी। शाम को दोनों की मौत हो गई।






## नागपुर में मां जगदंबा मंदिर एवं कलंब में चिंतामणि गणेश के किए दर्शन



# मुख्यमंत्री नागपुर व यवतमाल पहुंचे दीनदयाल प्रबोधिनी में रोपा पौधा

*पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को महाराष्ट्र के यवतमाल व नागपुर दौरे पर थे। वहां वे कई कार्यक्रमों मे शामिल हुए। उन्होंने नागपुर में मां जगदंबा मंदिर कोराड़ी में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद चिंतामणि गणेश मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर विघ्नहर्ता से सर्वदा कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री एक दिन पहले सोमवार को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा उप चुनाव में जनसभाओं में शामिल हुए थे। इसके बाद वे देर शाम नागपुर रवाना हो गए थे। रात्रि विश्राम उन्होंने नागपुर में किया।



### दीनदयाल प्रबोधिनी संस्थान की जानकारी प्राप्त की

मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री नागपुर में कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद यवतमाल के लिए रवाना हो गए थे। मुख्यमंत्री ने यवतमाल के कलंब में दीनदयाल प्रबोधिनी पहुंच कर पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने संस्थान के कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित प्रबुद्ध जन के साथ पौधा रोपा। मुख्यमंत्री दोपहर में अपने भोपाल निवास पहुंचे। वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए।

भारी बारिश से कई शहर और राज्य जलमग्न

# मुंबई डूबी ,शिक्षण संस्थान रहे बंद और यातायात भी 'थमा'

## ठाणे, पुणे, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग के साथ पनवेल में रहा ज्यादा प्रभाव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारी बारिश के कारण भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई थम सी गई। बारिश से जल्द राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यहां रेड अलर्ट जारी किया है। मुंबई, ठाणे, पुणे, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग के साथ-साथ पनवेल के ग्रामीण हिस्सों में मंगलवार को स्कूल और कॉलेज बंद रहे। यहां लगातार हो रही बारिश ने शहर और उपनगरों में तबाही मचा दी है।

उपनगरीय रेल सेवाएं और हवाई यातायात थप हो गया है। शॉर्ट-सर्किट से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। लोगों को जलभराव वाली सड़कों से गुजरना पड़ा। वडाला स्टेशन पर भारी बारिश के बीच जलभराव रेलवे ट्रैक देखा गया। हार्बर लाइन सेवाएं कुछ मिनट देरी से चल रही हैं।



### यहां 12 जुलाई तक बारिश

आईएमडी ने 12 जुलाई तक मुंबई में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग ने पालघर, ठाणे, धुले, नंदुरबार, जलगांव, नासिक, अहमदनगर, कोल्हापुर, सांगली, शोलापुर, औरंगाबाद, जालना, परभणी, बीड, हिंगोली, नांदेड़, लातूर, उस्मानाबाद, अकोला, अमरावती, भंडारा, बुलढाणा, चंद्रपुर, गढ़चिरौली, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, वाशिम और यवतमाल में 12 जुलाई तक भारी से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है।

### छह घंटे में डूबा शहर

*मंगलवार सुबह के बीच लगभग छह घंटे में मुंबई में रिकॉर्ड 300 मिलीमीटर की बारिश हुई है। कुछ क्षेत्रों में 315 मिमी तक बारिश रिकॉर्ड की गई है। इससे सड़कों और निचले इलाकों में पानी भर गया है। भारी बारिश के कारण मुंबई में जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दर्जनों ट्रेनों को स्थगित करना पड़ा है।*

### मुख्य जलाशयों का स्तर 10 माह में पहली बार बढ़ा



भीषण गर्मी झेलने के बाद पूरा देश भारी बारिश का सामना कर रहा है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने एक अच्छी खबर दी। दरअसल, देश के मुख्य जलाशयों का जल स्तर साल सितंबर के बाद पहली बार बढ़ा है। फिर भी जल आयोग चिंता में है क्योंकि मामूली वृद्धि हुई है। पिछले सप्ताह की तुलना में 2 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के बावजूद, यह पिछले साल 29 सितंबर को जारी बुलेटिन के बाद से दर्ज की गई लगातार सप्ताह-दर-सप्ताह गिरावट को दर्शाता है। उस समय भंडारण क्षमता 73 प्रतिशत थी। हालांकि, भारी बारिश के कारण सुधार होता दिख रहा है।

### असम में बाढ़ से तबाही

## 78 की मौत, 23 लाख प्रभावित



असम में बाढ़ की स्थिति सोमवार को भी गंभीर हो गई। 28 जिलों की लगभग 23 लाख की आबादी इससे प्रभावित है। अधिकतर नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है। राज्य में इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान में 78 लोगों की मौत हुई। 68,432.75 हेक्टेयर फसल भूमि जलमग्न हो गई है। धुबरी में सबसे अधिक 7,54,791 लोग प्रभावित हुए, इसके बाद कछार में 1,77,928 लोग और बारपेटा में 1,34,328 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए। 53,689 लोगों ने 269 राहत शिविरों में शरण ली है। 3,15,520 लोगों को राहत सामग्री प्रदान की गई है।

### पीलीभीत में बाढ़ का कहर

## बिगड़े हालात,सेना ने संभाला मोर्चा



पीलीभीत में सोमवार को बारिश थमने से लोगों ने राहत की सांस ली थी, लेकिन नानक सागर से देवहा नदी में पानी छोड़ने के बाद रात में बाढ़ से शहर के हालात बिगड़ गए। रातभर तेजी से जलस्तर बढ़ा। बाढ़ के पानी से सड़कें लबालब हो गईं। सड़क पर 5-7 फीट तक पानी बहने लगा। लोगों के घरों में पानी घुसने से अफरातफरी मच गई। कई मोहल्लों में पानी अधिक होने स्थिति काफी खराब हो गई है। हालात देखते हुए एनडीआरएफ टीम ने मंगलवार सुबह से मोर्चा संभाल लिया। ट्रांस शारदा क्षेत्र में सबसे बुरे हालात हैं। यहां वायुसेना के जवानों ने हेलीकॉप्टर के जरिए लोगों को रेस्क्यू किया। शहर के टनकपुर हाईवे, नौगवां चौराहा, बरेली रोड पर पानी चलने से आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो गया। कलक्ट्रेट, विकास भवन,ऑफीसर कॉलोनी में 4-5 फीट पानी भर गया है।

---

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी द्वारा दायर ताजा आरोपपत्र पर संज्ञान लिया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 12 जुलाई के लिए प्रोडक्शन वारंट भी जारी किया है। उत्पाद शुल्क नीति के संबंध में सातवें पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए ईडी द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया।

### 14 दवाओं के लाइसेंस रद्द होने के बाद बिक्री रोकी



**देहरादून।** योग गुरु बाबा रामदेव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। उनकी आयुर्वेदिक प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री पर रोक लगा दी है, जिनके विनिर्माण लाइसेंस को उत्तराखंड की सरकार ने निलंबित कर दिया था। अब बाबा रामदेव ने सफाई देते हुए कहा कि इनकी ब्रिक्री को रोक दिया गया है।

### अब बंगाल में लड़की की पिटाई का वीडियो वायरल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एक और लड़की की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसे साझा कर ममतासरकार पर हमला बोला है। उन्होंने उनकी पार्टी टीएमसी का मतलब ' तालिबानी मुझे चाहिए' बताया है। लड़की की पिटाई का वीडियो वायरल पर टीमसी ने कहा कि यह वीडियो 2011 का हैऔर दो आरोपी जेल में है। वह पुरुष हो सकता है।

### मरीन लाइंस समेत 7 स्टेशनों के नाम बदलेंगे



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद ने मुंबई लोकल ट्रेन नेटवर्क पर 7 स्टेशनों के नामों को बदलने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। सीएम एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना, भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी की महायुति सरकार अब केंद्र सरकार की स्वीकृति के लिए नए नामों को उसके पास भेजेगी। मरीन लाइंस का नाम मुंबादेवी होगा।

---

## हाथरस हादसे पर लापरवाही और बदइंतजामी पर कार्रवाई

जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर अफसरों पर की गई कार्रवाई

# एसडीएम, सीओ, तहसीलदार समेत छह अधिकारी 'नपे', सभी निलंबित

एजेंसी ▶▶ हाथरस

हाथरस के सिकंदराराऊ में बीते 2 जुलाई को सत्संग के दौरान घटित दुर्घटना के तत्काल बाद गठित एडीजी जोन आगरा और मंडलायुक्त अलीगढ़ की एसआईटी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था। इस दौरान कुल 125 लोगों का बयान लिया। इसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आम जनता एवं प्रत्यक्षदर्शियों का बयान भी लिया गया।

घटना के संबंध में प्रकाशित समाचार की प्रतियां, स्थलीय विडियोग्राफी, छायाचित्र,वीडियो क्लिपिंग का संज्ञान लिया गया। एसआईटी ने दुर्घटना के लिए कार्यक्रम आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना है। एसआईटी ने कहा कि घटना में साजिश से इंकार नहीं किया जा सकता है। दुर्घटना आयोजकों की लापरवाही से हुई। पर्याप्त इंतज़ाम नहीं किया गया था। स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने आयोजन को गंभीरता से नहीं लिया एसडीएम, सीओ व तहसीलदार सहित 6 लोगों को निलंबित कर दिया गया है।

### एसआईटी रिपोर्ट की जांच रिपोर्ट



#### जांच समिति की रिपोर्ट की मुख्य बातें

- *दुर्घटना के लिए कार्यक्रम आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना है।*
- *हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इंकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है।*
- *कार्यक्रम आयोजक तथा तहसील स्तरीय पुलिस व प्रशासन को भी दोषी पाया है। एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज ने भी लापरवाही की।*
- *बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किये आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया।*
- *आयोजकों ने तथ्यों को छिपाकर कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति ली। आयोजकों द्वारा अप्रत्याशित भीड़ को आमंत्रित कर पर्याप्त एवं सुचारु व्यवस्था नहीं की गई।*
- *आयोजक मंडल से जुड़े लोग अव्यवस्था फैलाने के दोषी पाए गए हैं। इनके द्वारा जिन लोगों को बिना विधिवत पुलिस वेरिफिकेशन के जोड़ा गया।*
- *आयोजक मंडल द्वारा पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया गया। स्थानीय पुलिस को कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण से रोकने का प्रयास किया गया।*
- *सत्संगकर्ता और भीड़ को बिना सुरक्षा प्रबंध के आपस में मिलने की छूट दी गई। भारी भीड़ के दृष्टिगत यहां किसी प्रकार की बैरिकेडिंग अथवा पैसेज की व्यवस्था नहीं बनाई गई थी।*

### सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई

## याचिका सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाथरस भगदड़ मामले की जांच की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की तारीख दे दी है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बताया कि उन्होंने सोमवार को याचिका को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश के हाथरस में दो जुलाई को भोले बाबा के सत्संग में भगड़द मच गई, जिसमें 121 लोगों की मौत हो गई। भगदड़ की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति की नियुक्ति की मांग की गई है।याचिका में उत्तर प्रदेश सरकार को दो जुलाई को घटना पर एक रिपोर्ट तैयार करने और अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही के लिए कार्रवाई शुरू करने की मांग की गई है। 2.5 लाख से भी अधिक श्रद्धालु दो जुलाई को हाथरस जिले का फुलरई गांव में भोले बाबा के सत्संग में शामिल हुए थे।

### भोले बाबा' पर कसेगा शिकंजा!

## 20 ढोंगी संत भी होंगे ब्लैक लिस्ट



हाथरस कांड से सुर्खियों में छाए नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा समेत 20 ढोंगी बाबाओं को ब्लैक लिस्ट करेगा। सभी 13 अखाड़ों के बीच इसकी सहमति बन चुकी है। कुंभ मेला प्रशासन के साथ 18 जुलाई को होने जा रही बैठक में अखाड़ा परिषद की ओर से इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। मेला अधिकारी को कहा जाएगा कि इन ढोंगी स्वयंभू बाबाओं को मेले में बसने में भूमि और सुविधाएं न दी जाएं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के मुताबिक भोली भाली जनता को भ्रमित कर अपने भक्तिजाल में फंसाने वाले तरह-तरह के रूपों वाले पाखंडी बाबाओं की सूची अखाड़ा परिषद ने तैयार कर ली है।

---

### वर्ली हिट एंड रन केस में सुनवाई

# मुंबई पुलिस ने कसा शिकंजा मुख्य आरोपी मिहिर गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई पुलिस ने वर्ली हिट एंड रन मामले के मुख्य आरोपी मिहिर शाह को गिरफ्तार कर लिया है। मिहिर शाह घटना के बाद से फरार था।

इस मामले में आरोपी के पिता राजेश को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। मुंबई पुलिस ने मंगलवार को स्थानीय अदालत को बताया कि मुख्य आरोपी मिहिर शाह (24 वर्ष) घटना के समय कथित तौर पर कार चला रहा था। आरोपी ने महिला को डेढ़ किलोमीटर घसीटने के बाद ड्राइवर को गाड़ी चलाने के लिए दे दिया था।ड्राइवर राजऋषि राजेंद्रसिंह बीदावत ने बीएमडब्ल्यू कार को रिवर्स किया और दूसरी बार महिला को कुचल दिया।

#### सीसीटीवी फुटेज भी कोर्ट में पेश किया

मिहिर शिव सेना (शिंदे गुट) के पालघर इकाई के नेता राजेश शाह का बेटा है। मुंबई पुलिस ने बताया कि घटना के बाद राजेश ने अपने बेटे को मौके से भागने के लिए कहा था। उन्होंने ड्राइवर को जिम्मेदारी लेने की हिदायत भी दी थी। पुलिस ने अदालत में एक सीसीटीवी फुटेज भी पेश किया था जिसमें पीड़िता कावेरी को कार से 1.5 किमी तक घसीटते हुए दिखाया गया था। फुटेज में दिख रहा है कि मिहिर और ड्राइवर ने महिला को बोनट से खींचकर सड़क पर गिरा दिया और फिर बीएमडब्ल्यू को रिवर्स करते हुए उसे फिर से

#### कावेरी की हो चुकी मौत

रविवार को मुंबई के वर्ली इलाके में हिट-एंड-रन घटना में कावेरी नखवा की मौत हो गई। उनके पति प्रदीप नखवा के अनुसार यह हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ जब वे मछली खरीदकर घर लौट रहे थे। उन्होंने कहा था कि तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे कावेरी सीजे हाउस से सी लिंक रोड तक घसीटती चली गई जिससे उसकी मौत हो गई। नखवा ने आरोप लगाया था कि मिहिर को एक राजनीतिक नेता के बेटे के रूप में उनके संबंधों के कारण गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है।

---

राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में छात्रों को किया संबोधित

# बड़े संस्थानों में स्टेम विषयों में बेटियों की भागीदारी बढ़ रही

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च के दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी बेटियां आदित्य एल-वन और चंद्रयान-3 जैसे प्रतिष्ठित साइंस मिशन का नेतृत्व कर रही हैं।

उच्च शिक्षण संस्थानों में स्टेम विषयों में अब बेटियों की भागीदारी 40 प्रतिशत से अधिक है। उपाधि, पदक एवं पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या छात्रों के मुकाबले कम है। उन्होंने बेटों-बेटियों के बीच असमानता की स्थिति दूर होने की आशा जताई।

छात्रों के मुकाबले छात्राओं की भागीदारी अभी 40 फीसदी



#### विज्ञान की तार्किकता और संस्कार अहम


*मुर्मू ने कहा कि विज्ञान की तार्किकता और परंपरा के संस्कारों को समन्वित करके आप आगे बढ़ रहे हैं। नाइसर के प्रतीक चिह्न में मैथ्स,बायोलॉजी, कैमिस्ट्री तथा फिजिक्स से जुड़े डिजाइन्स के साथ ईशोपनिषद् से लिया गया कथन अंकित है- विद्याऽमृतमश्नुते। विद्या से व्यक्ति को अमृत प्राप्त होता है। सार्थक विद्या एवं ज्ञान वही है, जिसका प्रयोग मानवता की बेहतरी एवं उत्थान के लिए हो। आज रमन इफेक्ट्स प्रासंगिक है और उस वैज्ञानिक सिद्धांत के जरिए सीवी रमन सदैव अमर रहेंगे।*

---

### नाबालिग के होंठ चूमने का मामला

# दलाई लामा पर पॉक्सो के तहत कार्रवाई की मांग, याचिका रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट ने दलाई लामा के खिलाफ एक सात वर्षीय लड़के से छेड़छाड़ करने के आरोप को लेकर दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि जनहित याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता और यह घटना पूर्व नियोजित नहीं थी। अदालत ने कहा घटना पूरी तरह से सार्वजनिक रूप से हुई है। इसमें ये पाया कि नाबालिग बच्चे ने ही दलाई लामा से मिलने और गले लगाने की इच्छा और इरादा व्यक्त किया था। अदालत ने कहा कि प्रतिवादी बच्चे को हंसाने की कोशिश कर रहा था और इसे तिब्बती संस्कृति के संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

---

## बेंगलुरू में चलती बस में आग



**बेंगलुरू।** मंगलवार को हर दिन की तरह बेंगलुरू में बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की पैसेंजर्स से भरी बस डिपो से चली ही थी कि बस ड्राइवर को कुछ जलने की बदबू आई। जब उसने अपने पीछे मुड़कर सवारियों से भरी बस में पीछे देखा तो वो हैरान हो गया। आग की लपटें और धुंआ दिख रहा था। ड्राइवर ने बिना कुछ रिसपांस किए बस को तुरंत रोका और सभी यात्रियों को बस नीचे उतरने के लिए कहा।

---

## सुनवाई के दौरान भड़के सीजेआई चंद्रचूड़, नसीहत दी

# कट ऑफ घटा तो गुणवत्ता प्रभावित होगी, पढ़ाई करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय बार परीक्षा के लिए योग्यता अंक (कट-ऑफ) को कम करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया।

इस मामले पर सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अगर परीक्षा के लिए तय कट-ऑफ मार्क्स को कम किया गया तो इससे बार में भर्ती होने वाले वकीलों की गुणवत्ता प्रभावित होगी। वहीं, सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं को और पढ़ने की बात कही।

अपनी टिप्पणियों में मुख्य न्यायाधीश ने नाराजगी के साथ सलाह दी



#### सीजेआई ने यह भी कहा

*बार परीक्षा में कट-ऑफ कम करके सामान्य वर्ग एवं ओबीसी के लिए 40 और एससी-एसटी उके लिए 35 प्रतिशत की मांग की गई थी, जिस पर सीजेआई ने कहा कि सामान्य श्रेणी के लिए 45 और एससी-एसटी के लिए 40 का कट ऑफ रखा गया है। अगर कोई इतना स्कोर नहीं कर सकता तो वह किस तरह का वकील होगा?*

#### वकील को दी नसीहत- बहस के दौरान गरमा-गरमी...

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ भी कुछ टिप्पणी कर देते हैं। अपनी टिप्पणियों में चीफ जस्टिस कई बार वकीलों को नसीहत भी दे जाते हैं। ऐसा ही वाकया सुप्रीम कोर्ट में दिखा। वकील ने किसी अन्य केस का जिक्र किया। जज ने याचिकाकर्ता पर 5लाख का जुर्माना लगा दिया। उन्होंने कहा कि जज यह भी कह रहे थे कि उनकी सनद वगैरह भी ले ली जाएगी। इस पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने उन्हें रोका और एक बड़ी नसीहत दी। उन्होंने कहा कि बहस के वक्त थोड़ा गरमा-गरमीहो जाती है। आपको जजों के ऊपर इस तरह के आरोप नहीं लगाने चाहिए।

### राहुल के खिलाफ याचिका

## जाते हैं या कोर्ट मार्शल बुलाऊं?

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता की बहाली को चुनौती देने वाली याचिका दायर करने वाले लखनऊ के वकील अशोक पांडे को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने उन पर लगाए गए जुर्माने को वापस लेने से इनकार कर दिया। जनवरी में उनकी अर्जी खारिज करते हुए एक लाख का भारी जुर्माना लगाया था। इसके बाद पांडे ने दोबारा सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और अपने जुर्माने को वापस लेने का अनुरोध किया था। जस्टिस बीआर गवई ने पांडे को सख्त लहजे में चेतावनी दे दी। जस्टिस गवई ने दो टूक कहा, इसके बाद आपने एक शब्द भी आगे बोला तो अदालत की अवमानना का मामला दर्ज करेंगे। बाहर निकलें।

---

मंदिर में की पूजा-अर्चना

# रायबरेली स्थित एम्स में राहुल ने मरीजों का हालचाल जाना

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर हैं। मंगलवार को वह करीब 10 बजे रायबरेली पहुंचे और सबसे पहले चुरुआ के हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फिर भुएमऊ गेस्ट हाउस के लिए रवाना हो गए।

यहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और लोगों से मिले। दोपहर को वह रायबरेली के एम्स अस्पताल पहुंचे और यहां पर भर्ती मरीजों से उनका हालचाल लिया। राहुल की भारतीय किसान यूनियन



के नेताओं से भी वार्ता हुई। राहुल को किसान नेताओं ने सड़क मार्ग से वापस आते समय रोक लिया था। राहुल ने किसानों को निराश नहीं किया और समस्याओं को सुना। इसके साथ ही राहुल ने शहीद कर्नल के पारिवार से भी मुलाकात की थी और उन्हें सांत्वना दी और सहयोग करने की बात कही थी।

जबलपुर
बुधवार, 10 जुलाई 2024
- आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-5
- वर्ष : 19, अंक : 71
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 33
न्यून. 25

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

8 बजट के ऐतिहासिक होने की आस



मैट्रो
14 शमीम के कबाड़खानें में विस्फोट को ..

## कार्यसमिति बैठक के बाद हो चुकी इस मुद्दे पर चर्चा...यह दूसरा विस्तार होगा

# 13 जुलाई के बाद फिर हो सकता है मंत्रिमंडल का विस्तार...अब कमलेश शाह बन सकते हैं मंत्री!

अलग खबर

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अमरवाड़ा विधानसभा सीट के लिए हो रहे उप चुनाव के बाद राज्य मंत्रिमंडल का एक और विस्तार हो सकता है। भाजपा की ओर से उप चुनाव लड़ रहे कमलेश शाह यदि जीत गए तो उनको मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना तय माना जा रहा है। राम निवास रावत की तरह कमलेश शाह भी लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे और रावत की ही तरह शाह भी अकेले मंत्री पद की शपथ लेंगे। 13 जुलाई की मतगणना के बाद होने वाले विस्तार में शाह को राज्य मंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा की ओर से शाह को भी मंत्री बनाने का आश्वासन दिया हुआ है। उधर, कांग्रेसियों को मंत्री बनाने पर भाजपा के अंदर असंतोष बढ़ रहा है। वरिष्ठ विधायकों गोपाल भार्गव और अजय विश्नोई ने इस पर अपने-अपने ढंग से प्रतिक्रिया दी है।

### कांग्रेसियों को पार्टी में शामिल कराकर मंत्री बनाने से भाजपा के भीतर बैचेनी बढ़ी

वरिष्ठ विधायकों गोपाल भार्गव और अजय विश्नोई ने नाराजगी जताई



### शाह को भाजपा में लाने में विजयवर्गीय की भूमिका

शाह को भाजपा में लाने में मुख्य भूमिका प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की थी। विजयवर्गीय ने ही शाह की बात भाजपा नेतृत्व से कराई थी। विजयवर्गीय छिंदवाड़ा लोकसभा सीट के चुनाव प्रभारी थे। शाह की गिनती कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के खास लोगों में होती थी। वे मंत्री बनने की शर्त पर ही भाजपा में आए थे। शाह ने भाजपा ज्वॉइन करने के साथ विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

### रावत के साथ इसलिए नहीं हुई शाह की शपथ

शाह को रावत के साथ मंत्री पद की शपथ न दिलाने की वजह अमरवाड़ा का उपचुनाव है। दरअसल, जिस दिन मंत्रिमंडल विस्तार की खबर आई उसी दिन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक भी थी। बैठक खत्म होने के बाद नेताओं के बीच इस मसले को लेकर विचार-विमर्श हुआ। ये बात सामने आई कि चुनाव प्रचार थमने से ठीक पहले यदि शाह को मंत्री बनाया जाता है तो मतदाताओं के बीच गलत संदेश जा सकता है। 10 जुलाई को होने वाले मतदान पर भी इसका असर पड़ सकता है।

### गोपाल बोले- क्या जल्दबाजी थी जो आनन-फानन में रावत को मंत्री बनाना पड़ा?

कांग्रेस से आए नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने से भाजपा के अंदर नाराजगी बढ़ रही है। पार्टी के दो बड़े नेताओं ने इस पर अपने अपने ढंग से सवाल उठाए हैं। लगातार 9 बार से चुनाव जीत रहे भाजपा के वरिष्ठ विधायक पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि मैं 15000 दिन से निरंतर विधायक हूं लेकिन राम निवास रावत को किस मजबूरी में मंत्री बनाया गया समझ से परे है। भार्गव ने कहा कि बीच में कई ऐसे मौके आए कि जब दिग्विजय सिंह सरकार में उन्हें कई तरह के प्रोलोभन दिए गए लेकिन उन्होंने कभी पार्टी नहीं छोड़ी। भार्गव पूछ रहे हैं आखिर ऐसा किसका दबाव था? क्या जल्दबाजी थी जो आनन-फानन में रावत को मंत्री बनाना पड़ा? हमारे पास तो प्रचंड बहुमत था फिर भी ऐसा क्यों किया गया? भाजपा के दूसरे वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि ये समझौते की दोस्ती है।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप


### हरियाणा: भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बने बड़ौली

**चंडीगढ़।** भाजपा ने हरियाणा में मोहन लाल बड़ौली को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। वह राई विधानसभा सीट से विधायक हैं। अब तक नायब सिंह सैनी के पास ही यह जिम्मेदारी थी, जो पिछले दिनों मुख्यमंत्री बन गए थे। इसके बाद से ही प्रदेश अध्यक्ष बदलने की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। राज्य में अक्टूबर महीने में ही चुनाव होना है, इससे पहले ये बदलाव हुआ।



### विराट कोहली के पब पर दर्ज हुई एफआईआर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की बेंगलुरु पुलिस ने रविवार देर रात पब खोले जाने पर कार्रवाई की। इनमें से एक पब क्रिकेटर विराट कोहली के स्वामित्व वाली भी है, जिसका नाम वन8 कम्यून पब है। पुलिस ने जानकारी दी कि 6 जुलाई की रात को पब कथित तौर पर 1:20 बजे तक खुला था, जो कि नियमों के खिलाफ है।



### जमीन विवाद में चले हथियार, 1 की मौत

**गुना।** जिले के बमोरी इलाके में जमीन को लेकर दो परिवार भिड़ गए। 40 बीघा जमीन पर खेती करने का विवाद था। इनमे एक पक्ष के नौ लोग घायल हो गए। एक गंभीर घायल को इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से क्रॉस एफआईआर दर्ज की थी। रविवार शाम की घटना है।



### उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि पहले छात्र संगठनों, समाज के गणमान्य लोगों से सुझाव लेंगे

# सभी सरकारी कॉलेजों व पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में होगा ड्रेस कोड लागू

*ड्रेस कोड लागू होने से सभी सरकारी कॉलेजों तथा पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बाहरी लोगों, असामाजिक तत्वों के प्रवेश को रोका जा सकेगा*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजों व पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में ड्रेस कोड लागू करने जा रही है। इस ड्रेस कोड में छात्रों के लिए एक ही रंग का पैंट-शर्ट तथा छात्राओं के लिए सलवार-कुर्ता होगा।

नियमों के अनुसार सख्ती से पालन कराया जाएगा। ड्रेस कोड लागू होने से सभी सरकारी कॉलेजों तथा पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बाहरी लोगों, असामाजिक तत्वों के प्रवेश को रोका जा सकेगा। इसके लिए छात्र संगठनों व समाज के जागरूक लोगों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

ड्रेस कोड में छात्रों के लिए एक ही रंग का पैंट-शर्ट तथा छात्राओं के लिए सलवार-कुर्ता होगा

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि सभी की सहमति के बाद ही ड्रेस कोड लागू किया जाएगा



### इससे कॉलेजों में अनुशासन बनाने की कोशिश

सरकारी कॉलेजों में एक बार फिर से बाहरी तत्व अड्डा जमाने लगे हैं। इस पर रोक लगाने के लिए ड्रेस कोड लागू करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं रह गया है। सरकार का मानना है कि करोड़ों रुपए की लागत से 55 जिलों में पीएम एक्सीलेंस कॉलेज खोले जा रहे हैं। इसके तहत नई बिल्डिंग व अन्य मूलभूत सुविधाएं देने की कवायद शुरू की गई है। पढ़ाई का माहौल भी पूरी तरह से बदल गया है। ऐसे में ड्रेस कोड होने से छात्र-छात्राओं की आसानी से देख-रेख की जा सकेगी। कॉलेजों में अनुशासन के साथ ही बेपरवाह छात्रों पर अंकुश भी लगाया जा सकेगा। इस बारे में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि ड्रेस कोड लागू करने से पहले छात्र संगठनों, समाज के गणमान्य लोगों से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं।

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के लिए चयन की प्रक्रिया शुरू

प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजों तथा पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्राचार्यो, प्राध्यापकों, सह प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों के चयन के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रिक्त पदों के लिए चयन की विशेष प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राचार्य के लिए प्राध्यापक होना अनिवार्य है। जबकि प्राध्यापक, सह प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक के लिए पीएचडी धारक के साथ ही साथ अन्य अर्हता पूरी करना होगा।

### सरकार भोपाल में खोलेगी डिजिटल विश्वविद्यालय

मप्र का पहला डिजिटल विवि भोपाल में खुलने जा रहा है। इसमें तकनीकी कोर्स मसलन संचालित किए जाएंगे। इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। जल्दी ही कैबिनेट में मंजूरी देकर अमलीजामा पहना दिया जाएगा। डिजिटल विवि का उद्देश्य छात्रों को कहीं भी और कभी भी उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करना है। इसमें वर्चुअल क्लासरूम और वेबिनार्स, छात्रों के लिए वर्चुअल क्लासरूम की व्यवस्था होगी। ई-लर्निंग सामग्री के तहत डिजिटल विवि में पाठ्यक्रम सामग्री ई-बुक्स, वीडियो लेक्चर्स, ऑडियो नोट्स, और अन्य डिजिटल संसाधनों के रूप में उपलब्ध होगी। कुछ विषयों के लिए आभासी लैब्स और सिमुलेशन सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराया जाएगा। यह छात्रों को प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद करेंगे। इससे विज्ञान, इंजीनियरिंग और अन्य तकनीकी विषयों के छात्रों को प्रयोग करने का अवसर मिलता है। डिजिटल विवि में टेक्नोलॉजी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ऑनलाइन प्लेटफार्म्स, मोबाइल ऐप्स, और अन्य डिजिटल टूल्स के माध्यम से छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

### समलैंगिक विवाह के फैसले की समीक्षा

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-खुली अदालत में नहीं,अब चेंबर में होगी सुनवाई



» समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर चुका शीर्ष कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समलैंगिक विवाह को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत ने एक बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, अदालत ने पिछले वर्ष इस मामले में सुनवाई की थी। अदालत ने उस दौरान समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था। अब अदालत का कहना है कि इस मामले में याचिकाओं पर खुले मंच पर सुनवाई नहीं होगी। इससे पहले मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 17 अक्टूबर को समलैंगिक विवाह को कानूनी तौर पर वैधता देने से इनकार कर दिया था।

पांच न्यायाधीशों की पीठ में मुख्य न्यायाधीश के अलावा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत में 10 जुलाई को एक अलग चेंबर में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने वाले फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट में पांच न्यायाधीशों की पीठ ने समलैंगिक मामलों से जुड़ी 21 याचिकाओं पर सुनवाई की।


### विधायी मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकते

वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी और एनके कौल ने अदालत में इस मामले पर जोर डालते हुए अनुरोध किया था कि मुख्य न्यायाधीश को खुले मंच पर याचिकाओं की समीक्षा करनी चाहिए। इसके जवाब में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस मामले में संविधान पीठ द्वारा समीक्षा की जाएगी और इसे चेंबर में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

पीठ ने कहा कि समलैंगिकों के पास वैधानिक प्रावधानों के तहत विवाह करने का हक है। अदालत ने यह भी कहा कि इस तरह की अनुमति सिर्फ कानून के जरिए ही दी जा सकती है और कोर्ट द्वारा विधायी मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।

### परमानंद धाम से गायब हुआ मानसिक दिव्यांग

## अपहरण का केस दर्ज पुलिस तलाश में जुटी




बच्चा रविवार को ही युग पुरुष धाम आश्रम से भेजा गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर के युगपुरुष धाम में मानसिक-शारीरिक दिव्यांग बच्चों के बीमार होने और कुछ की मृत्यु होने के बाद जिन बच्चों को खंडवा रोड स्थित परमानंद आश्रम में स्थानांतरित किया गया था, उनमें से एक 16 वर्षीय आनंद कुमार गायब है। आश्रम संचालिका डॉ अनीता शर्मा की शिकायत के बाद पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार यह किशोर मानसिक रूप से दिव्यांग है, इसलिए आशंका है कि आश्रम के बाहर चले जाने के बाद वह किसी घटना का शिकार भी बन सकता है।

### बीपी बढ़ने और घबराहट की शिकायत

## राज्य मंत्री पवार की बिगड़ी तबीयत, भोपाल में हुए भर्ती



ब्यावरा सिविल अस्पताल से किया रेफर हालत में सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार की मंगलवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें परिजनों और समर्थकों के द्वारा तत्काल ब्यावरा सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों के द्वारा मंत्री नारायण सिंह पवार का चेकअप कर उन्हें उपचार दिया गया। इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मंत्री पवार मंगलवार को रोजाना की तरह अपने निवास पर लोगों की समस्या सुन रहे थे।

### सभी 332 मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम

## अमरवाड़ा में मतदान आज सुबह 7 बजे से भाजपा और कांग्रेस के बीच ही 'मुकाबला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा उप चुनाव में बुधवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच में मतदान होगा। शांतिपूर्ण मतदान के लिए चुनाव आयोग ने सभी तरह के तैयारियां की हैं। काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी 332 मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेसके बीच है।

भाजपा के कमलेश शाह व कांग्रेस धीरन शाह हैं चुनावी मैदान में



### सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर भी वोटिंग

**नई दिल्ली।** मप्र की अमरवाड़ा सीट सहित देश में अब अलग-अलग राज्यों की तेरह विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई को उपचुनाव है। इसमें बिहार की एक, बंगाल की 4, तमिलनाडु की 1, उत्तराखंड की 2, पंजाब की 1, हिमाचल की 3 सीटों पर मतदान होगा। इन सीटों पर उपचुनाव का नोटिफिकेशन 14 जून को जारी हुआ था। नामांकन की आखिरी तारीख 21 जून थी।

### वाटर टैंक से मिले दो सगे भाइयों के शव

## पास में पड़ी मिली पेट्रोल की कैन, इसकी गैस से दम घुटने की जताई गई आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर

सीहोर जिले के इछावर तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव बोरदीकला में मंगलवार की सुबह दो सगे भाइयों की लाशें उन्हीं के घर में बने वाटरटैंक में संदिग्ध हालात में मिली है। खबर मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस को टैंक के समीप पैट्रोल की एक केन मिली। पुलिस ने शवों को टेंक से बाहर निकालकर पीएम के लिए इछावर भेजा। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। संदिग्ध होने के कारण फिलहाल पुलिस कुछ भी स्पष्ट कहने से बच रही है। गांव बोरदी कलां में सीमेंट की दुकान का संचालन करने वाले दो सगे भाइयों के शव मंगलवार सुबह उनके घर के अंदर बने पानी के टैंक में संदिग्ध हालात में मिले। मौके पर पहुंची पुलिस को टैंक के पास पेट्रोल की केन मिली है। घटना को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई कयास लगाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार मृतक राहुल जयसवाल उम्र 28 वर्ष एव उनका छोटा भाई गोलू पिता विष्णु जयसवाल (25) के शव उनके भाई पंकज और नरेंद्र को वाटरटैंक में पड़े हुए दिखाई दिए।



■ सीसीटीवी कैमरे में टैंक के अंदर जाते दिखे दोनों भाई एसएफएल टीम मौके पर

### सुप्रीम कोर्ट को याद दिलाना पड़ा कानून का बदलाव, आरोपी को दी राहत

शीर्ष कोर्ट की पीठ पोक्सो एक्ट के तहत एक मामले में आरोपी को बरी करने के खिलाफ मध्य प्रदेश सरकार की अपील पर सुनवाई कर रही थी। शीर्ष अदालत ने मप्र सरकार की याचिका खारिज कर दी

## सहमति से सेक्स करने की उम्र अब 16 साल नहीं, बल्कि... 18 साल

*न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि वर्ष 2012 में भारत में सहमति से विवाह करने की आयु सीमा को 16 वर्ष से बढ़ाकर 18 वर्ष कर दिया गया था, जिसके बाद पोक्सो अधिनियम लागू हुआ*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लड़का और लड़की के बीच सहमति से सेक्स संबंध बनाने की उम्र को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बेहद अहम टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकतर लोगों को ये बात पता ही नहीं है कि देश में सहमति से सेक्स संबंध बनाने की उम्र अब 16 साल नहीं बल्कि 18 साल है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार की पीठ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) के तहत एक मामले में आरोपी को बरी करने के खिलाफ मध्य प्रदेश सरकार की अपील पर सुनवाई कर रही थी।



### अक्सर पुरुष साथी के खिलाफ चलाया जाता है मुकदमा

सहमति से सेक्स संबंध बनाने वाली लड़कियों से जुड़े पोक्सो मामलों में जब मुकदमे की कार्यवाही शुरू होती है तो कई समस्याएं आती हैं जिन्हें न्यायपालिका के कई सदस्यों द्वारा चिन्हित भी किया गया है। क्योंकि, युवा लड़कियों द्वारा सहमति से बनाए गए रोमांटिक और यौन संबंधों के कारण अक्सर पुरुष साथी के खिलाफ मुकदमा चलाया जाता है।

### मप्र सरकार ने 16 वर्ष करने का आग्रह किया था

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष केंद्र सरकार से यौन संबंध के लिए सहमति की आयु को घटाकर 16 वर्ष करने का आग्रह किया था, ताकि सहमति से यौन संबंध बनाने वाले किशोरों के साथ हो रहे अन्याय का निवारण किया जा सके।

# भारत के स्पेस स्टेशन में रह पाएंगे अधिकतम 6 एस्ट्रोनॉट्स

*भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का लेटेस्ट डिजाइन अब सबके सामने आ चुका है। भारत का यह स्पेस स्टेशन कुल मिलाकर 52 टन के करीब होगा। यह 27 मीटर लंबा यानी 88.58 फीट और 20 मीटर चौड़ा यानी 65.61 फीट का होगा।*


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्पेस स्टेशन में आमतौर पर 3 से 4 एस्ट्रोनॉट्स रहेंगे लेकिन जरूरत पड़ने पर यह अधिकतम 6 एस्ट्रोनॉट्स को रख पाएगा। पहले इसका वजन 25 टन था. इसमें सिर्फ 3 एस्ट्रोनॉट्स रह सकते थे, वो भी सिर्फ 15 से 20 दिन के लिए। लेकिन नए डिजाइन में स्पेस स्टेशन को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से भी बेहतर बनाया जा रहा है। इसरो की प्लानिंग है कि भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन 2035 से ऑपरेशनल हो जाए। इस स्पेस स्टेशन में नए प्रकार का यूनिवर्सल डॉकिंग और बर्थिंग सिस्टम लगाया जाएगा। ताकि जरूरत पड़ने पर दूसरे देशों के स्पेसक्राफ्ट इसके साथ जुड़ सकें. रोल आउट सोलर ऐरे (रोसा) होगा। जो जरूरत पड़ने पर फोल्ड किया जा सके, ताकि इसे अंतरिक्ष के कचरे से टकराने से बचाया जा सके।

## भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का नया डिजाइन आया सामने

### 400-450 किमी की ऊंचाई पर लगाएगा चक्कर

स्टेशन पर प्रोपेलेंट रीफ्यूलिंग और सर्विसिंग की व्यवस्था होगी। नए तरह के एवियोनिक्स और कम्यूनिकेशन सिस्टम लगाए जाएंगे। साथ ही इनर्शियल कंट्रोल सिस्टम होगा। यह स्पेस स्टेशन धरती से ऊपर 400 से 450 किलोमीटर के ऑर्बिट में चक्कर लगाएगा। ऊंचाई में इतना गैप इसलिए रखा गया है ताकि स्पेस में आने वाले पत्थरों, कचरों और उल्कापिंडों से टकराने की नौबत में इसे ऊपर नीचे किया जा सके।




### अमेरिकी स्पेस स्टेशन जाएंगे भारतीय एस्ट्रोनॉट

पिछले साल ही अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा प्रमुख बिल नेल्सन भारत दौरे पर आए थे। उस दौरान उन्होंने भी कहा था कि भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने में अमेरिका और नासा दोनों मदद करने को तैयार हैं। बिल नेल्सन ने कहा कि अमेरिका और भारत मिलकर यह योजना बना रहे हैं कि 1-2 साल में भारतीय एस्ट्रोनॉट को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजा जाए।

**भारत तय करेगा अपने एस्ट्रोनॉट्स :** बिल नेल्सन ने कहा कि कौन सा भारतीय एस्ट्रोनॉट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएगा, यह तय करना भारतीय स्पेस एजेंसी यानी इसरो का काम होगा। उसमें हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे। बिल नेल्सन ने इसके लिए जितेंद्र सिंह को कहा कि आप इस प्रोग्राम को आगे बढ़ाइए, ताकि भारतीय एस्ट्रोनॉट को अमेरिकी रॉकेट में स्पेस स्टेशन भेज सकें।

### भारतीय स्पेस स्टेशन में मदद करेगा नासा

बिल नेल्सन ने कहा कि भारत के पास 2040 तक अपना स्पेस स्टेशन होगा। लेकिन संभावना है कि यह काम इससे काफी पहले पूरा हो जाए। यह एक कॉमर्शियल स्पेस स्टेशन होगा। अगर भारत चाहेगा तो अमेरिका और नासा उनकी मदद के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन यह फैसला भारत को लेना होगा। इसरो का साल 2035 तक भारतीय स्पेस स्टेशन बनाने और 2040 तक चांद पर भारतीय एस्ट्रोनॉट को पहुंचाने का लक्ष्य है। इसरो इस समय अमेरिका की प्रमुख स्पेस कंपनियां जैसे- बोईंग, ब्लू ओरिजिन और वॉयजर से भी बातचीत कर रही है। ताकि खास तरह की जरूरतों को इनकी मदद से पूरा किया जा सके। साथ ही भारतीय प्राइवेट स्पेस कंपनियों या एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर सकें।

## खबर संक्षेप

### गरीबों से उनका हक छीन रही हरियाणा सरकार : सैलजा



**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** सांसद कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया है कि भाजपा की हरियाणा सरकार गरीबों से उनका हक छीनने की हर संभव कोशिश में जुटी है। इसलिए एक ही झटके में करीब 1300 डिपो संचालकों के लाइसेंस को रद्द कर दिया। ऐसा होने से राशन कार्ड धारकों के सामने तेल-अनाज का इंतजाम करना चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा है कि एक साथ इतने लाइसेंस रद्द होने से लाखों गरीबों के सामने राशन को लेकर संकट खड़ा होने लगा है।

### बीएमडब्ल्यू केस : शिवसेना नेता को मिली जमानत



**मुंबई।** मुंबई के बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन केस में आरोपी राजेश शाह को जमानत मिल गई है। सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए स्थानीय सेवरी कोर्ट ने शिवसेना (शिंदे गुट) नेता की बेल मंजूर कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, अदालत ने 15,000 रुपये की अनंतिम नकद राशि जमा करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि राजेश शाह आरोपी मिहिर शाह के पिता हैं।

### 'उद्धव से टूट चुका है गठबंधन : अंबेडकर



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के लिए राजनीतिक तौर पर कुछ भी बेहतर होता नहीं दिखाई दे रहा है। वंचित बहुजन अघाड़ी के प्रमुख प्रकाश अंबेडकर ने 7 जुलाई को कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ उनका गठबंधन टूट गया है। इससे पहले प्रकाश अंबेडकर ने इंडिया गठबंधन से भी अपना नाता तोड़ लिया था।

**सैटेलाइट तस्वीरों ने खोले राज**

### झील के आसपास के इलाके में खुदाई कर रहा है ड्रैगन

# लद्दाख में पैंगोंग झील से सटे इलाके में चीन बना रहा बंकर

*पड़ोसी मुल्क चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन दिन पर दिन पूर्वी लद्दाख में अपनी पैठ को मजबूत करने में लगा हुआ है। चीन की सेना पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के आसपास के क्षेत्र में लंबे समय से खुदाई भी कर रही है। एक नई सैटेलाइट तस्वीर ने चीन की गुस्ताखी से पर्दा उठा दिया है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि चीन पैंगोंग त्सो में 2020 के संघर्ष बिंदु से सिर्फ 17 किलोमीटर दूर बैरकों और दोहरे उपयोग वाले सैन्य गांवों के आसपास अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। ड्रैगन जिस इलाके में अपनी स्थिति को मजबूत करने में लगा हुआ है उसी इलाके में चीनी सेना यानी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) एक मिलिट्री बेस भी हैं। दावा किया जाता है कि मिलिट्री बेस में चीन की सेना अंडरग्राउंड बंकर बना रखी है। इन बंकर का इस्तेमाल हथियार रखने, ईंधन और बख्तरबंद वाहनों के लिए समय आने पर शेल्टर्स को स्टोर किया जा सके। ये भी सच है कि यह पहला मौका नहीं है जब पैंगोंग झील के पास चीन की गतिविधि बढ़ी है।




### 2020 से बरकार है तनाव

एलएसी पर चीन और भारत के बीच तनाव 2020 से ही बरकरार है। पैंगोंग झील के एक तरफ भारत की फौज है तो दूसरी तरफ चीन की पीएलए आर्मी तैनात है। गतिरोध को खत्म करने के लिए सैन्य स्तर पर कई दफे की बातचीत भी हो चुकी है, लेकिन दोनों देशों के बीच बात अभी तक बन नहीं पाई है।

### मिलिट्री बेस पर अंडरग्राउंड बंकर भी मौजूद

सैटेलाइट की तस्वीरों से पता चला है कि सिरजाप मिलिट्री बेस पर अंडरग्राउंड बंकर मौजूद हैं। इनका इस्तेमाल हथियार, ईंधन और अन्य सप्लाई को रखने के लिए हो रहा है। सिरजाप बेस को 2021-22 में बनाया गया था। पिछले कुछ सालों से चीन ने लगातार सीमा पर खुद को मजबूत करने का काम किया है। उसने एलएसी के दूसरी ओर सड़कें भी बनाई हैं। 30 मई को खींची गई एक तस्वीर में एक बड़े अंडरग्राउंड बंकर के आठ एंट्री गेट साफ तौर पर नजर आ रहे हैं। बंकर के करीब ही एक छोटा सा बंकर भी नजर आ रहा है। एंट्री के लिए कुछ पांच गेट दिखाई दे रहे हैं। हेडक्वार्टर के लिए कई बड़ी इमारतों के अलावा मिलिट्री बेस में कठोर शेल्टर्स या कहें कवर पार्किंग भी मौजूद है। इन शेल्टर्स की जरूरत सेना के वाहनों को एयर स्ट्राइक से बचाने के लिए किया जाता है।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सरकार पर बोला हमला



सैटेलाइट तस्वीर पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि चीन एलएसी पर बॉर्डर की जो स्थिति है, उस पर देश को विश्वास में लिया जाए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जो क्षेत्र मई 2020 तक भारत के कब्जे में था, वहां चीन अपने सैन्य अड्डे कैसे स्थापित कर सकता है? खड़गे ने कहा कि चीन पैंगोंग त्सो के पास उस जमीन पर सैन्य अड्डा कैसे बना सकता है, जो मई 2020 तक भारत के कब्जे में था? वो भी तब जब हम गलवान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'क्लीन चिट' के पांचवें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, जहां (गलवान) हमारे बहादुर सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया, चीन हमारी क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करना जारी रख रहा है।

# केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने जारी किया बीफ के ट्रांसपोर्ट का पास, मचा बवाल

**महुआ मोइत्रा ने वीडियो शेयर कर बोला हमला**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर से टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री अपने लेटर हेड पर बीफ के साथ स्मगलर्स को बांग्लादेश बार्डर पार कराने का लेटर जारी कर रहे हैं। महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया पर लेटर हेड की फोटो भी शेयर की है। टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा ने लिखा कि केंद्रीय मंत्री अपने ऑफिशियल लेटरहेड पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की 85वीं बटालियन को पास जारी करने के लिए लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पास इंडो बांग्ला बार्डर पर स्मगलर्स के लिए है। इसमें तीन किलो बीफ ले जाने की अनुमति है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि लेटरहेड में जिस शख्स को इजाजत देने की बात कही जा रही है उसका नाम जैरूल गाजी है। एड्रेस वाली जगह पर हकीमपुर का नाम लिखा हुआ है। उस शख्स का आधार नंबर भी लिखा गया है। मोइत्रा ने कहा कि उस पर केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर के साइन और मुहर भी है।

### ठाकुर की सफाई

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स पर आरोप लगाते हुए कहा कि इलाके में 85 बटालियन तृणमूल कांग्रेस के साथ में मिली हुई है। ऐसे में भेदभाव किया जा रहा है और टीएमसी से जुड़े लोगों को राजनीतिक छाया मिल रही है। इस इलाके में बैलेंस बनाए रखने के लिए मैंने यह पास जारी किए हैं।

**रूस ने राजधानी कीव को बनाया निशाना, कई लाशें मलबे में दबीं**

# यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल पर मिसाइल अटैक, 24 की मौत

एजेंसी ▶▶| कीव



रूस और यूक्रेन के बीच जंग को दो साल से अधिक का वक्त हो गया है लेकिन, नतीजा अभी तक नहीं निकल पाया। रूसी सेना लगातार यूक्रेनी शहरों को तबाह कर रही है। सोमवार को रूसी सेना का कहर यूक्रेन की राजधानी कीव के कई इलाकों पर बरपा। दर्जनों मिसाइल हमलों में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। रूसी सेना ने कीव में बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला बोला। इससे अस्पताल मलबे में तब्दील हो गया है। कई लाशें अभी भी मलबे में दबी हैं। जिन्हें निकालने के लिए राहत-बचाव कार्य जारी है। अधिकारियों का कहना है कि मलबे में जिंदगी की तलाश की जा रही है।

### पांच शहरों में 40 से अधिक मिसाइलों से हमला

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने विभिन्न प्रकार की 40 से अधिक मिसाइलों से पांच शहरों को निशाना बनाया। अधिकारियों ने कहा कि रूस ने सोमवार को यूक्रेन भर के शहरों पर दर्जनों मिसाइलें दागीं, जिसमें कम से कम 24 लोग मारे गए। शुरुआती हमलों के कुछ घंटों बाद यूक्रेनी शहरों में सायरन की आवाज सुनाई दे रही थी, जिससे लोगों को अपनी जान बचाने के लिए शेल्टरों का आश्रय लेना पड़ा। बता दें कि रूस का यह हमला तब हुआ है जब जेलेंस्की ने वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन में जाने से पहले वारसॉ का दौरा किया।

**ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने दिया झटका**

# जारी रहेगी संदेशखाली की सीबीआई जांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



संदेशखाली में मामले की जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट से ममता सरकार को तगड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने सीबीआई जांच के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया और पूछा कि राज्य सरकार को इस मामले में दिलचस्पी क्यों है? आखिरकार राज्य सरकार किसी को बचाना क्यों चहती है? इससे पहले 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्य सरकार किसी व्यक्ति के हित की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख कैसे कर सकती है? संदेशखाली में जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के मामले में सीबीआई जांच के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने सीबीआई जांच का आदेश दिया था। हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

### आरोपी की निजी जिंदगी में ताकझांक की इजाजत नहीं

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि जमानत की ऐसी कोई शर्त नहीं हो सकती जो पुलिस को किसी आपराधिक मामले के आरोपी की निजी जिंदगी में ताकझांक की इजाजत दे। सुको ने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा जमानत के एक मामले में लगाई गई शर्त को खारिज कर दिया जिसमें नाइजीरियाई नागरिक को अपने मोबाइल फोन की 'गूगल मैप्स' पिन जांच अधिकारी के साथ साझा करने को कहा गया था।

### पीसीबी ने दी कर्स्टन और गिलेस्पी को खुली छूट

**लाहौर।** टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी को टीम की किस्मत बदलने के लिए खुली छूट दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए विश्व कप के ग्रुप चरण में अमेरिका की नई नवेली टीम के अलावा भारत से हारकर सुपर आठ चरण में जगह बनाने में नाकाम रहा था।

**दुनिया को 30 साल में चाहिए 50 हजार से अधिक कॅमर्शियल शिप**

# अब जहाज भी बनाएंगे गौतम अडाणी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडाणी अब जहाज निर्माण यानी शिपबिल्डिंग में उतरने की योजना बना रहे हैं। गुजरात के मुंद्रा में अडाणी ग्रुप के फ्लैगशिप पोर्ट पर जहाज बनाने का काम शुरू हो सकता है। इसकी वजह यह है कि चीन, जापान और दक्षिण कोरिया में अधिकांश यार्ड कम से कम 2028 तक पूरी तरह बुक हैं। यही वजह है कि दुनिया में जहाज ऑपरेट करने वाली बड़ी कंपनियों को शिपबिल्डिंग के लिए वैकल्पिक जगहों की तलाश है। इनमें भारत भी शामिल है। इस मौके का फायदा उठाने के लिए अडानी ग्रुप शिपबिल्डिंग में उतरने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। अडाणी ग्रुप देश का सबसे बड़ा पोर्ट ऑपरेटर है।

मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 में भारत को शीर्ष 10 शिपबिल्डर बनाने और मैरीटाइम अमृत काल विजन में 2047 तक शीर्ष पांच में शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। अडाणी ग्रुप का प्लान देश की इस योजना में फिट बैठता है।


दुनिया में कमर्शियल शिपबिल्डिंग मार्केट में भारत की हिस्सेदारी महज 0.05 फीसदी है। दुनिया में कॅमर्शियल जहाज बनाने वाले देशों की लिस्ट में भारत 20वें स्थान पर है। देश की कुल विदेशी माल-ढुलाई आवश्यकताओं में भारतीय स्वामित्व वाले और भारतीय झंडे वाले जहाजों का हिस्सा लगभग 5 फीसदी है। अडाणी की जहाज निर्माण योजना को मुंद्रा बंदरगाह के लिए 45,000 करोड़ रुपए की विस्तार योजना में शामिल कर लिया गया है। इस योजना को

### 62 अरब डॉलर का मार्केट

अडाणी ग्रुप ऐसे समय जहाज निर्माण में उतरने की तैयारी कर रहा है जब ग्लोबल शिपिंग इंडस्ट्री डीकार्बनाइजेशन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए धीरे-धीरे ग्रीन शिप की ओर बढ़ रही है। एक अनुमान के अनुसार मौजूदा बेड़े को बदलने के लिए अगले 30 वर्षों में 50,000 से अधिक जहाजों का निर्माण किया जाना है। अडाणी ग्रुप ने इस बारे में भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं दिया। केपीएमजी की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2047 तक भारत का कमर्शियल शिपबिल्डिंग मार्केट 62 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। साथ ही इससे जुड़े सहायक उद्योग के 37 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इससे 1.2 करोड़ लोगों को नौकरी मिलने की उम्मीद है।

**वामपंथी गठबंधन ने धुर-दक्षिणपंथी दलों से ज्यादा सीटें जीतीं**

# फ्रांस में त्रिशंकु संसद के आसार, किसी दल को नहीं मिला बहुमत




एजेंसी ▶▶| पेरिस

फ्रांस में हुए संसदीय चुनाव में वामपंथी गठबंधन ने रविवार को धुर-दक्षिणपंथी दलों को शिकस्त देते हुए सबसे ज्यादा सीटें जीतीं। हालांकि, वह बहुमत हासिल करने में नाकाम रहा, जिससे देश में राजनीतिक संकट गहराने के साथ ही त्रिशंकु संसद की आशंका बढ़ गई है। फ्रांस में राजनीतिक उथल-पुथल से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है और यूक्रेन में युद्ध, वैश्विक कूटनीति तथा यूरोप की आर्थिक स्थिरता पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। फ्रांस की संसद का कार्यकाल 2027 में खत्म होना था, लेकिन यूरोपीय संघ में नौ जून को बड़ी हार मिलने के बाद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने समय से पहले संसद भंग कर बड़ा दांव खेला था। उन्होंने कहा था कि एक बार फिर मतदाताओं के बीच जाने से स्थिति 'स्पष्ट' होगी। हालांकि, उनका यह दांव लगभग हर पड़ाव पर उल्टा पड़ता दिखा है।

### दूसरे स्थान पर रहा मैंक्रो का दल

सोमवार को जारी आधिकारिक नतीजों के मुताबिक, संसदीय चुनाव में तीनों प्रमुख गठबंधन में से कोई भी 577 सदस्यीय नेशनल असेंबली में बहुमत के लिए जरूरी 289 सीटों का जादुई आंकड़ा नहीं हासिल कर सका। नतीजों के अनुसार, वामपंथी गठबंधन 'न्यू पॉपुलर फ्रंट' 180 से अधिक सीटों पर जीत के साथ पहले स्थान पर रहा, जबकि मैक्रों नीत मध्यमार्गी गठबंधन के खाते में 160 से ज्यादा सीटें गईं और वह दूसरे स्थान पर रहा। वहीं, मरीन ले पेन के नेतृत्व वाली धुर-दक्षिणपंथी पार्टी 'नेशनल रैली' और उसके सहयोगी दलों को 140 से अधिक सीटों पर जीत के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

# रिलायंस रिटेल मार्केट में मचाएगी धमाल डेकाथलॉन को टक्कर देंगे मुकेश अंबानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुकेश अंबानी का रिलायंस रिटेल एक स्पोर्ट्स स्टोर लांच करने की योजना बना रहा है। इसके जरिए कंपनी कोविड-19 के बाद तेजी से बढ़ते एथलीजर मार्केट में टार्गेट करेगी। इसके जरिए कंपनी फ्रांसीसी स्पोर्ट्स रिटेलर डेकाथलॉन को टक्कर देगी। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी नए स्टोर के लिए बड़े शहरों के मॉल और रोड के किनारे 8 हजार से 10 हजार स्क्वायर फीट की जगह किराए पर लेने के लिए बातचीत कर रही है।

### दो सालों में प्रमुख स्पोर्ट्स ब्रांड्स की बिक्री में आया उछाल

फिटनेस के बारे में बढ़ती जागरूकता और एथलेटिक वियर की बढ़ती मांग के कारण पिछले दो सालों में प्रमुख स्पोर्ट्स ब्रांड्स की बिक्री में उछाल आया है।रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज से मिली एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, प्यूमा, डेकाथलॉन, एडिडास, स्केचर्स और एसिक्स जैसे ब्रांड्स ने वित्त वर्ष 21 से लेकर अब तक साल दर साल 35-60 फीसदी की ग्रोथ हासिल की है। वित्त वर्ष 23 में इन कंपनियों का संयुक्त रेवेन्यू11,617 करोड़ रहा।

### वित्त वर्ष 23 में डेकाथलॉन को 3,955 करोड़ का रेवन्यू

रिलायंस ऐसी जगह की तलाश कर रही है जिसे मॉल के बाहर तक बढ़ाया जा सके, जहां एक खेल का मैदान भी हो। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज से मिली एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार वित्त वर्ष 23 में डेकाथलॉन को 3,955 करोड़ रुपए का रेवेन्यू हुआ है, जो वित्त वर्ष में 2,936 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 21 में 2,079 करोड़ रुपए था।

### स्पोर्ट्सवियर कंपनियों के लिए तेजी से बढ़ते मार्केट में से एक है भारत

1.4 बिलियन की आबादी के साथ भारत स्पोर्ट्सवियर और फुटवियर कंपनियों के लिए तेजी से बढ़ते मार्केट और बड़े इंटरनेशनल मार्केट में से एक है। ज्यादातर ग्लोबल ब्रांड भारत में दो दशकों से से ज्यादा समय से मौजूद हैं, जो क्रिकेट और अन्य स्पोर्ट्स एक्टिविटीज के साथ पार्टनरशिप करके अपने प्रोडक्ट को बेच रहे हैं।

**कोर्ट ने कहा- हमारे निर्णय से महिलाओं के अवसर हो सकते हैं कम**

# मासिक धर्म अवकाश पर मॉडल नीति तैयार करे केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**खास खबर**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श कर महिला कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म अवकाश पर एक मॉडल नीति तैयार करे। प्रधान न्यायाधीश की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा नीति से संबंधित है और अदालतों के विचार करने के लिए नहीं है। महिलाओं को ऐसी छुट्टी देने के संबंध में अदालत का निर्णय प्रतिकूल और 'हानिकारक' साबित हो सकता है, क्योंकि नियोक्ता उन्हें काम पर रखने से परहेज कर सकते हैं।

### महिलाओं पर पड़ सकता है नकारात्मक प्रभाव

अदालत ने याचिकाकर्ता से पूछा कि अवकाश अधिक महिलाओं को कार्यबल का हिस्सा बनने के लिए कैसे प्रोत्साहित करेगी। साथ ही पीठ ने कहा कि इस तरह की छुट्टी अनिवार्य करने से महिलाओं को कार्यबल से दूर किया जा सकेगा। हम ऐसा नहीं चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, यह वास्तव में सरकार की नीति का पहलू है। इस पर अदालतों को गौर करने की जरूरत नहीं है।'



### राज्य उठा सकते हैं कदम

*शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि अगर राज्य इस संबंध में कोई कदम उठाते हैं, तो केंद्र की परामर्श प्रक्रिया उनके रास्ते में नहीं आएगी। न्यायालय ने इससे पहले देशभर में छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को मासिक धर्म अवकाश देने का अनुरोध करने वाली याचिका का निपटारा कर दिया था।*

### याचिकर्ता को सचिव के पास जाने की इजाजत

*हालांकि, पीठ ने याचिकाकर्ता और वकील शैलेंद्र त्रिपाठी की तरफ से पेश वकील राकेश खन्ना को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव तथा अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी के पास जाने की अनुमति दे दी। पीठ ने निर्देश दिया, हम सचिव से अनुरोध करते हैं कि वह इस मामले पर नीतिगत स्तर पर विचार करें और सभी हितधारकों से परामर्श करने के बाद निर्णय लें तथा देखें कि क्या एक मॉडल नीति बनाई जा सकती है।*



### सूर्यकुमार पत्नी संग उडुपी मंदिर पहुंचे

**उडुपी।** भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पत्नी दिविशा शेट्टी के साथ मंगलवार को उडुपी जिले के कापू मारिगुडी मंदिर गए और टी20 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर विशेष पूजा की। सूर्यकुमार और दिविशा सोमवार को मेंगलुरु पहुंचे थे। उन्होंने हवाई अड्डे पर ही केक काटकर अपनी शादी की आठवीं सालगिरह मनाई थी। दिविशा मूल रूप से दक्षिण कन्नड़ के तटीय क्षेत्र की रहने वाली है। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार दिविशा ने भारत के टी20 विश्व कप जीतने पर अपने पति के साथ कापू मारिगुडी मंदिर जाने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार और दिविशा ने देवी कापू मरियम्मा को चमेली के फूलों की माला चढ़ाई और परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा।

# जलसंकट और कचरा कलेक्शन पर निगम सदन में नारेबाजी, हंगामा

## बजट बैठक में पक्ष विपक्ष में तीखी तकरार, कांग्रेस पार्षदों ने पोस्टर लहराए

**हरिभूमि, जबलपुर।**

नगर निगम की बजट बैठक काफी हंगामेदार रही। बैठक की शुरुआत में ही विपक्ष ने शहर में ठप्प पड़ी डोर-टू-डोर व्यवस्था और जल संकट पर सदन में जमकर नारेबाजी की। विपक्षी पार्षद एक पोस्टर लेकर सदन में पहुंचे थे जिसमें महापौर की तस्वीर थी और मुंह में टेप लगा हुआ था। इस पोस्टर में लिखा था "महापौर मौन, कचरा उठायेगा कौन" इस पोस्टर को लेकर विपक्ष ने खूब नारेबाजी की और महापौर पर निष्क्रियता का आरोप लगाया। इसके बाद सत्ता पक्ष भाजपा की ओर से जवाब में भी नारेबाजी शुरु कर दी। सदन में हो-हंगामा बढ़ते देख, अध्यक्ष Eरिकुज बिज ने सदन को 10 मिनिट के लिए स्थिगित कर दिया। सदन 10 मिनिट बाद फिर संवेद हुआ तो अध्यक्ष ने सिर्फ बजट पर चर्चा करने की व्यवस्था दी। सहमति बनने पर बजट पर चर्चा की गई। उपनेता प्रतिपक्ष शुगुफ्ता उस्मानी ने कहा कि इस बजट में पहले की तरह झूठे सपने दिखाए। इस पर वे खुद घिरती नजर आई। आसंदी ने कहा कि यदि ऐसा है तो उस समय सत्ता पक्ष में एमआईसी सदस्य थी तो आपने टोका क्यों नहीं। इस पर फिर एक बार आरोप प्रत्यारोप का दौर चलने लगा। इसी बीच कांग्रेस पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने फिर डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उनके जाकिर हुसैन वार्ड में दारुलउलुम के पास कचरे का ढेर लगा हुआ है डेंगू मलेरिया का खतरा बढ़ रहा है मोहरर्म का पर्व शुरु हो गया है ऐसे में सफाई और जल व्यवस्था, प्रकाश की व्यवस्था का अभाव निगम की निष्क्रियता पर सवालिया निशान लगा रहा है। वहीं रांझी में जलसंकट में एक टाईम जलापूर्ति करने पर सदन में तीखी नोकझोंक हुई।





### उलटा पड़ा कमलेश का दाव

नगर निगम में भाजपा के वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल ने कांग्रेसी पार्षदों द्वारा महापौर के खिलाफ पोस्टर लहराने की घटना पर कहा कि आज सदन में जिस तरह से पोस्टर लहराए गए, ऐसा नगर निगम के इतिहास में कभी नहीं हुआ। इस पर नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने सदन में पलटवार करते हुए कहा कि नगर निगम के इतिहास में इससे पहले यह भी कभी नहीं हुआ कि कोई महापौर किसी पार्टी से चुनाव जीता हो और फिर पार्टी बदलकर उसने जनादेश का अपमान किया हो।

### महापौर बोले ठेकेदार और कर्मचारियों का विवाद



शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली एस्सेल कंपनी द्वारा कर्मचारियों को पेमेंट नहीं किए जाने पर आउटसोर्स कर्मी हड़ताल कर रहे हैं। यह ठेकेदार और कर्मचारियों का आपसी विवाद है। इसका नगर निगम का कोई लेना देना नही है। महापौर ने कहा कि जिस दिन से ठेकेदार के कर्मचारियों ने काम करना बंद किया उसी दिन से निगम ने कचरा संग्रहित करने का काम शुरु कर दिया। महापौर ने कहा कि विपक्ष का काम है कि वह अपनी बात तर्क के साथ रखे और उसका जवाब भी सुने। जिनका काम सिर्फ हंगामा करना हो उसे कुछ नहीं कहा जा सकता। शहर में बेहतर काम हो रहा है और आगे भी बेहतर काम होंगे। विपक्ष शहर के विकास के मुद्दे पर बात ही नहीं करना चाहता, सिर्फ बहस करना ही इनका मकसद है।

### सदन में ताला देख भड़के अयोध्या तिवारी



बजट बैठक नगर निगम के पंडित भवानी प्रसाद तिवारी सभा कक्ष में पूर्वान्हः 11 बजे से प्रारंभ होनी थी लेकिन निर्धारित समय तक सदन का ताला नहीं खुला था। पार्षद अयोध्या तिवारी और संतोष पंडा सदन पहुंचे तो ताला बंद देखकर भड़क उठे। इस पर मौके पर मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए अयोध्या तिवारी ने आरोप लगाया कि महापौर और उनके सत्ता का अधिकारी और कर्मचारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। अकर्मण्यता और लापरवाही का इससे बड़ा प्रमाण क्या होगा कि पार्षद पहुंच गए और सदन का ताला तक नहीं खुला। उन्होंने सदन के अंदर पहुंचते ही महापौर पर तंज कसते हुए कहा कि शहर में कितनी अव्यवस्था हैं और कितनी दुरुस्त हैं यह पूरा शहर खुली आंखों से देख रहा हैं।

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 20 जुलाई 2024

# सम्मेलन में उद्योग जगत की हस्तियों सहित 1000 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में संतुलित और न्यायसंगत विकास की यात्रा पर आगे बढ़ते हुए, राज्य सरकार 20 जुलाई 2024 को प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर क्षेत्र जबलपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक और सूचना केंद्र में अपना दूसरा क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन आयोजित करने की योजना बना रही है। इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्रीय क्षमता का दोहन करना और औद्योगिक विकास में क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करना है। जबलपुर क्षेत्र की औद्योगिक क्षमताओं और अवसरों को प्रदर्शित करके, सम्मेलन का उद्देश्य इन क्षेत्रों में निवेश और निवेशकों को आकर्षित करना है। इस परिवर्तनकारी आयोजन का उद्देश्य प्रमुख बाजारों से प्रतिभागियों को एक साथ लाना, सार्थक चर्चाओं और सहयोग को बढ़ावा देना है। इस सम्मेलन में उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों सहित 1000 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य खरीदारों और विक्रेताओं के बीच बातचीत की एक श्रृंखला को सुविधाजनक बनाना है, जो व्यापारिक लेन-देन और कनेक्शन के लिए एक जीवंत मंच प्रदान करता है। एक दिवसीय कार्यक्रम में सरकार से व्यवसाय और क्रेता-विक्रेता बैठकें, औद्योगिक समुदाय, संगठनों, शैक्षिक निकायों और वाणिज्य मंडलों की सक्रिय भागीदारी के साथ विषयगत क्षेत्रीय सत्र शामिल होंगे। अपनी प्राकृतिक सुंदरता और जीवंत सांस्कृतिक ताने-बाने के लिए जाना जाने वाला जबलपुर इस सम्मेलन के लिए मंच तैयार करता है, जो क्षेत्रीय असमानताओं और विकास के अवसरों पर चर्चा के लिए एक मनोरम पृष्ठभूमि प्रदान करता है। यह स्थानीय लाभों और संभावनाओं पर प्रकाश डालेगा, जो जबलपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों की पेशकश का विस्तृत दृश्य प्रस्तुत करेगा। इसके अतिरिक्त, यह कार्यक्रम जबलपुर क्षेत्र की एक जिला एक उत्पाद पहलों पर प्रकाश डालेगा, जिसका उद्देश्य महुआ, चावल, तूअर दाल, कोदो कुटकी और संगमरमर उत्पादों जैसे अद्वितीय स्थानीय उत्पादों की विशेषता के माध्यम से निर्यात क्षमता को बढ़ावा देना है। ये उत्पाद राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए आशाजनक हैं, जिससे राज्य के निर्यात विकास में योगदान मिलता है। यह आयोजन क्षेत्र के औद्योगिक बुनियादी ढांचे पर गहन चर्चा करेगा, जिसमें औद्योगिक पार्कों, कुशल श्रम और सहायक नीतियों की उपलब्धता पर जोर दिया जाएगा, जो व्यवसायों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करते हैं। खनन और खनिज; कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और डेयरी; कपड़ा और परिधान तथा एयरोस्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, सम्मेलन का उद्देश्य सहयोग और उन्नति को बढ़ावा देना है, एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देना है जो अभिनव औद्योगिक विकास का समर्थन करता है। इस आयोजन को केवल एक सम्मेलन से कहीं अधिक के रूप में माना जाता है; यह पूरे क्षेत्र और उससे परे औद्योगिक प्रगति और सहयोग के लिए उत्प्रेरक है।

# आदेश के विरुद्ध पहाड़ी पर प्रस्तावित स्मारक निर्माण का हो रहा विरोध

## संभागायुक्त और कलेक्टर को आपत्ति पत्र भेजा



**जबलपुर।** नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मदन महल की पहाड़ी पर रानी दुर्गावती स्मारक निर्माण का विरोध किया है। डा.पीजी नाजपांडे का कहना है कि यदि ऐसा किया गया तो एक तरफ हाई कोर्ट के पूर्व आदेश की नाफरमानी होगी, वहीं दूसरी ओर अर्बन फारेस्ट भी नष्ट होगा। लगभग 30 हजार पेड़ स्मारक निर्माण की भेंट चढ़ जाएंगे। इसीलिए संभागायुक्त व कलेक्टर को आपत्ति पत्र भेज दिया गया है। जिसमें उस जनहित याचिका का हवाला दिया गया है, जो मंच की ओर से दायर की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने मदन महल की पहड़ी पर किसी भी तरह के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी। यही नहीं पूर्व के निर्माणों को हटाकर खाली जगह पर पौधारोपण किए जाने पर भी बल दिया था। जिसके बाद बाकायदे फेंसिंग कर पौधारोपण किया गया। फलस्वरूप हरेभरे वृक्षों का अर्बन फारेस्ट निर्मित हो गया है। यदि स्मारक के लिए भूमि आवंटन का प्रस्ताव निरस्त नहीं किया गया, तो पर्यावरण पर नये सिरे से संकट खड़ा हो जाएगा।



# जनसुनवाई में आये 158 आवेदन

# अपर कलेक्टर ने सुनी नागरिकों से समस्या

**जबलपुर।**

कलेक्टर कार्यालय में आज मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों से उनकी कठिनाइयों और समस्याओं से संबंधित 158 आवेदन प्राप्त हुये। ज्यादातर आवेदन गरीबी रेखा की सूची में नाम जुड़वाने, राशन कार्ड बनवाने, आयुष्मान कार्ड बनवाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाने, जमीन का पट्टा दिलाने, आवास एवं पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाने, निजी भूमि से कब्जा हटवाने, सीमांकन तथा चिकित्सा सहायता आदि से सबंधित थे। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने गंभीर व विवादित प्रकरणों की सुनवाई कर प्रकरणों का निराकरण किया। जिसमें आधारताल के प्रकरण जो कि कूटरचित दस्तावेज तैयार कर शासकीय भूमि, राजस्व रिकार्ड में स्वयं का नाम दर्ज कर क्रय-विक्रय करने संबंधित था। कलेक्टर ने एडीएम श्रीमती मिशा सिंह, संबंधित एसडीएम व तहसीलदार के साथ दोनो पक्षों के तथ्यों का परीक्षण किया और समस्या का समाधान किया। इसी प्रकार जयप्रकाश सोसायटी आधारताल से जुड़े मुद्दों पर भी आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। साथ ही वक्फ समिति के विवाद का निराकरण किया। जनसुनवाई में आये आवेदकों की समस्याएं अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड और अन्य अधिकारियों ने सुनी तथा उन्होंने सबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। जनसुनवाई में प्राप्त हुये 143 नये आवेदनों के अलावा 15 आवेदन ऐसे भी थे जो पूर्व में भी प्राप्त हुये थे।

# अवैध रेत से भरी ट्रेक्टर ट्राली हाईवा व जेसीबी मशीन जब्त

**जबलपुर।** बेलखेड़ा पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर दो अलग अलग स्थानों में दबिश देकर अवैध रेत से भरा एक हाईवा, एक ट्रेक्टर ट्राली व रेत खनन में इस्तेमाल होने वाली जेसीबी मशीन जब्त की। पुलिस ने दोनों प्रकरणों में आरोपी हाईवा,, जेसीबी चालक व ट्रेक्टर के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस एवं 4,21 खान खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की।

### रेत से भरा हाईव जेसीबी जब्त

बेलखेड़ा पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर ग्राम कूड़ा कला में नर्मदा नदी के किनारे में घाट में दबिश दी। जहां बिना नंबर में हाईवा में जेसीबी मशीन से रेत भरी जा रही थी। पुलिस को आता देख हाईवा चालक अंकित घोषी व जेसीबी चालक सिद्धार्थ राजपूत ने भागने का प्रयास किया। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ने की कोशिश की तो हाईवा चालक जेसीबी चालक मौके से भाग गये। पुसि ने रेत से भरा हाईव व जेसीबी जब्त कर ली है। वहीं फरार आरोपियों की तलाश जारी है।



### अवैध रेत से भरी ट्रेक्टर ट्राली जब्त

इसी तरह बेलखेड़ा पुलिस ने ग्राम जुगपुरा में मुखबिर की सूचना पर पावला तिराहे पर नाकाबंदी कर सुंदरादेही की ओर जा रहे नीले रंग के ट्रेक्टर को रोकने का प्रयास किया तो चालक ट्रेक्टर लेकर भागने लगा। पुलिस ने अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली जब्त कर मौके से भागे ट्रेक्टर चालक की तलाश जारी है।



# चोर चोरी कर भागा, लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**जबलपुर।** आजाद नगर रावण पार्क में सोमवार को शाम 4 बजे मालती भन्नारिया के घर चोरी करने गये आदित्य यादव पिता शंकर यादव सिंडिकेट निवासी मालती भन्नारिया के घर से चोरी करके भाग रहा था तभी स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द किया। स्थानीय लोगों की जिसकी सूचना पर रांझी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरी का माल बरामद कर आरोपी को थाने में बंद कर दिया।

# शांति समिति की बैठक में मोहर्रम पर व्यवस्थाओं को लेकर हुई चर्चा

**जबलपुर।**

मोहर्रम को लेकर आज मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित शांति समिति की बैठक में जहां इस मातमी पर्व को आपसी भाईचारे और सद्भाव से मनाने की अपील शहरवासियों से की गई, वहीं बिजली, पानी, साफ-सफाई, यातायात और सुरक्षा के मुद्दों पर महत्वपूर्ण सुझाव भी सदस्यों द्वारा रखे गये। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में समिति के सदस्यों ने मुहर्रम के पर्व को संस्कारधानी जबलपुर की गंगा जमुना तहजीब और हिन्दु-मुस्लिम एकता का प्रतीक बताया। साथ ही त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन को अपनी ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह एवं नाथूराम गौंड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना एवं समर वर्मा भी मौजूद थे। शांति समिति के सदस्यों में कैलाश गुप्ता, मुकेश राठौर, साबिर उस्मानी, ताहिर अली, प्यारे साहब, हाजी मकबूल अहमद रिजवी, शरण चौधरी, मुबारक अली कादरी, अकबर खान, शाबान मंसूरी आदि बैठक में शामिल हुये।



सदस्यों ने मोहर्रम के पर्व को देखते हुये मुस्लिम समुदाय के सभी धर्म स्थलों के आस-पास साफ-सफाई के समुचित इंतजाम सुनिश्चित किये जाने पर जोर दिया। इसके साथ ही सवारियों और टिपारियों के भ्रमण मार्ग तथा मुहर्रम के जुलूस मार्ग की सड़कों को दुरूस्त करने की मांग रखी। रानीताल करबला स्थित ताजियों के विसर्जन कुंड को गहरा करने की जरूरत बताई गई। बैठक में मुहर्रम के दौरान पेयजल की अतिरिक्त आपूर्ति करने का सुझाव भी दिया गया। धार्मिक स्थलों, जुलूस मार्गो एवं रानीताल स्थित विसर्जन कुंड के आस-पास प्रकाश के समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने की सलाह दी तथा मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में बिजली की निर्वाध आपूर्ति बनाये रखने पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। जुलूस मार्गो पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिये बेरीकेटिंग करने तथा चार पहिया वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित करने की मांग भी बैठक में रखी गई। सदस्यों ने त्यौहार के दौरान अशांति पैदा करने वाले तत्वों पर कठोर कार्यवाही करने की बात भी कही। साथ ही थाना स्तर पर भी आयोजन समितियों की बैठके रखने का सुझाव दिया। कलेक्टर दीपक सक्सेना बैठक में शांति समिति के सदस्यों से मिले सभी सुझावों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को सुझावों पर अमल करने के निर्देश दिये जायेंगे। श्री सक्सेना ने जबलपुर की गौरवशाली का परंपरा का उल्लेख करते हुये कहा कि इस बार कोशिश होगी कि बेहतर व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाये और पहले से बेहतर ढंग से मुहर्रम का त्यौहार मनाया जाये। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुये मोहर्रम पर सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग के लिए आयोजन समितियों को अपने वालिंटियर तैनात करने तथा उनकी सूची संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारी को उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने आयोजन समितियों से आयोजन स्थल पर सीसीटीव्ही कैमरे लगाने भी कहा ताकि सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने में आसानी हो। बैठक में मोहर्रम पर आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी सदस्यों द्वारा दी गई। गढ़ा एवं सदर में मोहर्रम पर की जाने वाली व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। सभी एसडीएम, सीएसपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी, नगर निगम, विद्युत तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

जिला प्रशासन से दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग ने पकड़ा जोर

# फफूंद लगी ब्रेड बेच कर जान से खिलवाड़!






**जबलपुर।** स्वास्थ व्यक्ति के जीवन में अति महत्वपूर्ण है किंतु कुछ लोग चंद पैसों की लालच में सड़ागला सामान बेचकर आम नागरिकों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। स्टेट बार काउंसिल हाईकोर्ट के पूर्व सचिव और अधिवक्ता समदडिया कॉलोनी ब्यौहारबाग निवासी राजेंद्र जैन ने एक लिखित शिकायत कलेक्ट्रेड स्थित खाद्य विभाग में प्रस्तुत की। शिकायत में कहा गया कि उनके द्वारा ब्यौहारबाग स्थित पांडे अस्पताल की गली में सुरेश किराना स्टोर से पॉपुलर कंपनी की बड़ी ग्रेड का पैकेट खरीदा गया था। घर जाकर खाने हेतु खोलने पर देखा की ब्रेड में फफूंद लगी हुई है और वह दुर्गंध मार रही है, साथ ही ब्रेड के पैकेट पर ना तो पैकिंग डेट और ना ही एक्सपायरी डेट लिखी थी, जो कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत अनुचित है। श्री जैन द्वारा जब दुकानदार से इस बात की शिकायत की गई तो उसने सामान्य घटना बताया और उपभोक्ता से दुर्व्यवहार करते हुए चाहे जहां भी शिकायत कर देने को कहा कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। श्री जैन ने शिकायत की घटना को अपने पड़ोसी रहवासी पुलिस के रिटायर्ड सीएसपी नरेश शर्मा तथा पूर्व चीफ इंजीनियर दिलीप जैन व अधिवक्ता स्वाति शुक्ला को अवगत कराया, क्योंकि वे भी उसी दुकान से ब्रेड खरीदते हैं।

उल्लेखनीय है कि गत अक्टूबर माह में गोहलपुर थाना अंतर्गत पॉपुलर ब्रेड फैक्ट्री में ही काम करने वाले एक मजदूर की वही की ब्रेड खाने से मौत हो गई थी और अब पॉपयुलर फ्रूट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड तिलहरी द्वारा फफूंद लगी ब्रेड बेचकर उपभोक्ताओं की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है जो कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत सेवा में कमी है। यदि जैन परिवार द्वारा बगैर देखे उक्त ब्रेड खा ली जाती तो बहुत ही भयंकर परिणाम होता। ब्रेड के पैकेट में शिकायत हेतु कस्टमर केयर नंबर 9300452227 प्रिंट है, जिसे लगाने पर वह उपलब्ध नहीं है। शिकायत में उपभोक्ता राजेंद्र जैन, नरेश शर्मा, दिलीप जैन, स्वाति शुक्ला ने जिला प्रशासन से दोषियों पर कई कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### इनका कहना है

सामान्य घटना है कभी-कभी ऐसा हो जाता है। हम ब्रेड का पैकेट बदल कर दूसरा देने तैयार है। उपभोक्ता के आक्रोशित होने पर बहस हो जाना सामान्य बात है।

**संचालक-** सुरेश किराना स्टोर, ब्यौहारबाग

शहर में पॉपुलर ब्रेड की कई कंपनियां संचालित है। हमारी पॉपुलर ब्रेड कंपनी मनमोहन नगर से संचालित है। हमारी कंपनी का उक्त उत्पाद नहीं है, बल्कि किसी और पॉपुलर कंपनी का होगा।

**सुमित केशवानी**
**संचालक-** पॉपुलर ब्रेड मनमोहन नगर

हमारी कंपनी पॉप्युलर फूड के नाम से बिलहरी में संचालित है हम खराब ब्रेड का उत्पादन नहीं करते। कोई सोमेश नामक व्यक्ति अधारताल में हमारी कंपनी से मिलता जुलता नाम से ब्रेड फैक्ट्री संचालित करता है।

**ऋषभ केशवानी**
**संचालक** पॉप्युलर फूड कंपनी, बिलहरी



## बावली दरगाह में मना हजरत कमली शाह बाबा का सालाना उर्स

**जबलपुर।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के नये वर्ष व शहादत के पर्व मुहर्रम के अवसर पर ग्वारीघाट स्थित शाहनाले के पास बावली में स्थापित हजरत कमली शाह बाबा का वार्षिक उर्स का आयोजन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं व अकीदतमंदो ने दरगाह में फूल इत्र पेश कर हाजिरी दी और हिंदू मुस्लिम कौमी एकता की मिसाल पेश की। इससे पूर्व सरदार अब्दुल हकीम बाबा सफ्वी की सरपरस्ति में धूमधाम से चादर संदल जुलूस निकाला गया जो क्षेत्र में भ्रमण पश्चात दरगाह पहुंचा, इस दौरान श्याम बैंड की टीम द्वारा शहीदी कलाम की शानदार धुन पेश की गई। दरगाह में फातिहा ख्वानी, सलातो सलाम पेश किया गया और शहर व देश में शांति सद्भाव की दुआ मांगी गई। तदोपरांत लंगर का आयोजन किया गया। उर्स में सरदार अब्दुल हकीम बाबा सफ्वी, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, नीलेश पसारी, आशीष उसरेटे, फरजाना मिर्जा, आलोक श्रीवास्तव, सोनू भाई, नौशाद, मकसूद चिश्ती, रिहान, संजू बाबा, लक्की की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## मुहर्रमः मदार टेकरी में की गई परचम कुशाई

**जबलपुर।** मुहर्रम व इस्लामी नया साल के मौके पर मंडी मदार टेकरी में परचम कुसाई की गयी। इस अवसर पर बब्लू कुरैशी, नसीम अंसारी, नूरूल्लाह खान, असलम बाबा, गोगा पहलवान, हाजी निजाम, हाजी बबुआ कुरैशी, दानिश रजा, मोहसिन रजा, मोहम्मद याहया कुरैशी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस दौरान मुल्क मे अमन और तरक्की की दुआ की गई।



## बच्चों ने 151 पौधे रोपकर पर्यावरण को सुरक्षित करने का लिया संकल्प



**सिहोरा।** प्रदेश सरकार द्वारा एक पौधा मां के नाम अभियान में बडे-बुर्जुर्गों के साथ बच्चों ने भी बडे उत्साह से हिस्सा लिया। नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग अभियान में जोर-शोर से जुड रहे हैं। इसी अभियान को लेकर ग्राम पंचायत दर्शनी के ग्राम टोला के बच्चों ने अलग-अलग स्थानों पर 151 छायादार और फलदार पौधे रोपकर अभियान के संकल्प को पूरा किया। आयोजन में अभिषेक राय, पूजा राय,दुर्गा राय एवं अन्य ग्राम के बच्चों ने आम,आंवला अशोक,अमरूद के पौधे रोपकर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया। बच्चों ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिस तरीके से लगातार पेडों को काटा जा रहा है उससे आने वाले समय में कहीं पेड नहीं बचेंगे। हम सभी से अपील करते हैं कि हर व्यक्ति पौधे लगाए और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प ले।




## हनुमान मंदिर परिसर में किया गया वृक्षारोपण

**जबलपुर।** अनु आनंद आश्रय फाउंडेशान द्वारा गत दिवस अधारताल तालाब स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण मे वृक्षा रोपण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सी ललिता (अनु आनंद), एम आनंद, मिथिलेश पांडेय, साधना शुक्ला जी,एवं विशव हिन्दु परिषद से मोनू नामदेव जी मात्र शक्ति से जिला संयोजिका दीदी आरती शुक्ला, बजरंग दल से शुभम दुबे ,अशीष सोनी, अभिषेक बर्मन, सचिन विश्वकर्मा , सीतल वैष्णों, अभिषेक दुबे, सुनील पटेल आदि उपस्थित रहे।

## मोक्ष ने किया दो लावारिस शवों का अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** मोक्ष संस्था द्वारा दो लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कराया गया। मोक्ष संस्था के आशीष ठाकुर ने बताया कि थाना गढ़ा 60 वर्षीय एवं थाना जीआरपी से लगभग 30-35 वर्ष से सूचना प्राप्त हुई, जिनके परिवार की तलाश करने पर जानकारी न मिलने पर मृत देहों का अंतिम संस्कार मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति द्वारा तिलवारा घाट में सम्मान पूर्वक किया गया। इस अवसर पर वीरु वर्मन, कमलेश पटेल, आकाश कोरी, जीतू ठाकुर, प्रशांत निषाद, साहिल बर्मन सेवा कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## संजय पाण्डे बने अतिरिक्त जेल महानिरीक्षक



**सिहोरा।** मध्यप्रदेश जेल मुख्यालय भोपाल में उप जेल महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ सिहोरा निवासी संजय पाण्डे को शासन द्वारा अतिरिक्त जेल महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया है। सिहोरा जैसे छोटे से कस्बे से निकल कर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग से जिला जेल अधीक्षक के पद पर चयनित होकर अपने कुशल प्रशासनिक क्षमता, कर्तव्यनिष्ठा ,ईमानदारी और अपने मेहनत के दम पर केंद्रीय जेल अधीक्षक,जेल उप महानिरीक्षक के पद के बाद अब अतिरिक्त जेल महानिरीक्षक का पद प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है जेल विभाग में जेल कैडर का यह सर्वोच्च पद है ऊपर के दो पद जेल महानिदेशक एवं अतिरिक्त जेल महानिदेशक दोनों आईपीएस कैडर से होते हैं इस तरह पाण्डे द्वारा जेल कैडर का सर्वोच्च पद प्राप्त कर सिहोरा सहित पूरे महाकौशल अंचल का नाम रोशन कर गौरवान्वित किया है।पाण्डे की इस उपलब्धि नगर वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

बच्चों का परीक्षण कर आयु के अनुसार अलग-अलग मात्रा में स्वर्ण भस्म, गौ घृत एवं शहद से निर्मित स्वर्ण बिंदु पिलाया गया

## आयुर्वेद महाविद्यालय में 344 बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार



**जबलपुर।** बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए गत सोमवार को गौरीघाट स्थित शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय में शिशु अवस्था से लेकर 16 वर्ष की आयु तक के 344 बच्चों का स्वर्णप्राशन संस्कार किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. एल. एल. अहिरवाल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में शिशु एवं बालरोग विभाग की डॉ गीता पांडे द्वारा बच्चों का परीक्षण कर उन्हें आयु के अनुसार अलग-अलग मात्रा में स्वर्ण भस्म, गौ घृत एवं शहद से निर्मित स्वर्ण बिंदु पिलाया गया। स्वर्ण बिंदु की प्रत्येक बूंद में 1.6 ग्राम स्वर्ण भस्म होता है। स्वर्ण प्राशन संस्कार के बारे में अभिभावकों का कहना है कि जब से वे अपने बच्चों का स्वर्णप्राशन करा रहे हैं तब से उनके बच्चों में विशेष स्वास्थ्य लाभ देखने मिला है। बच्चे बीमार नहीं पड़ रहे हैं। कमजोर याददाश्त एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ्य बच्चों पर भी स्वर्ण बिंदु के अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। यह बालकों के वर्ण को भी निखारता है। साथ ही बच्चों की हाइट, हेल्थ एवं पाचन क्रिया को भी सुधारता है।

## मन्ना खेल रहे 4 जुआड़ी गिरफ्तार

**जबलपुर।** बेलखेड़ा पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना ग्राम समदपुरा में मोबाईल टार्च की रोशनी में सजे जुआ फड़ पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 4 आरोपियों को तास के पत्तों पर दांव लगाकर मन्ना खेलते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। आरोपियों के पास 11 हजार 8 सौ रुपये जब्त किये ग ये। आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। बेलखेड़ा थाना प्रभारी श्रीमती सरोजनी टोप्पो चौकसे ने बताया कि कल रात मुखबिर से सूचना पर पुलिस ने ग्राम समदपुरा में दबिश देकर मोबाईल की रोशनी में तास पत्तों पर हारजीत के दाव लगा रहे 4 लोगों को दबोच लिया। आरोपियों के पास 52 तास के पत्ते व नगदी 11 हजार 800 रुपये जब्त किये। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम अमन जैन, राजकुमार गौड़, भवानी सिंह लोधी व सुरेश गौड़ बताये।

## लायंस क्लब ने बच्चों को बांटे नोटबुक




**जबलपुर।** लायंस क्लब ने आदर्श कन्या शाला प्रेम नगर जबलपुर की छात्राओं को 1000 नोटबुक वितरण किया इस विद्यालय को लायंस क्लब जबलपुर द्वारा गोद लिया गया है। इस विद्यालय में क्लब द्वारा वर्ष भर गतिविधियां कराई जाती हैं, इस कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन अंकिता जैन, सचिव लायन भूमिका पटेल, कोषाध्यक्ष लायन मीता पोपट, डीजीएलटी कोऑर्डिनेटर लायन उमेश जैन, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ज्योति मेहंदीरत्ता एवं प्रधानाध्यापिका श्रीमती विभा दुबे उपस्थित रहीं कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष ने विद्यालय की छात्राओं अपने उद्बोधन में शिक्षा का महत्व एवं उसकी जीवन में आवश्यकता बतलाई कार्यक्रम समापन पर विद्यालय की प्राचार्या ने क्लब सदस्यों का आभार व्यव्त किया। कार्यक्रम का संचालन क्लब सचिव लायन भूमिका पटेल ने किया।

## रोटरी साउथ का पदस्थापना समारोह



**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ का 33वॉं पदस्थापना समारोह प्रांतपाल रोटे.अखिल मिश्र के मुख्य आतिथ्य व सहायक प्रांतपाल रोटे.डॉ. संजय छत्तानी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष रोटे.रवि वैश्य व निवर्तमान सचिव रोटे. सोनम केशरवानी ने विधिवत अध्यक्ष रोटे.अजय चौधरी व सचिव रोटे.धर्मेंद्र प्रताप सिंह को पदस्थापित कराया। अध्यक्ष ने नवीन कार्यकारणी का परिचय कराया। पूर्वाध्यक्ष रोटे.सीए मनीष कोशल द्वारा 5 नवीन सदस्यों को मंच पर बुलाया गया व प्रांतपाल ने उनका इंडक्शन किया। पूर्वाध्यक्ष अरुण कान्त अग्रवाल द्वारा क्लब की स्मारिका का विमोचन करने कराए जाने के उपरांत प्रांतपाल द्वारा उदबोधन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सत्र की थीम 'रोटरी का जादू पर प्रकाश डालते हुए सदस्यता विस्तार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता प्रतिपादित की। इस अवसर पर नगर के अन्य रोटरी क्लबों से वृहत संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

## तहसील अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**मझौली।** अधिवक्ता संग मझौली के द्वारा आरोप लगाया गया है की लेखक अश्वनी तिवरी को रीडर के पद से अलग कर किसी अन्य जगह ट्रांसफर किया जाए अश्विनी तिवारी मझौली तहसील का मूल निवासी है उसे तहसीलदार मझौली ने सेकसन लेखक के स्थान पर रीडर बना दिया है जिससे राजस्व प्रकरणों में खुलेआम दलाली करता है पैसा दो हम तुम्हारा काम तहसीलदार से करा देंगे। राजस्व प्रकरणों की विधिवत सुनवाई नहीं करता ,आरसीएमएस के आधार पर पेशी नहीं लगती ना ही विधि वत सुनवाई नही होती। तहसील कार्यालय मझौली में आजारकता फैली हुई है। तहसील अधिवक्ता संग के द्वारा शीघ्र से शीघ्र शासन प्रशासन से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता एन डी भटट सुनीता भट्ट सुनील गर्ग सुनील नागदेव अरविंद कोस्टा रोहित पटेल आदी उपस्थित थे।




**श्री बलवंत-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री बलवंत (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती धन्नो बाई-** द्वारका नगर सिंधी धर्मशाला के पास लालमाटी निवासी श्री दशरथ डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती धन्नो बाई (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कंधी लाल पाल-** गुप्तेश्वर निवासी श्री कंधी लाल पाल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आदर्श जुनेजा-** सिविल लाइन थाने के बाजू में निवासी श्री गुरवचन जुनेजा की धर्मपत्नी श्रीमती आदर्श जुनेजा उर्फ दर्शना जुनेजा (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सोनू यादव-** बड़ी ओमती निवासी श्री रंजीत यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सोनू यादव (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक सिंह-** पुरानी बस्ती माढ़ोताल निवासी श्री अशोक सिंह (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कैलाश रजक-** नेहरू वार्ड ब्यौहाबाग निवासी श्री सुम्मन रजक के पुत्र श्री कैलाश रजक (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उधवदास सावलानी-** मदनमहल निवासी श्री उधवदास सावलानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रवीण कुमार सेन-** टैगोर नगर बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास ग्वारीघाट रोड निवासी श्री झाम सिंह सेन के पुत्र श्री प्रवीण कुमार सेन (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल-** कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर रोड निवासी श्री छोटे लाल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री लक्ष्मी प्रसाद शर्मा-** शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद शर्मा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला थापा-** जीसीएफ सिविल लाइन निवासी श्री राम बहादुर थापा की धर्मपत्नी श्रीमती विमला थापा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप



### गोदरेज इंडस्ट्रीज में बेची आरकेएन में हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** गोदरेज समूह की कंपनी आरकेएन एंटरप्राइजेज ने गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड में 3,803 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के सदस्यों को बेच दिए। यह बिक्री अप्रैल में घोषित गोदरेज परिवार के निपटान समझौते के तहत हुई है। बीएसई पर थोक सौदों के बारे में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, आरकेएन एंटरप्राइजेज ने कुल 4,25,83,272 शेयर बेचे, जो गोदरेज इंडस्ट्रीज में 12.65 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

### पूर्व रेलवे ने यात्रियों से कमाया 953 करोड़ रुपए



**कोलकाता।** पूर्व रेलवे ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यात्री राजस्व से 953 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। एक रेल अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में कोलकाता स्थित मुख्यालय वाले पूर्व रेलवे ने एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले यात्री आवागमन से राजस्व में 9.97 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। पूर्व रेलवे के अधिकारी ने एक बयान में कहा, 'वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यात्री राजस्व 953.24 करोड़ रुपये रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 866.79 करोड़ रुपये रहा था।'

### डायमंड पावर को अदाणी एनर्जी से मिला ऑर्डर




**नई दिल्ली।** डायमंड पावर स्ट्रक्चर लिमिटेड (डीपीआईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसे अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड से कंडक्टर की आपूर्ति के लिए करीब 900 करोड़ रुपये का एक ऑर्डर मिला है। डीपीआईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अदाणी एनर्जी से उसे नई पीढ़ी के एल्युमिनियम अलॉय कंडक्टर की आपूर्ति के लिए 899.75 करोड़ रुपये मूल्य का ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर को अप्रैल, 2025 तक पूरा करना है।

### अश्विन ग्रुप की 5000 करोड़ रुपए निवेश की योजना



मुंबई। रियल एस्टेट कंपनी अश्विन शेठ ग्रुप ने अपने कारोबार के विस्तार के लिए करीब 5,000 करोड़ रुपये के निवेश की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि वह अगले 18-24 महीने में अपना पहला आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) भी लाएगी। मुंबई स्थित कंपनी ने कहा कि उसने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 1,500 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल की है, जो वित्त वर्ष 2022-23 से तीन गुना अधिक है।

### एलएंडटी को हिंदुस्तान शिपयार्ड से मिला ठेका



**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) से दो 'फ्लीट सपोर्ट शिप' (एफएसएस) के आंशिक निर्माण का 'बड़ा' ठेका मिला है। एलएंडटी ने अनुबंध के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया। उसकी परियोजना वर्गीकरण के अनुसार किसी बड़े ठेके का मूल्य 10,000 से 15,000 करोड़ रुपये के बीच होता है। कंपनी ने बीएसई को दी गई सूचना में कहा, 'लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के 'प्रिसिजन इंजीनियरिंग सिस्टम्स' व्यवसाय को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) से दो फ्लीट सपोर्ट शिप (एफएसएस) के आंशिक निर्माण का बड़ा ठेका मिला है।

# थर्ड पार्टी ऐप्स से अब नहीं कर पाएंगे भुगतान, आरबीआई ने बंद की सुविधा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एक सप्ताह पहले यानी 1 जुलाई से ही क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बदलाव हुआ है। अब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस हालिया बदलाव के तहत क्रेडिट कार्ड के बकाया बलि के भुगतान के तरीके में थोड़ा फेरबदल किया है। केंद्रीय बैंक के नए नियम के अनुसार सभी थर्ड पार्टी ऐप्स जैसे फोन पे, अमेजन पे और पेटीएम के जरिए क्रेडिट कार्ड बिल का पेमेंट नहीं किया जा सकेगा। अगर आप भी अब तक इन थर्ड पार्टी ऐप के जरिए पेमेंट करते रहे हैं तो अब आपको भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) का यूज करना होगा। इसे नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की तरफ से मैनेज किया जाता है।

## एचडीएफसी और एक्सिस बैंक के कस्टमर को बड़ा झटका

### करोड़ों क्रेडिट कार्ड कस्टमर पर पड़ेगा असर

इसका सबसे ज्यादा असर एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के करोड़ों क्रेडिट कार्ड ग्राहकों पर पड़ने वाला है। दरअसल, इन दोनों ही बड़े बैंक के क्रेडिट कार्ड होल्डर अब सीआरईडी, फोनपे, अमेजान, और पेटीएम जैसे ऐप से अपने बिल का पेमेंट नहीं कर सकेंगे। यह बदलाव इसलिए किया गया है दरअसल एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक अभी तक भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) प्लेटफॉर्म से नहीं जुड़े हुए हैं।




### इन बैंकों में मिल रही सुविधा

1 जुलाई 2024 तक एसबीआई, कोटक बैंक, इंडसइंड बैंक, आईडीबीआई बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, फेडरल बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यूनियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और सरस्वत बैंक बीबीपीएस पर लाइव हैं।

### इन बैंकों का इंटीग्रेशन पाइपलाइन में

इसके अलावा एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक और यस बैंक बीबीपीएस से इंटीग्रेशन के प्रोसेस पर काम कर रहे हैं।

### क्या है बीबीपीएस प्लेटफॉर्म

भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) को रिजर्व बैंक की तरफ से डेवलप कयिा गया है। इसका मकसद कारोबारियों और ग्राहकों के लिए पेमेंट कलेक्ट करने के प्रोसेस को आसान करना है। बीबीपीएस की वजह से कस्टमर बैंक शाखाओं और पेमेंट जमा करने वाली दुकानों के जरिए या फिर ऐप व वेबसाइट के माध्यम से डिजिटल तरीकों से आसानी से पेमेंट कर सकते हैं। इस सिस्टम से जल्दी पेमेंट होने का भरोसा मिलता है। यह कई तरह के पेमेंट मोड को स्वीकार करता है, जिससे यह और ज्यादा सुविधाजनक हो जाता है।

## वाहन टायर विनिर्माता संघ ने की मांग

# बजट में 'कबाड़' टायर के आयात पर अंकुश लगाने के उपाय करे सरकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वाहन टायर विनिर्माता संघ (एटीएमए) ने मंगलवार को कहा कि भारत में कबाड़ टायर के आयात पर अंकुश लगाने की जरूरत है। निकाय ने कहा कि देश कबाड़ टायर का 'डंपिंग ग्राउंड' बनता जा रहा है।

- कबाड़ टायर का डंपिंग ग्राउंड बनता जा रहा भारत

एटीएमए ने वित्त मंत्रालय को अपनी बजट-पूर्व अनुशंसाओं में कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 के बाद से भारत में बेकार/कबाड़ टायर का आयात पांच गुना से अधिक बढ़ गया है।

इसमें कहा गया, कबाड़ टायर का ऐसा अंधाधुंध आयात न केवल पर्यावरण व सुरक्षा के लिहाज से चिंताजनक है, बल्कि यह विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) विनियमन के उद्देश्य को भी कमजोर करता है।

**खास बातें**

- वर्ष 2020-21 के बाद से कबाड़ टायर का आयात पांच गुना बढ़ा
- अंधाधुंध आयात पर्यावरण व सुरक्षा के लिहाज से चिंताजनक



### एमएसएमई के भुगतान नियम में दे सकती है ढील सरकार

सरकार बड़ी कंपनियों को अन्य स्रोतों की ओर देखने से रोकने के लिए वस्तुओं व सेवाओं की खरीद के 45 दिन के भीतर एमएसएमई को भुगतान करने की आवश्यकता में ढील दे सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इसकी घोषणा बजट में की जा सकती है।

### टायर विनिर्माण सालाना 20 करोड़ से अधिक

यह नियम जुलाई, 2022 से लागू है। एटीएमए के चेयरमैन अर्नब बनर्जी ने चिंता जाहिर करते हुए कहा, 'भारत में बेकार/कबाड़ टायर के आयात पर नीतिगत उपायों के जरिये अंकुश लगाने की आवश्यकता है ....।' उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में अग्रणी टायर विनिर्माताओं में से एक के रूप में उभरा है, जहां घरेलू स्तर पर टायर का विनिर्माण सालाना 20 करोड़ से अधिक पर पहुंच गया है।

### टायर पर मूल सीमा शुल्क 10-15 फीसदी

इसमें दावा किया गया, 'मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत टायर पर मूल सीमा शुल्क 10-15 प्रतिशत है, जबकि देश में टायर का आयात और भी कम शुल्क (तरजीही शुल्क) पर किया जाता है। इसके प्रमुख कच्चे माल, यानी प्राकृतिक रबड़ पर मूल सीमा शुल्क बहुत अधिक (25 प्रतिशत या 30 रुपये प्रति किलोग्राम, जो भी कम हो) है।'

### 40 फीसदी प्राकृतिक रबर की जरूरत आयात से पूरी

देश में पर्याप्त घरेलू एंड ऑफ लाइफ टायर (ईएलटी) क्षमता उपलब्ध है। एटीएमए ने अपनी बजटीय अनुशंसा में देश में घरेलू मांग-आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए प्राकृतिक रबड़ (एनआर) के शुल्क मुक्त आयात की भी मांग की है। इसमें कहा गया, घरेलू स्तर पर निर्मित प्राकृतिक रबड़ की अनुपलब्धता के कारण टायर उद्योग की करीब 40 प्रतिशत प्राकृतिक रबड़ की आवश्यकता आयात से पूरी होती है।

### प्राकृतिक रबर पर शुल्क अधिक

भारत में प्राकृतिक रबड़ के आयात पर शुल्क की उच्चतम दर उद्योग की प्रतिस्पर्धी क्षमता को प्रभावित करती है। एटीएमए ने टायर के प्रमुख कच्चे माल, प्राकृतिक रबड़ पर उलट शुल्क ढांचे के मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

# गेमिंग उद्योग में 20 फीसदी का उछाल



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय गेमिंग उद्योग चालू वित्त वर्ष 2024-25 तक 20 प्रतिशत बढ़कर 23,100 करोड़ रुपये पर पहुंचने के लिए तैयार है। ग्रांट थॉर्नटन भारत और ई-गेमिंग फेडरेशन की रिपोर्ट में मंगलवार को यह अनुमान जताया गया। रिपोर्ट में उद्योग के अनुमानों का हवाला देते हुए कहा गया कि भारत में ऑनलाइन गेमर्स की संख्या चीन से आगे निकलकर 44.2 करोड़ पर पहुंच गई है। इसमें गेमिंग उद्योग के लिए एक व्यापक आचार संहिता (सीओसी) की वकालत की गई, जो जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नैतिक व्यवहार के स्पष्ट मानक निर्धारित करती हो। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में गतिशील गेमिंग परिदृश्य एक जीवंत युवा जनसांख्यिकी के कारण है और यह अभूतपूर्व वृद्धि के लिए तैयार है।

- ग्रांट थॉर्नटन भारत और ई-गेमिंग फेडरेशन ने जारी की रिपोर्ट

### वैश्विक निवेशकों से 2.8 अरब डॉलर जुटाए

पिछले पांच वर्षों में भारतीय गेमिंग उद्योग ने घरेलू और वैश्विक निवेशकों से 2.8 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं।" रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021-22 में उपयोगकर्ताओं ने रियल मनी गेमिंग (आरएमजी) पर प्रति सप्ताह औसतन 8.5 घंटे खर्च किए, और यह खंड उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ रहा है।

# भारत ने 2023-24 में 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ीं

एजेंसी ▸▸ मुंबई




भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लगभग 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था के 27 क्षेत्रों में कुल नियोजित लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हो गई है। मार्च, 2023 के अंत में इन 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 59.67 करोड़ थी। आरबीआई ने अपनी वेबसाइट पर 'उद्योग स्तर पर उत्पादकता मापन - भारत केएलईएमएस आंकड़े' शीर्षक के तहत ये आंकड़े प्रकाशित किए हैं। यहां केएलईएमएस का आशय पूंजी (के), श्रम (एल), ऊर्जा (ई) सामग्री (एम) और सेवा (एस) से है। आंकड़ों में संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था के 27 उद्योगों को शामिल किया गया है।इस तरह कृषि, व्यापार और वित्तीय सेवाओं सहित 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 2023-24 में छह प्रतिशत बढ़ी, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में इसमें 3.2 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। केएलईएमएस आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में कुल रोजगार 2019-20 के 53.44 करोड़ से बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में 'कृषि, शिकार, वानिकी और मछली' क्षेत्र ने 25.3 करोड़ व्यक्तियों को रोजगार दिया था। यह आंकड़ा 2021-22 में 24.82 करोड़ था। इसके अलावा उल्लेखीय रोजगार देने वाले क्षेत्रों में निर्माण, व्यापार तथा परिवहन और भंडारण शामिल थे।

- आरबीआई ने जारी किया आंकड़ा

### दस्तावेज शोध को बढ़ावा देने तैयार

*आरबीआई ने कहा कि दस्तावेज 'भारत केएलईएमएस डेटाबेस संस्करण-2024' को आर्थिक वृद्धि और इसके प्रमुख क्षेत्रों में शोध को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।*

# वित्तीय समावेश सूचकांक बढ़कर 64.2 : आरबीआई




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का वित्तीय समावेश सूचकांक इस साल मार्च में बढ़कर 64.2 हो गया। देश भर में वित्तीय समावेश की स्थिति को मापने वाले सूचकांक के सभी मानदंडों में वृद्धि देखी गयी है। सूचकांक वित्तीय समावेश से संबंधित सभी पहलुओं को शामिल करता है। इसके तहत शून्य से 100 के बीच मूल्य दिया जाता है। शून्य जहां वित्तीय सुविधाओं से पूरी तरह बाहर बताता है वहीं 100 पूर्ण रूप से वित्तीय समावेश को दर्शाता है। रिजर्व बैंक ने मंगलवार को बयान में कहा, ''सूचकांक का मूल्य मार्च, 2024 के लिए 64.2 रहा जो बीते वर्ष इसी महीने में 60.1 था। सभी उप-सूचकांकों में वृद्धि दर्ज की गयी।'' बयान के अनुसार, वित्तीय समावेश (एफआई) सूचकांक में सुधार में मुख्य रूप से उपयोग मानदंड का योगदान है। यह वित्तीय समावेश की पैठ को बताता है। एफआई सूचकांक में तीन मानदंड मुख्य रूप से शामिल हैं। ये हैं पहुंच (35 प्रतिशत), उपयोग (45 प्रतिशत) और गुणवत्ता (20 प्रतिशत)। इनमें से प्रत्येक में विभिन्न आयाम शामिल हैं।

- सभी क्षेत्रों में वृद्धि से सूचकांक में आई तेजी

# सेंसेक्स 391 अंक चढ़कर नए शिखर पर, निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 391 अंक उछलकर नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। वाहन और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह से एनएसई निफ्टी भी नये शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 391.26 अंक चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 80,351.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 436.79 अंक की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 80,397.17 अंक तक गया था। निफ्टी भी 112.65 अंक की बढ़त के साथ 24,433.20 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू एवं वैश्विक दोनों कारक बाजार को दिशा दे रहे हैं। फिलहाल एफएमसीजी और वाहन जैसे खपत-आधारित उद्योग इस तेजी की अगुवाई कर रहे हैं और मानसून एवं खरीफ की बुवाई से उसे समर्थन मिल रहा है।'

- वाहन और एफएमसीजी के शेयरों में आई तेजी

### मारुति का शेयर करीब सात फीसदी चढ़ा

घरेलू बाजार में वाहन कंपनियों के शेयरों की मंगलवार को भारी मांग रही और मारुति सुजुकी इंडिया का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई पर मारुति का शेयर 6.60 प्रतिशत चढ़कर 12,820.20 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 7.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,955 रुपये पर पहुंच गया था।

### बाजार पूंजीकरण 451.27 लाख करोड़ रुपये

शेयर बाजार में तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण मंगलवार को 451.27 लाख करोड़ रुपये के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को निवेशकों की संपत्ति में 1.56 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# खादी का कारोबार पहली बार 1.5 लाख करोड़ रुपए के पार

## कारोबारी वित्त वर्ष में 10 लाख रोजगार हुए सृजित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का सालाना कारोबार वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। इस दौरान 10 लाख से अधिक रोजगार भी सृजित हुए हैं। केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने मंगलवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष के बारे में जारी अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक, बीते 10 वर्षों में उत्पादन 315 प्रतिशत जबकि खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। कुमार ने कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 के बाद के 10 वर्षों में खादी एवं ग्रामोद्योग गतिविधियों में नए रोजगार का सृजन भी 81 प्रतिशत बढ़ गया। कुमार ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 10 लाख से अधिक नए रोजगार पैदा हुए और हमारा कारोबार भी 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। वित्त वर्ष 2022-23 में केवीआईसी की बिक्री 1.34 लाख करोड़ रुपये रही थी।' वित्त वर्ष 2013-14 में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की बिक्री 31,154.2 करोड़ रुपये थी जो वर्ष 2023-24 में 1,55,673.12 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। केवीआईसी चेयरमैन ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 में हमारी कोशिशों से ग्रामीण क्षेत्रों में 10.17 लाख नए रोजगार पैदा हुए जिसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम किया।'

- उत्पादों की बिक्री में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई



### ग्रामीण कारीगरों के उत्पादों की मांग बढ़ी

कुमार ने कहा कि ग्रामीण कारीगरों के बनाए उत्पादों की मांग बाजार में तेजी से बढ़ रही है और इसका असर उत्पादन, बिक्री एवं रोजगार आंकड़ों पर भी नजर आ रहा है।

# लेलैंड ने किया तमिलनाडु में 'रोड टू स्कूल' का विस्तार



**चेन्नई।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोका लेलैंड ने हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस के साथ मिलकर अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल 'रोड टू स्कूल' कार्यक्रम का विस्तार तमिलनाडु के तीन जिलों में किया है। यह परियोजना देश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के बीच शैक्षिक असमानताओं को पाटने की कोशिश करती है। इसका उद्देश्य सामाजिक सशक्तीकरण के साधन के रूप में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना है। कुल मिलाकर, इस पहल का लक्ष्य देश के छह से अधिक राज्यों में 1,700 से अधिक स्कूलों और दो लाख छात्रों तक लाभ पहुंचाना है। यह कार्यक्रम तमिलनाडु के तीन जिलों इरोड (78 स्कूल), सेलम (124 स्कूल) और धर्मपुरी (150 स्कूल) के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा।

## अधिकारियों का दावा, भारत में अब भी यह काफी सस्ता है

# कंगाल पाकिस्तान में भारत से सस्ती है मोबाइल सेवा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने मोबाइल टैरिफ में भारी बढ़ोतरी की है। इससे महंगाई से जूझ रहे आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। विश्लेषकों का कहना है कि इससे शहरी इलाकों में टेलिकॉम सर्विसेस पर खर्च वित्त वर्ष 2025 में कुल घरेलू खर्च का 2.8 फीसदी हो जाएगा। ग्रामीण परिवारों के लिए यह 4.5 फीसदी से बढ़कर 4.7 फीसदी हो जाएगा। लेकिन सरकार और टेलिकॉम रेगुलेटर ट्राई ने कहा है कि टेलिकॉम कंपनियां टैरिफ फिक्स करने के लिए स्वतंत्र हैं और उनका इस मामले में हस्तक्षेप करने का कोई इरादा नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि भारत में मोबाइल टैरिफ अब भी दुनिया के अधिकांश देशों से सस्ता है।

- भारत की तुलना में पाकिस्तान में यह सेवा सस्ती है



### अमेरिका में रिचार्ज प्लान करीब 4000 रुपए का

अमेरिका में मिनिमम मोबाइल रिचार्ज प्लान 49 डॉलर यानी करीब 4000 रुपए का है। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया में इसके लिए यूजर्स को 20.1 डॉलर, साउथ अफ्रीका में 15.8 डॉलर, यूके में 12.5 डॉलर, रूस में 6.55 डॉलर, ब्राजील में 6.06 डॉलर, इंडोनेशिया में 3.29 डॉलर, मिस्र में 2.55 डॉलर खर्च करने पड़ते हैं।

### अब जियो का मिनिमम सर्विस चार्ज 189 रुपए

हालिया बढ़ोतरी के बाद रिलायंस जियो का मिनिमम सर्विस चार्ज 139 रुपए से बढ़कर 189 रुपए हो गया है। इसमें 28 दिन की वैलिडिटी और दो जीबी डेटा शामिल है। इसी तरह एयरटेल और वोडाफोन आइडिया का भी मिनिमम सर्विस चार्ज 179 रुपए से बढ़कर 199 रुपए हो गया है। लेकिन सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश में महीनेभर के लिए अनलिमिटेड वॉयस और 18 जीबी डेटा के लिए आपको 1.89 डॉलर यानी करीब 157 रुपए खर्च करने पड़ते हैं।

### पाकिस्तान में सस्ती है सेवा

सरकार ने कई देशों में मोबाइल टैरिफ के बारे में डिटेल जानकारी देते हुए भारत से उनकी तुलना की है। इन आंकड़ों के मुताबिक चीन में मिनिमम सर्विस के लिए यूजर्स को 8.84 डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं। अफगानिस्तान में यह राशि 4.77 डॉलर, भूटान में 4.62 डॉलर, बांग्लादेश में 3.24 डॉलर और नेपाल में 2.75 डॉलर है। यानी इन देशों में मोबाइल टैरिफ भारत से महंगा है। दूसरी ओर आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में मोबाइल यूजर्स को अपनी सर्विस बनाए रखने के लिए मिनिमम 1.39 डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। यानी पाकिस्तान में मोबाइल टैरिफ भारत से सस्ता है।

### बीएसएनएल प्राइस रेगुलेटर की तरह काम करता था

यह रेट सरकारी कंपनी बीएसएनएल का है। बीएसएनएल पहले एक प्राइस रेगुलेटर की तरह काम करता था। इससे प्राइवेट कंपनियां टैरिफ बढ़ाने से बचती थीं। लेकिन कंपनी 4-जी और 5-जी सर्विसेज के मामले में निजी कंपनियों के साथ होड़ करने की स्थिति में नहीं है।

## चिंतन

# रूस को भारत का युद्ध छोड़ शांति का संदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दो दिवसीय रूस दौरे पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता के दौरान मंझे हुए कूटनीतिज्ञ राजनेता की तरह बात की है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से बहुत सहजता से कहा कि बम, बंदूकों और गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती और किसी संघर्ष का कोई समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं है। पीएम ने यह बात यूक्रेन से युद्ध के संदर्भ में कही है। रूस को भारत का संदेश साफ है कि युद्ध बंद कीजिए, वार्ता से मसले सुलझाइए। अब अगर रूस युद्ध समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो यह भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता होगी। कुछेक दिन पहले रूसी राष्ट्रपति ने युद्ध खत्म करने की सशर्त इच्छा जताई थी। अमेरिका व यूरोप की अपेक्षा रही है कि भारत रूस से बात कर युद्ध खत्म करने के लिए पुतिन को राजी करे। इस अपेक्षा के अनुरूप ही भारत रूस व यूक्रेन से पहले भी अपील कर चुका है कि यह युद्ध का दौर नहीं है, वार्ता से ही मसले सुलझाए जा सकते हैं। हालांकि रूस व यूक्रेन वार्ता टेबल पर नहीं आए, युद्ध तीसरे वर्ष में है। इसका बड़ा कारण है कि अमेरिका व नाटो से जुड़े यूरोपीय देशों ने कभी भी यूक्रेन को युद्ध खत्म करने के लिए नहीं मनाया। अमेरिका व नाटो देश यूक्रेन की मदद कर रहे हैं और यूक्रेन के कंधे से रूस को साधने की चेष्टा कर रहे हैं। अमेरिकी जिद के बरक्स रूस ने पश्चिम के बिना सर्वाइव का साधन खोज लिया है। इस प्रयास में रूस के लिए चीन व भारत बड़ा मददगार साबित हुए हैं। अभी एक दिन पहले ही चीन ने रूस व यूक्रेन संग युद्ध खत्म कराने के लिए वार्ता पर जोर देते हुए सहमति से मध्यस्थता की पेशकश की है। हालांकि इस पर रूस व यूक्रेन की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। अमेरिकी व्हाइट हाउस ने भारत से अपील की है कि रूस के साथ वार्ता में युद्ध के मुद्दे पर चर्चा हो और राष्ट्रों की संप्रभुता का सम्मान हो। अमेरिका की मंशा साफ है कि रूस यूक्रेन से जंग खत्म कर चले जाएं और यूक्रेन की पूर्व स्थिति रहे। रूस ने जंग के बाद यूक्रेन के कुछेक भूभाग पर कब्जा जमा लिया है। पीएम मोदी के इस रूस दौरे पर जहां चीन की नजर है, वहीं अमेरिका व यूरोप की भी निगाहें हैं। चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने मोदी के रूस दौरे को तटस्थ व संतुलित विदेश नीति के तौर पर उद्धृत किया है, तो अमेरिका मीडिया ने भी इसे भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के रूप में देखा है। अमेरिकी थिंकटैंक की भाषा में थोड़ी तल्खी है, लेकिन पश्चिम खेमे के दबाव से इतर अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के लिए भारत की सराहना भी है। पीमए की रूस यात्रा ऐसे समय हुई है, जब चीन पर रूस की निर्भरता बढ़ी है। अभी भारत को लेकर चीन की भाषा भी मर्यादित है। इस दौरे पर राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से सम्मानित कर भारत से रूस की गहरी दोस्ती का परिचय दिया और चीन, अमेरिका व यूरोप को संदेश दिया। ऊर्जा, असैन्य परमाणु, डिफेंस, अस्त्र-शस्त्र आदि क्षेत्र में भारत व रूस के बीच सहयोग और मजबूत होंगे। भारत ने रूस के सामने ग्लोबल आतंकवाद के खतरों का मुद्दा भी उठाया। रूसी सेना में भारतीय जवानों के लड़ने का लड़ने का मुद्दा भी उठा, अब रूस भारतीय की भर्ती अपनी सेना में नहीं करेगा। भारतीय समुदाय के साथ भी पीएम ने जोशीले संवाद किया। पीएम ने रूस को सुख-दुख का साथी बता कर भारत के लिए रूस की अहमियत को रेखांकित कर दिया है। भारत-रूस विश्व में नई भूमिका निभाने को तैयार है।



**बजट उम्मीद**

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बजट के ऐतिहासिक होने की आस

> 23 जुलाई को वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट आर्थिक सुधारों, आर्थिक कल्याण और तेज विकास के आधारों के आगे बढ़ाने वाला एक ऐतिहासिक बजट होगा। यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्तमंत्री 2024-25 के तहत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाने का लक्ष्य आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगी। साथ ही वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट भारत को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनने के सपने को साकार करने की डगर पर आगे बढ़ाने वाला बजट भी होगा।

इन दिनों पूरे देश की निगाहें 23 जुलाई को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए जाने वाले वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट की ओर लगी हुई। उम्मीद की जा रही है कि यह बजट विकास और सुधारों से सजा हुआ ऐतिहासिक बजट होगा। इस बजट को तैयार करने के मद्देनजर वित्तमंत्री सीतारमण ने 19 जून से 5 जुलाई तक उद्योग-कारोबार, श्रम, कृषि, एमएसएमई, टैक्सेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उपभोक्ता, आधारभूत ढांचा, वित्त क्षेत्र सहित बजट से संबंधित विभिन्न पक्षों के साथ बजट पूर्व व्यापक परामर्श बैठकें आयोजित की हैं।

गौरतलब है कि गत 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोक सभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल में वर्ष 2024-25 का बजट ऐतिहासिक होगा और इसमें आर्थिक तथा सामाजिक मोर्चे पर बड़े ऐलान किए जाएंगे। इस बजट से सरकार सुधारों की प्रक्रिया को और तेज करेगी। यह बजट नई गठबंधन सरकार की नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण के लिहाज से बहुत ही प्रभावी दस्तावेज होगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश में विभिन्न सुधारों से भारतीय बैंकिंग विश्व के सबसे मजबूत बैंकिंग क्षेत्रों में शुमार हो गई है। टैक्स संग्रहण ऊंचाई पर है। गरीब, युवा, महिलाएं और किसानों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों से इन वर्गों का उत्थान हुआ है। मुर्मू ने कहा कि पिछले दस वर्षों में सरकार के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म ने भारत को विश्व की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाया है और भारत ने 2021 से 2024 के बीच 8 प्रतिशत सालाना की दर से वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि नए बजट के माध्यम से अटके पड़े सुधारों, वित्तीय व श्रम सुधारों को आगे बढ़ाया जाएगा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, वैश्विक बाजार में भारतीय खाद्यान्नों की मांग बढ़ाने, किसानों की आय बढ़ाने तथा रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने के बड़े कदम आगे बढ़ाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट एक लेखानुदान की तरह था तथा इसमें कोई लोक लुभावन योजना नहीं थी। ऐसे में इस अंतरिम बजट ने 23 जुलाई को प्रस्तुत किए जाने वाले वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट के लिए अच्छे आर्थिक और वित्तीय आधारों की विरासत सौंपी है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पूर्ण बजट 2024-25 की तैयारी को अंतिम रूप देते समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास अच्छे व ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने के कई मजबूत आधार हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा वित्त मंत्रालय को 2.11 लाख करोड़ रुपये का भारी भरकम लाभांश सौंपा गया है, वह भी नए बजट का मजबूत आधार होगा। इस लाभांश से सरकार को राजकोषीय सहायता मिलेगी और व्यय अपेक्षाओं का प्रबंधन होगा। आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। पिछले 10 वर्षों में आयकरदाताओं की संख्या और



आयकर की प्राप्ति में छलांगें लगाकर वृद्धि हुई है। आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8 करोड़ के स्तर को पार कर चुका हैं। जहां पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने से भी अधिक हुए हैं, वहीं, आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्तमंत्री की मुठ्ठियों में देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं है। इसके अलावा पिछले वर्षों में वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए अब तक राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक उपयुक्त रूप से नियंत्रित रखते हुए सफलतापूर्वक आगे बढ़ी हैं।

निःसंदेह नया बजट 2024-25 गरीब, युवा, महिलाएं और किसानों के कल्याण के नए उपायों के साथ विकास योजनाओं पर केंद्रित होते हुए दिखाई दे सकता है। नए बजट में वित्तमंत्री वृद्धि और रोजगार पर फोकस करते हुए दिखाई दे सकती हैं। किसान सम्मान निधि सालाना 6000 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये की जा सकती है। कृषि, ग्रामीण विकास, सिंचाई वेयरहाउसिंग को प्रोत्साहन नए बजट में बढ़ाएं जा सकते हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहां विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे नए क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती हैं और श्रम साध्य क्षेत्रों में नई नौकरियों के सृजन के पथ पर आगे बढ़ सकती हैं, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती हैं। नए बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों वेतनभोगी (सेलरिड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि पिछले विभिन्न बजटों में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है। साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हें कुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। वित्तमंत्री नए बजट में खपत को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के उपाय भी कर सकती हैं, जिसमें कर राहत के उपाय भी शामिल हैं। ऐसे में नए बजट में आयकर के पुराने तथा नए स्लैब दोनों के तहत छोटे आयकरदाताओं को राहत के प्रावधानों का ऐलान किया जा सकता है। निःसंदेह वेतनभोगी वर्ग के द्वारा नए बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है, क्योंकि वेतनभोगी वर्ग के द्वारा दिया गया कुल आयकर पेशेवरों और कारोबारी करदाताओं के वर्ग द्वारा चुकाए गए कुल आयकर से काफी अधिक होता है। वेतनभोगी करदाताओं के कर की कटौती अर्जित आय पर की जाती है। इसे टीडीएस के रूप में जाना जाता है। टीडीएस के कारण वेतनभोगी ईमानदारी से आयकर चुकाते हैं और आमदनी को कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है। ऐसे में टीडीएस की वर्तमान 50,000 रुपये की सीमा बढ़ाकर 75,000 रुपये की जा सकता है।

हम उम्मीद करें कि 23 जुलाई को वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट आर्थिक सुधारों, आर्थिक कल्याण और तेज विकास के आधारों के आगे बढ़ाने वाला एक ऐतिहासिक बजट होगा। यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्तमंत्री 2024-25 के तहत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाने का लक्ष्य आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगी। साथ ही वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट भारत को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनने के सपने को साकार करने की डगर पर आगे बढ़ाने वाला बजट भी होगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## भविष्य

शिशिर शुक्ला




# अंतरिक्ष में डाटा की सुरक्षा

हाल ही में यूरोप की कंपनी एसेंड ने 21 लाख डॉलर खर्च करके एक अध्ययन किया और यह निष्कर्ष निकाला है कि भविष्य में बढ़ते हुए डाटा को सुरक्षित रखने के लिए अंतरिक्ष में डिजिटल गोदाम खोलने पर विचार करना पड़ेगा। इस योजना के पीछे कारण यह बताया गया है कि भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू पर इस कदर हावी हो जाएगी कि अथाह मात्रा में उत्पन्न होने वाले अपने उपयोगी डाटा को सुरक्षित रख पाना हमारे लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। तकरीबन 16 महीने तक इस मुद्दे पर हुए अध्ययन के बाद नतीजा यह निकला है कि इस चुनौती से निपटने के लिए पृथ्वी से 1400 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में डाटा सेंटर स्थापित किए जाएंगे। यूरोपीय कंपनी एसेंड के अनुसार अंतरिक्ष में वर्ष 2036 तक ऐसे 13 डाटा सेंटर खोले जाएंगे जिनकी क्षमता लगभग 10 मेगावाट होगी। प्रत्येक डाटा केंद्र की सतह का क्षेत्रफल 6300 वर्ग मीटर होगा। इतना ही नहीं, वर्ष 2050 तक ऐसे 1300 डाटा सेंटर स्थापित किए जाने की योजना बनाई जा रही है। एक अन्य विशेष बात यह है कि ये डाटा सेंटर सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। देखा जाए तो आज हमारे जीवन में डिजिटलीकरण ने पूर्णतया अपना दखल स्थापित कर लिया है। सुबह जागने से लेकर रात में सोने तक हम पूर्णरूपेण डिजिटल तकनीकी की गिरफ्त में जकड़े हुए हैं। कारण यह है कि डिजिटलीकरण ने हमारे जीवन में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए अनेक सुविधाओं का समावेश भी किया है। इन सुविधाओं में सबसे महत्वपूर्ण बिंदु जिसका जिक्र करना उचित होगा, वो है समय की बचत। निस्संदेह डिजिटलीकरण ने प्रत्येक क्षेत्र में हमारे लिए समय की बचत करने में एक अभूतपूर्व योगदान दिया है, किंतु डिजिटल तकनीकी के कुछ पार्श्व प्रभाव भी उभरकर सामने आए हैं, जो कहीं न कहीं हमारे जीवन पर ही असर डाल रहे हैं अथवा भविष्य में गंभीर असर डालने वाले हैं। आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में प्रतिदिन लगभग 402.74 मिलियन टेराबाइट डाटा पैदा हो रहा है। इसके साथ ही यह भी निश्चित है कि समय के साथ प्रतिदिन पैदा होने वाले इस डाटा की मात्रा में निरंतर बढ़ोतरी होती जाएगी। स्वाभाविक सी बात है कि जब अपने पास कीमती सामान ज्यादा हो तो उसकी सुरक्षा को लेकर मन में सवाल उठेगा ही। डाटा के उत्पन्न होने से लेकर डाटा की सुरक्षा तक प्रत्येक कार्य में ऊर्जा का खर्च होना ही है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार पृथ्वी के डाटा सेंटरों पर वर्ष 2026 तक प्रति घंटा एक हजार टेरावॉट बिजली की खपत होगी। इतनी बड़ी मात्रा में ऊर्जा की खपत होने से हम शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को किसी भी दशा में हासिल नहीं कर पाएंगे। यूरोपीय कमीशन के सहयोग से किए गए इस शोध का मुख्य लक्ष्य भी भविष्य में पृथ्वी को अनावश्यक ऊर्जा खपत से बचाते हुए कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम करने की अवधारणा पर ही आधारित है। चूंकि अंतरिक्ष में सूर्य ही एकमात्र ऊर्जा का स्रोत होगा, लिहाजा अंतरिक्ष में डाटा सुरक्षा के लिए हम सौर ऊर्जा पर ही निर्भर होंगे। डेनमार्क के डाटा सेंटर इंडस्ट्री एसोसिएशन के अनुसार भविष्य में दुनिया के सामने डाटा सुनामी का दौर आने वाला है। पृथ्वी पर एक बड़ी मात्रा में डाटा उत्पादित होगा और उस डाटा की सुरक्षा के लिए एक बड़ी मात्रा में बिजली और पानी की आवश्यकता होगी। नतीजा यह होगा कि बिजली एवं पानी जो धीरे धीरे संकट के दायरे में आने के कगार पर हैं और अधिक तीव्र गति से इस ओर बढ़ जाएंगे। ऐसी दशा में बहुमूल्य डाटा की सुरक्षा कर पाना नितांत मुश्किल होगा। अगर भारत की बात की जाए तो भारत में प्रतिदिन 1.145 ट्रिलियन मेगाबाइट डाटा उत्पन्न हो रहा है। इस हिसाब से वर्ष 2028 तक भारत को 3.6 गीगावाट क्षमता वाले डाटा सेंटर की जरूरत होगी। भारत में मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई, ये चारों डाटा सेंटर के मुख्य हब हैं। भारत के लगभग 90 फीसदी डाटा सेंटर इन्हीं चार महानगरों में हैं। समस्या का अंदाजा हम इसी से लगा सकते हैं कि हम अपने मोबाइल फोन में प्रतिदिन 1.5 गीगाबाइट अथवा 2 गीगाबाइट डाटा प्रदान करने वाले प्लान का रिचार्ज करते हैं। इस हिसाब से हम लगभग 60 गीगाबाइट डाटा प्रतिमाह खर्च करते हैं। अगर औसतन बात की जाए, तो एक भारतीय प्रतिमाह 19 गीगाबाइट डाटा का उपभोग कर रहा है। यहां पर एक अन्य बात का उल्लेख करना उचित होगा कि जनसंख्या वृद्धि की द्रुत दर भी किसी से छिपी नहीं है। जाहिर सी बात है कि जनसंख्या अगर इसी दर से बढ़ती रही तो डाटा उपभोग की मात्रा भी उतनी ही तेज गति से बढ़ेगी। पृथ्वी पर डाटा के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए भविष्य में दुनिया के सभी देशों को अंतरिक्ष में डिजिटल गोदाम बनाने के विकल्पों पर विचार करना ही पड़ेगा और साथ ही ऊर्जा के स्वच्छतम विकल्प सौर ऊर्जा पर केंद्रित रहते हुए चुनौतियों से निपटने का प्रयास करना होगा।

(लेखक स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में भौतिकी के विभागाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित

**दर्शन**

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

## सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित

**प्रेरणा**

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई, जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था, जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशान थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया, जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी, लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था, लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएं ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है, इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी क्यों

बारिश न हो तो सूखे के कारण सब्जियों के दाम में वृद्धि हो जाती है और अगर बारिश हो जाए तो भी सब्जियों के खराब होने के कारण दाम बढ़ जाते हैं। लेकिन इसका क्या हल निकाला जाए, यह शायद कोई नहीं सोचता है। देश में उगाई जाने वाली खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को देखकर तो यह लगने लगा है कि यह कहीं दूर विदेशों से आई हैं। देश के कुछ राज्यों में आजकल टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं। यह किसी एक सब्जी की आसमान छूती कीमत की बात नहीं है। कभी प्याज तो कभी अन्य सब्जियों के मूल्य आसमान छू जाते हैं। कृषि प्रधान देश में सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी और फिर भी किसानों की दयनीय दशा सचमुच शर्मनाक है। सब्जियों की कीमतों को नियंत्रित किया जाना चाहिए। *– प्रकाश जैन, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### नाटो में सबसे कम योगदान देने वाला देश बना कनाडा



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में आयोजित हो रहे नाटो शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर एक प्रमुख अमेरिकी मीडिया संगठन ने कहा कि कनाडा 32 सदस्यीय इस सैन्य गठबंधन में सबसे कम योगदान देने वाले देशों में से एक बन गया है। प्रमुख अमेरिकी मीडिया संगठन 'पॉलिटिको' ने कहा, 'पिछले कई वर्षों में ओटावा 32 सदस्यीय गठबंधन में सबसे कम योगदान देने वाले देशों में से एक बन गया है। वह घरेलू सैन्य खर्च के लक्ष्यों को पूरा करने में नाकाम रहा है, नए उपकरण खरीदने के लिए वित्त पोषण देने में नाकाम रहा है और उसके पास इस संबंध में कोई योजना भी नहीं है।' कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो इस साल के उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए वाशिंगटन पहुंच गए हैं जिसकी औपचारिक शुरुआत आज होगी। ट्रुडो के कार्यालय ने बताया कि यहां बैठकों के दौरान वह पूरे यूरोप में नाटो के सामूहिक रक्षा प्रयासों में कनाडा के योगदानों पर प्रकाश डालेंगे। 'पॉलिटिको' ने कहा कि नाटो के 12 संस्थापक सदस्यों में से एक कनाडा ने रक्षा पर दो प्रतिशत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) खर्च करने के संकल्प पर 2014 में हस्ताक्षर किए थे।

## ऑफ बीट

### पृथ्वी के गर्म होने पर तूफानों में कैसे बदलाव आएंगे


जब एक जुलाई को तूफान बेरिल ने ग्रेनेडाइन द्वीप समूह पर हमला किया, तो इसकी 150 मील प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं और



भयानक तूफान ने इसे उष्णकटिबंधीय अटलांटिक में आएं श्रेणी 5 का तूफान (सैफिर-सिम्पसन तूफान पवन पैमाने पर सबसे विनाशकारी ग्रेड) बना दिया। 2024 में सक्रिय तूफान के मौसम की भविष्यवाणी काफी पहले ही कर दी गई थी। हालाँकि, जिस गति से बेरिल तीव्र हुआ, उसने वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित कर दिया। यह तूफान केवल 24 घंटों में 70 मील प्रति घंटे की औसत हवाओं के साथ उष्णकटिबंधीय-तूफान की ताकत से 130 मील प्रति घंटे की हवाओं के साथ प्रमुख-तूफान की स्थिति में पहुंच गया। अल्बानी यूनिवर्सिटी, स्टेट यूनिवर्सिटी आफ न्यूयार्क में वायुमंडलीय विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर ब्रायन टैंग कहते हैं, 'बेरिल जून की बजाय तूफान के मौसम में आने वाला विशिष्ट तूफान है, और इसकी तीव्रता और ताकत असामान्य रूप से गर्म पानी के कारण होती है।' जैसे-जैसे रिकॉर्ड जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के कारण दुनिया तेजी से गर्म हो रही है, शोध से पता चलता है कि अभी और भी अप्रिय आश्चर्य आने वाले हैं।

## ट्रेंड

### शिक्षा सामूहिक जिम्मेदारी



एनईपी का संपूर्ण कार्यान्वयन, प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर सीखने के परिणामों में सुधार भारत को एक ज्ञान महाशक्ति में बदलने और समान और समावेशी पहुंच को सक्षम करने के लिए केंद्रीय है। जड़युक्त, भविष्यवादी, बहुभाषी और 21वीं सदी की शिक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### समाधान का रास्ता



जैसे ही मैंने मध्य एशिया की अपनी यात्रा समाप्त की, मैं पूरे क्षेत्र में मिली एकजुटता की भावना से प्रोत्साहित होकर निकला। बिखरी हुई दुनिया में, यह खुशी की बात है कि मध्य एशिया अलग रास्ता चुन रहा है- सहयोग और सामान्य समाधान का रास्ता।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### मन से आत्मा की ओर मुड़ें



परमात्मा संपूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त और मार्गदर्शन करने वाली मार्गदर्शक चेतना है। अहं-मन भौतिक स्तर पर उस आंतरिक प्रकाश का एक सीमित प्रतिबिंब है। जब तक हम मन से आत्मा की ओर नहीं मुड़ते, हम नहीं जान पाएंगे कि हम कौन हैं या अस्तित्व का अर्थ क्या है।

-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक

### आश्चर्यजनक प्रतिभा



पृथ्वी पर क्या चल रहा है? पिछले दो सप्ताह के भीतर दूसरी बार, भारतीय मूल की एक युवा महिला ने मंच पर धूम मचाई है। प्रतिभा जो बिल्कुल आश्चर्यजनक है। संगीत की स्वदेशी अमेरिकी शैलियों में अर्जित कौशल के साथ। रॉक एंड गॉस्पेल।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## मास्को में भारतीय समुदाय से मिले पीएम मोदी

# कहा- आज दुनिया कह रही है 21वीं सदी भारत की विश्व बंधु के रूप में हम दुनिया को नया भरोसा दे रहे

- संबंधों को बढ़ाने में भारतीय समुदाय का अहम योगदान
- भारत ने दुनिया का स्थिरता और समृद्धि की उम्मीद दी
- भारत और रूस के संबंध हमेशा गर्मजोशी भरे रहे

एजेंसी ▶▶ मास्को

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय रूस दौरे पर हैं। मास्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मंगलवार को पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में भारत 'विश्व बंधु' (विश्व का मित्र) की भूमिका निभाएगा। पीएम ने कहा कि दुनिया के सभी विशेषज्ञ कह रहे हैं कि 21वीं सदी भारत की सदी है। आज विश्व बंधु के रूप में भारत दुनिया को नया भरोसा दे रहा है। भारत की बढ़ती क्षमता ने पूरी दुनिया को स्थिरता और समृद्धि की उम्मीद दी है। न्यू इमर्जिंग मल्टीपोलर वर्ल्ड ऑर्डर में भारत को एक मजबूत पिलर के रूप में देखा जा रहा है।



### भारत जो लक्ष्य ठानता है, उसे पूरा करता है

पीएम मोदी ने कहा कि आज का भारत जो लक्ष्य ठान लेता है, वो पूरा करके ही रहता है। आज भारत वो देश है, जो डिजिटल ट्रांजेक्शन का सबसे रिलायबल मॉडल दुनिया को दे रहा है। आज भारत वो देश है, जहां दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है।

### पुराने हिंदी गाने का किया जिक्र

मोदी ने पुराने गाने 'सिर पे लाल टोपी रूसी' का भी जिक्र किया और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में राज कपूर और मिथुन चक्रवर्ती जैसे कलाकारों के योगदान के बारे में बात की। मोदी ने कहा कि यह गाना भले ही पुराना हो गया हो, लेकिन इसके भाव सदाबहार हैं।

### चुनौती को चुनौती देना मेरे डीएनए में

पीएम मोदी ने कहा कि आज ग्लोबल इकोनॉमी की वृद्धि में 15 प्रतिशत भारत की हिस्सेदारी है। वैश्विक गरीबी से लेकर जलवायु परिवर्तन तक हर चुनौती को चुनौती देने में भारत सबसे आगे रहेगा। चुनौती को चुनौती देना तो मेरे डीएनए में है।

**राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व को सराहा**

*रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के योगदान की प्रशंसा करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि हमारे संबंधों की मजबूती कई बार परखी गई है और हर बार हमारी दोस्ती और मजबूत हुई है। मैं विशेष रूप से अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व की सराहना करना चाहूंगा। उन्होंने दो दशकों से अधिक समय से इस साझेदारी को मजबूत करने के लिए अद्भुत काम किया है।*

### रूस भरोसेमंद दोस्त

रूस को भरोसेमंद दोस्त बताते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध हमेशा गर्मजोशी भरे रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ये रिश्ता आपसी विश्वास और आपसी सम्मान की मजबूत नींव पर बना है।

## खबर संक्षेप


### ह्यूमन ऑर्गन ट्रांसप्लांट में डॉक्टर समेत 7 अरेस्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने एक ह्यूमन ऑर्गन ट्रांसप्लांट रैकेट का भंडाफोड़ किया है। ये रैकेट राष्ट्रीय राजधानी में धड़ल्ले से ह्यूमन ऑर्गन ट्रांसप्लांट कर रहा था। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने आज एक ह्यूमन ऑर्गन ट्रांसप्लांट रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक डॉक्टर सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले का मास्टरमाइंड बांग्लादेशी है

### डीपफेक के शिकार हुए यूट्यूबर भुवन बाम

**मुंबई।** भुवन बाम यूट्यूब की दुनिया में एक बड़ा नाम है। उनका यूट्यूब पर 'बीबी की वाइन्स' के नाम से एक चैनल है, जिसपर वह कॉमेडी वाले वीडियोज अपलोड करते हैं। भुवन के करोड़ो सब्सक्राइबर हैं। हालांकि, इन सब के बीच इंफ्लूएंसर डीपफेक वीडियो का शिकार हुए है, जिसे लेकर उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। भुवन ने लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया और कहा कि मैं अपने सभी प्रशंसकों को मेरे एक डीपफेक वीडियो के बारे में सचेत करना चाहता हूं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो है।



## राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री ने कठुआ आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया

# रक्षा सचिव ने कहा- बलिदान का बदला लिया जाएगा, बुरी ताकतों को हराएंगे

कठुआ में हुए आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक ने मौके पर बैठक की है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकवादी हमले में पांच जवानों की मौत पर मंगलवार को 'गहरा दुख' व्यक्त किया। वहीं, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा कि कठुआ हमले में पांच जवानों की मौत का बदला लिया जाएगा और भारत इसके पीछे की बुरी ताकतों को हराएगा।

सोमवार को सेना के गश्ती दल पर हुआ आतंकवादी हमला कठुआ जिला मुख्यालय से लगभग 150 किलोमीटर दूर लोहाई मल्हार के बदनोटा गांव के निकट ऊबड़-खाबड़ मछेड़ी-किंडली-मल्हार पहाड़ी मार्ग पर इस तरह की पहली घटना थी। भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे सेना के दो वाहनों पर ग्रेनेड फेंका और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें पांच सैन्यकर्मी शहीद हो गए। हमले में पांच सैनिक घायल भी हो गए। हमले के बाद आतंकवादी पास के जंगलों में भाग गए। हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है।

**खास बातें**

- आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी
- आतंकवाद विरोधी अभियान की डीजीपी ने समीक्षा की
- सेना के शीर्ष पैरा-कमांडो और खोजी कुत्ते तलाशी अभियान में शामिल
- ड्रोन और हेलीकॉप्टरों से भी निगरानी की जा रही



**कायरतापूर्ण कृत्य**

*राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि मेरी संवेदनाएं उन बहादुरों के परिवारों के साथ हैं जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ चल रही इस लड़ाई में अपना बलिदान दिया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सेना के जवानों के काफिले पर आतंकवादियों द्वारा किया गया हमला एक कायरतापूर्ण कृत्य है जिसकी निंदा की जानी चाहिए और इसके लिए कठोर जवाबी कार्रवाई की जानी चाहिए।*

### शहीदों की सेवा को याद रखा जाएगा

रक्षा सचिव अरमाने ने भी हमले में 'पांच बहादुर सैनिकों की मौत पर गहरा दुख' जताया। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना भी व्यक्त की। अरमाने ने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके बलिदान का बदला लिया जाएगा और भारत हमले के पीछे की बुरी ताकतों को हराएगा। रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने अरमाने की प्रतिक्रिया सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की।

### दो माह पहले हुई थी घुसपैठ

कठुआ में सेना के काफिले पर हमले के बाद पता चला है कि पाकिस्तान से काफी ज्यादा आतंकियों की घुसपैठ हुई है। यह घुसपैठ लगभग दो महीने पहले ही हो गई थी। इस आतंकी हमले में आतंकवादियों का पूरा झुंड शामिल था। यह हमला उत्तरी और पश्चिमी कमांड के बीच इंटर फॉर्मेशन बाउंड्री के पास हुआ। कुछ सप्ताह पहले ही अतिरिक्त बलों को तैनात किया गया था।



### पुलिस और सेना के अधिकारियों के साथ बैठक की

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने एडीजीपी (कानून-व्यवस्था) विजय कुमार और एडीजीपी, जम्मू जोन, आनंद जैन के साथ पुलिस और सेना के अधिकारियों के साथ बैठक की। बताया कि सेना के शीर्ष पैरा-कमांडो और खोजी कुत्ते तलाशी अभियान में शामिल हो गए हैं, ड्रोन और हेलीकॉप्टरों से निगरानी की जा रही है।

### आतंकवाद विरोधी अभियान जारी

राजनाथ सिंह ने 'एक्स' पर लिखा कि कठुआ (जम्मू-कश्मीर) के बदनोटा में आतंकवादी हमले में हमारे पांच बहादुर सैनिकों की मौत से मुझे गहरा दुख हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, इस कठिन समय में राष्ट्र उनके साथ मजबूती से खड़ा है। आतंकवाद विरोधी अभियान जारी है। हमारे सैनिक क्षेत्र में शांति और व्यवस्था कायम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं घायल हुए जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

*शहीद होने वाले सभी बहादुर जवान उत्तराखंड के*

## शहादत पर आंखें नम गर्व से ऊंचा हुआ सिर



आदर्श नेगी शहीद | आनंद सिंह शहीद | विनोद सिंह शहीद | कमल सिंह शहीद | अनुज नेगी शहीद

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड से शहीद होने वालों में सूबेदार आनंद सिंह, हवलदार कमल सिंह, राइफलमैन अनुज नेगी, राइफलमैन आदर्श नेगी, नायक विनोद सिंह शामिल हैं। पांचों शहीदों की खबर गांव में पहुंचते ही घरों में कोहराम मच गया है। परिजनों को यकीन ही नहीं हो रहा है कि उनका बहादुर अब इस दुनिया में नहीं रहे। शहादत की खबर पहुंचते ही घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### तीन माह की बेटी को देखने आए थे विनोद

नई टिहरी के जाखणीधार ब्लाक के चौंड जसपूर के विनोद भंडारी (33) पुत्र वीर सिंह भंडारी जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकी हमले के दौरान शहीद हुए हैं। इनका परिवार भानियावाला में निवास करता है। डेढ़ माह पूर्व घर आए थे। इनके एक चार वर्षीय पुत्र और तीन माह की बेटी है। बेटी के जन्म के बाद ही बेटी को देखने डेढ़ माह पूर्व घर आए थे।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जताया शोक

*सीएम पुष्कर धामी ने एक्स पर लिखा कि कठुआ जम्मू कश्मीर में हुए कायराना आतंकी हमले के दौरान उत्तराखंड के 5 वीर-जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत पीड़ा का क्षण है क्योंकि हमने भाई और बेटा भी खोया है। हमारे रणबांकुरों ने उत्तराखंड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।*

### 6 माह पहले छुट्टी पर गांव आए थे

रुद्रप्रयाग जनपद के ग्राम कांडा भरदार के वीर सपूत नायब सूबेदार आनंद सिंह शहीद हो गए। शहीद रावत 6 माह पूर्व अपने गांव छुट्टी पर आए थे। वह वर्तमान में जम्मू कश्मीर में तैनात थे। आनंद सिंह रावत का परिवार वर्तमान में देहरादून में रहते है। उनके बड़े भाई और मां गांव में ही रहते हैं।

मोदी ने खूनी अपराधी पुतिन को गले लगाया

## रूस दौरे पर जेलेंस्की आगबबूला शांति प्रयासों पर बताया प्रहार

एजेंसी ▶▶ कीव

नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा और उनकी व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की को पसंद नहीं आई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री की मॉस्को यात्रा की आलोचना करते हुए इसे निराशाजनक और शांति प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका बताया है। उन्होंने कहा कि उसी दिन मोदी ने पुतिन से मुलाकात की जब एक रूसी मिसाइल कीव में बच्चों के अस्पताल को निशाना बना रही थीं। सोमवार सुबह ही रूसी मिसाइलों ने यूक्रेनी शहरों पर हमला किया, जिसमें कम से कम 37 लोग मारे गए और 170 अन्य घायल हुए। जेलेंस्की ने नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया और पुतिन को खूनी बताया। जेलेंस्की ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में रूस के हमले और पुतिन मोदी की मुलाकात पर कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को मास्को में दुनिया के सबसे खूनी अपराधी को गले लगाते हुए देखना एक बड़ी निराशा है।




**यूक्रेन युद्ध पर तटस्थ है भारत**

भारत ने रूस के यूक्रेन पर आक्रामण का कभी समर्थन नहीं किया है। मास्को में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक के दौरान पीएम मोदी ने उनसे कहा कि युद्ध के मैदान पर कोई समाधान नहीं खोजा जा सकता है। भारत ने हमेशा क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता सहित संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करने के पक्ष में रहा है। किसी भी मसले का हल युद्ध के मैदान पर नहीं बल्कि बातचीत और कूटनीति से ही निकल सकता है।

### सलमान को धमकी देना चाहते थे हमलावर

**मुंबई।** सलमान खान के मुंबई स्थित घर पर फायरिंग मामले में नवी मुंबई पुलिस ने मकोका कोर्ट में 1736 पेज की चार्जशीट दाखिल की है। इसमें लॉरेंस समेत 9 आरोपियों के नाम हैं। इनमें से 5 की गिरफ्तारी हो चुकी है। लॉरेंस पहले से ही अन्य मामलों में जेल में बंद है। इसमें बताया गया है कि गैलेक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग करने वाले दोनों बाइक सवार सलमान को जान से मारने के इरादे से नहीं आए थे। वे फिल्म इंडस्ट्री में डर पैदा करना चाहते थे, ताकि शहर में दूसरे गिराहों की गैरमौजूदगी में वसूली कर सकें।



रिजिजू ने की पीएमजेवीके परियोजनाओं की समीक्षा

## अरुणाचल को 35 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देगी केंद्र सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले और संसदीय मामले मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय स्थिति की समीक्षा की। कार्यक्रम के तहत भविष्य की योजनाओं का रोडमैप तैयार किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू, उपमुख्यमंत्री चौना मीन, अरुणाचल प्रदेश के सामाजिक न्याय अधिकारिता और जनजातीय मामले (एसजेईटीए) मंत्री केंटो जिनी और विधायक एवं मंत्री के सलाहकार (एसजेईटीए) रोडे बुई मौजूद थे।



**बौद्ध समुदाय पर विशेष ध्यान**

*रिजिजू ने परियोजनाओं के लिए राज्य को केंद्रीय हिस्से के रूप में 35 करोड़ की वित्तीय सहायता जारी करने की भी घोषणा की। मंत्री ने दो नई परियोजनाओं की भी घोषणा की, एक दीयुन सर्कल के कुमचैखा और एक पाकपु मालिंग के लिए। बौद्ध समुदायों पर विशेष ध्यान देने के साथ "संपूर्ण सरकार" दृष्टिकोण के साथ उनका विकास किया जाएगा।*

### युवाओं को आधुनिक शिक्षा दी जाएगी

युवा बौद्ध आबादी के लिए आधुनिक शिक्षा और पेशेवर/व्यावसायिक और कौशल विकास पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त प्रावधान के साथ पारंपरिक धार्मिक शिक्षा को धर्मनिरपेक्ष बनाने के प्रमुख उद्देश्य के साथ, केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की बौद्ध विकास योजना (बीडीपी) के तहत पहले से ही स्वीकृत 10 परियोजनाओं (कुल अनुमानित लागत 41.07 करोड़ रुपए) के शीघ्र निष्पादन के लिए आगे बढ़ने की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

**राफेल मरीन जेट डील- फ्रांस से दूसरे दौर की चर्चा शुरू, हिंद महासागर में होगी तैनाती**

# नौसेना के लिए 26 विमान खरीदने कर रहा मोलभाव भारत

### राफेल मरीज जेट की ये हैं खासियत

- यह बहुत कम जगह पर लैंड भी कर सकता है
- यह 15.27 मी. लंबा, 10.80 मी. चौड़ा, 5.34 मी. ऊंचा है
- इसका वजन 10,600 किलो है
- इसकी गति 1,912 किलोमीटर प्रति घंटा है
- मारक क्षमता 3700 किमी की रेंज है
- यह 50 हजार फीट ऊंचाई तक उड़ान भरने में सक्षम

एजेंसी ▶▶ पुणे

भारत 26 राफेल मरीन जेट खरीदने के लिए फ्रांस के साथ चल रही बातचीत के दौरान बेहतर कीमत पाने के लिए कड़ा मोलभाव कर रहा है, इस सौदे की कीमत 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा होने की उम्मीद है। 8 जुलाई को फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की दूसरे दौर की चर्चा शुरू हुई।

इसके अगले 10-12 दिन चलने की उम्मीद है। भारत बातचीत को लेकर स्पष्ट है और नौसेना के लिए राफेल-एम की डील के लिए बेस प्राइज वहीं रखना चाहता है, जो 2016 में वायु सेना के लिए 36 विमानों के पिछले सौदे का उपयोग करना चाहता है। इस डील की कीमत में इन्फ्लेशन कॉस्ट (मुद्रास्फीति) शामिल होगी, जिस पर पिछले सौदे में दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी थी। नेवी के लिए खरीदे जा रहे 22 सिंगल सीट राफेल-एम जेट और 4 डबल ट्रेनर सीट राफेल-एम जेट हिंद महासागर में चीन से मुकाबले के लिए आईएनएस विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे। भारतीय नौसेना इन विमानों को आंध्र प्रदेश के विशाखापटट्नम में आईएनएस डेगा में अपने होम बेस के रूप में तैनात करेगी।



### डील में हथियारों को असेबंल करने का पैकेज शामिल

फ्रांसीसी ऑफर में फाइटर जेट पर भारतीय हथियारों को असेंबल करने के लिए पैकेज शामिल हैं। इन हथियारों में अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल, एयरक्राफ्ट कैरियर से ऑपरेट करने के लिए जेट में इंडियन स्पेसिफिक इन्हैंस्ड लैंडिंग इक्विपमेंट्स और जरूरी इक्विपमेंट्स शामिल किए हैं। रियल टाइम ऑपरेशन के लिए कुछ और इक्विपमेंट्स का इस्तेमाल करना होगा। यह भी भारत की डील का हिस्सा होगा।

### पहले दौर की चर्चा जून 2024 में हुई थी

26 राफेल-एम फाइटर जेट खरीदने की डील पर पहले दौर की चर्चा पिछले महीने शुरू हुई थी। तब फ्रांस सरकार और दसॉ कंपनी के अधिकारियों ने रक्षा मंत्रालय की कॉन्ट्रेक्ट नेगोशिएशन कमेटी से चर्चा की थी। 50 हजार करोड़ की यह डील फाइनल होने पर फ्रांस राफेल-एम जेट के साथ हथियार, सिमुलेटर, क्रू के लिए ट्रेनिंग और लॉजिस्टक सपोर्ट भी मुहैया कराएगा।

राहुल से मिली शहीद अंशुमान की मां

## कहा- बंद की जाए अग्निवीर योजना तीन दिन पहले ही मिला कीर्ति चक्र

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

राहुल से मिलने पहुंचे लखनऊ के पारा निवासी निवासी शहीद अंशुमान के परिजनों ने अग्निवीर योजना बंद करने की मांग की। अंशुमान की मां मंजू सिंह ने कहा कि अग्निवीर योजना बंद की जाए, यह कतई सही नहीं है।

उन्होंने कहा कि उनके पति भी सेना से सेवानिवृत हुए हैं और बेटा भी सेना की सेवा में ही था। सेना में ऐसा नहीं होना चाहिए कि 4 साल में ही किसी को रिटायर कर दिया जाए, बल्कि सैन्य कर्मियों की सुविधाएं बढ़ाई जानी चाहिए। गौरतलब है कि मूलरूप से देवरिया निवासी अंशुमान की पत्नी व मां को पिछले दिनों राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में कीर्ति सम्मान से नवाजा गया था। इस दौरान अंशुमान की मां ने राहुल गांधी से मिलने की इच्छा जाहिर की थी। समय अभाव के कारण राहुल से इत्मीनान से मुलाकात नहीं हो पाई थी, राहुल ने अपना नंबर देते हुए उनसे जल्द मुलाकात करने को कहा था। इसके बाद से राहुल की टीम लगातार उनके संपर्क में थी।



# 17 जुलाई के बाद नहीं होंगे विवाह, करना होगा इंतजार

## देवउठनी एकादशी के बाद नवंबर में ही शुरू होंगे विवाह

जबलपुर।

कल सोमवार से शादी-विवाह पुनः प्रारंभ हो चुके हैं। जिन लोगों को शादी जरुर करना था वे शुभ मुहुर्त का दो महिने से इंतजार कर रहे थे। यह विवाह मुहूर्त भी सिर्फ नौ दिन ही रहेंगे। इसके बाद 17 जुलाई से देवशयनी एकादशी से चातुर्मास लग जाएगा। उसके बाद चार माह के लिए विवाहों पर विराम लग जाएगा। इसके बाद विवाह देवउठनी एकादशी के बाद नवंबर में ही शुरू होंगे। शहर में 1500 से अधिक जोड़ों के विवाह होंगे। इधर विवाह की खरीदी के लिए बाजारों में रौनक देखी जा रही है। 85 प्रतिशत से अधिक मैरिज गार्डन-होटल, कैटरिंग बुक हो चुके हैं। राजधानी के ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस बार जुलाई माह में विवाह के लिए सबसे खास मुहूर्त नौ, 11, 15 और 16 जुलाई के हैं। इसमें 15 जुलाई को भड़ली नवमी का अबूझ मुहूर्त भी शामिल है। जून दो माह तक गुरु व शुक्र के अस्त रहने की वजह से



विवाह मुहूर्त नहीं थे। चालू साल में जुलाई में 8 से 16 तक, वहीं नवंबर में 16 से 18, 22 से 26, 28 जुलाई तक और उसके बाद दिसंबर-2 से 5, 9 से 11 13 से 15 (10 दिन) तक विवाह मुहूर्त हैं। गुरु ग्रह तीन जून और शुक्र ग्रह 28 जून को उदय हो चुका है। इस बार अधिक मास नहीं होने के कारण चातुर्मास के बाद आने वाले सभी त्योहार 11 दिन पहले आएंगे। इस बार 17 जुलाई से चातुर्मास शुरू होगा और 12 नवंबर तक रहेगा। इस बार पूरे 118 दिनों तक चातुर्मास रहेगा। इस दौरान शुभ विवाह मांगलिक कार्य निषिद्ध हैं। चातुर्मास में कई प्रमुख त्योहार पड़ते हैं। इनमें देवशयनी एकादशी 17 जुलाई, गुरु पूर्णिमा 21 जुलाई, हरियाली अमावस्या चार अगस्त, नागपंचमी नौ अगस्त, रक्षाबंधन 19 अगस्त, जन्माष्टमी 26 अगस्त, हरतालिका तीज 6 सितंबर, पार्थिव गणेश स्थापना सात सितंबर, ऋषि पंचमी आठ सितंबर, जलझूलनी एकादशी (डोल ग्यारस) 14 सितंबर, श्राद्ध पक्ष आरंभ 18 सितंबर, सर्व पितृ अमावस्या दो अक्टूबर, नवरात्र प्रारंभ तीन अक्टूबर, विजया दशमी 12 अक्टूबर, शरद पूर्णिमा 16 अक्टूबर, करवा चौथ 20 अक्टूबर, धनतेरस 30 अक्टूबर, दीपावली एक नवंबर, भाई दूज तीन नवंबर, प्रबोधिनी एकादशी (देवोत्थापन) 12 नवंबर को मनाई जाएगी।



# मुख्यालय के अधिकारियों ने किया रेल संरक्षा का निरीक्षण

**जबलपुर**। भारतीय रेलवे में संरक्षा को सर्वेपरि प्राथमिकता दी जा रही है। पमरे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय इसकी मॉनिटरिंग कर रही है। इसी क्रम में मुख्यालय के संरक्षा अधिकारियों द्वारा विगत दिनों बीना मालखेड़ी स्टेशन, बघौरा स्टेशन, बीना लॉबी, बीना रनिंग रूम, बीना यार्ड एवं गुना.ग्वालियर खंड के मध्य निरीक्षण किया गया।

बीना मालखेड़ी स्टेशन के निरीक्षण के दौरान परिचालन से संबंधित सभी पहलुओं की जाँच की गई एवं समस्त रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। इस दौरान स्टेशन मास्टर एवं प्वाइंट्समैन से चर्चा कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिया गया। इसी तरह बघौरा स्टेशन के निरीक्षण के दौरान परिचालन से संबंधित सभी पहलुओं की जाँच की गई एवं समस्त रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। यहाँ भी स्टेशन मास्टर एवं प्वाइंट्समैन से संरक्षा सबंधित कार्ये पर चर्चा कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये है। इन दोनों स्टेशनों पर स्वचलित संचालन प्रणाली से संबंधित कार्यविधि का भी निरीक्षण किया गया। प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने बीना रनिंग रूम में लोको पायलटए सहायक लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजरों को दी जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रभात कुमार के साथ उप मुख्य संरक्षा अधिकारी (यातायात) अजय कुमार पाल, मंडल परिचालन प्रबंधक, जबलपुर रवि प्रकाश एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## रोटरी क्लब ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**जबलपुर**। रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब अध्यक्ष रोटेरियन लकी अरोरा, सचिव दीप मुखर्जी, कोषाध्यक्ष प्रशांत कर्मवीर, रोटेरियन पुनीत हांडा, जय सचदेवा, कु. शुभांजली बैनर्जी, श्रीमती स्वाति कर्मवीर, मनीष मिश्रा आदि ने रक्तदान किया। शिविर में रोट. बलदीप मैनी, प्रवीण रिछारिया, एन. के. श्रीवास्तव, एस एस माहेश्वरी, अविनाश झिंगरन, नितिन पालीवाल, संजय सिन्हा,लोकेश चौबे, अनिल केशवन, मनु तिवारी का विशेष योगदान रहा। सचिव दीप मुखर्जी ने बताया कि ब्लड बैंक में खून की कमी के चलते वर्ष भर रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा।

# वेटरनरी कॉलेज का 77वां स्थापना दिवस हर्षोल्लाह से मनाया गया

**जबलपुर**। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर का 77वां स्थापना दिवस एवं जेवीसी अल्युमिनियम मिलन का आयोजन महाविद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संस्थापक कुलपति डॉ गोविंद प्रसाद मिश्र रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी द्वारा की गई। कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति उसकी नींव पर निर्भर होती है इस महाविद्यालय की नीव बहुत अच्छी



रही है और तभी यह उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर है और प्रगति के लिए जरूरी है कि सभी स्टेकहोल्डर मिलकर कार्य करें । इस बात पर जोर डाला किस समय की प्रतीक्षा न करते हुए सिर्फ कार्य करने की मन में सोच रखें जिससे सफलता जरूर हासिल कर सकेंगे। मुख्य अतिथि डॉक्टर गोविंद प्रसाद मिश्र संस्थापक कुलपति ने अपने उद्बोधन में निरंतर प्रगति पथ पर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। वेटनरी शिक्षा और कृषि शिक्षा किसान कार्यक्रमों की श्रंखला में जेवीसीएए के न्यूज़ लेटर का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को जे वी सी ए ए की ओर से 21 स्वर्ण पदक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया जिसमें 5 स्वर्ण पदक सुश्री निलम सोनी को तथा 4 स्वर्ण पदक ज्योंथि विघाधरन को ,3 स्वर्ण पदक सुश्री मुस्कान यादव को मिले।



# अधिवक्ताओं ने थाना खमरिया में किया पौधारोपड़

**जबलपुर**। रांझी तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीप प्रकाश टीटू के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के सहयोग से थाना खमरिया परिसर एवं आसपास के स्थानों में वृहत पौधारोपण किया गया। रांझी सीएसपी विवेक गौतम, थाना प्रभारी रांझी आर एस मरकाम एवम थाना प्रभारी खमरिया भूपेंद्र आर्मो ने भी पौधा रोपण किया। तदोपरांत थाना स्टॉफ ने रोपे गए पौधो की देखभाल की सहर्ष जिम्मेदारी ली।अधिवक्ता जगदीप प्रकाश टीटू ने पुलिस प्रशासन को धन्यवाद देते हुए उनके सहयोग की सराहना की।सी एस पी श्री गौतम ने कहा कि पेड़ आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम 50 पेड़ लगाने चाहिए। इस अवसर पर अधिवक्ता एल बी एस बघेल, दीपक तिवारी, संतोष जोशी, पुष्पराज तिवारी, मनोज सनपाल, राजेश पंजवानी, वैभव जैन, परमिंदर सिंह लांबा, सर्वेश त्रिपाठी, दीपक शर्मा, विनय भूषण तिवारी, संदल वाजपेई, राजकुमार यादव, रोहित कुमार नेमा, गौतम दास, सुशील यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण ने भी पौधारोपण किया।

# गायत्री शक्तिपीठ रविवार को रोपेगा 51 हजार पौधे

## युवा जागृति एवं हरित क्रांति के लिए होगा दो दिवसीय कार्यक्रम

**जबलपुर**। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार जबलपुर द्वारा दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी देते हुए गायत्री शक्तिपीठ जबलपुर के मुख्य ट्रस्टी बीबी शर्मा ने बताया कि 13 जुलाई दिन शनिवार को शाम 6:00 बजे से देव संस्कृत विश्वविद्यालय के उप कुलपति एवं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के निर्देशक डॉक्टर चिन्मय में पांडय़ा द्वारा युवाओं को उनकी खोई हुई शक्तियों का बोध कराने तथा प्रबुद्ध वर्ग को राष्ट्र के लिए जागृत कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने हेतु एक विशेष संगोष्ठी मानस भवन परीक्षा प्रेक्षागृह में आयोजित की गई है। जिसके लिए जबलपुर के ही नहीं आसपास के भी अनेक जिलों से भी युवा एवं प्रबुद्ध वर्ग आकर समाज में पनप रही कुरीतियां, अंधविश्वास, अत्याचार, को समाप्त कर सतयुग की वापसी हेतु मार्गदर्शन दिया जायेगा।




प्रबुद्ध युवा वर्ग संगोष्ठी में विशेष अतिथि होंगे सांसद आशीष दुबे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर जगत बहादुर सिंह द्वारा की जाएगी। उप जोन प्रभारी नरेश तिवारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि दूसरे दिन दिनांक 14 जुलाई को प्रात 8:00 बजे से घुघरा घाट लम्हेटा जबलपुर में धरती मां की गोद को हरा-भरा कर पृथ्वी पर बढ़ रहे गर्मी के प्रकोप को कम करने के उद्देश्य से और पर्यावरण को बचाने का संदेश पौधारोपण के माध्यम से दिया जाएगा। तरुण रोपण महायज्ञ का शुभारंभ गायत्री परिवार के चिन्मय पंडय़ा द्वारा किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर एमसी डाबर पद्मश्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी चिकित्सा तथा विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सुधीर मिश्रा पूर्व डायरेक्टर जनरल ब्रह्मोस एयरोस्पेस डीआरडीओ एवं नीरज सिंह विधायक बरगी विधानसभा आदि शामिल होंगे। प्रमोद राय व्यवस्थापक गायत्री शक्तिपीठ उपमुख्य ट्रस्टी एवं कार्यक्रम संयोजक अरविंद श्रीवास्तव, के मिश्रा, गायत्री परिवार संयोजक गीता डोंगरे, कविता तिवारी, इंदु राय, मधु नामदेव, वंदना राजपूत आदि सभी से एक-एक पौधा लगाने एवं उक्त दोनों कार्यक्रम में उपस्थिति की सादर अपील की गई है।

# लीज व फ्रीहोल्ड प्रकरण निपटाने जेडीए लगाएगा शिविर

**आज से योजनावार शिविरों की तिथियां घोषित**

**जबलपुर**। जबलपुर विकास प्राधिकरण के हितग्राहियों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ने संपत्ति का लीज नवीनीकरण और फ्रीहोल्ड कराने के लिए योजनावार शिविर लगाने के निर्देश जारी किए है। 16 जुलाई से यह शिविर जेडीए की योजना क्रमांक 2अ गुप्तेश्वर शक्तिनगर के सुविधा मार्केट के पीछे 16 जुलाई को योजना क्रमांक 2ब, बाजनामठ जेडीए डयूप्लेक्स 18 जुलाई को, योजना क्रमांक 6 संजीवनी नगर 22 जुलाई को रॉयल स्कूल परिसर में। योजना क्रमांक 5, 14 एवं 16 विजयनगर में 24 जुलाई को हाट बाजार परिसर, योजना क्रमांक 9 शांतिनगर में 26 जुलाई को सेंट जेबियर स्कूल, योजना क्रमांक 3 एवं 15 में 29 जुलाई को रविन्द्र नगर पार्प, योजना क्रमांक 26 एवं 7 रांझी में 31 जुलाई बड़ा पत्थर रांझी, योजना क्रमांक 11 स्नेहनगर शताब्दीपुरम में 27 अगस्त को साईड आफिस शताब्दीपुरम में। योजना क्रमांक 41 पंडित ओमकार तिवारी 5 अगस्त साईड आफिस और योजना क्रमांक 18 सिविक सेंटर में 6 अगस्त जेडीए कार्यालय सिविक सेंटर में आयोजित किया गया। ये शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किए जायेंगे। सीईओ श्री वैद्य ने बताया कि संभागायुक्त के निर्देशन में यह हितग्राहीमूलक शिविर आयोजित किये जा रहे है। शिविर में जिस योजना के हितग्राही है, वह अपनी योजना में ही आयोजित शिविर स्थल से आवेदन फार्म प्राप्त कर सकेंगे एवं उन्हें भरकर शिविर में ही जमा कर सकेंगे। इस व्यवस्था से हितग्राहियों को अनावश्यक कार्यालय के चक्कर नहीं काटना पड़ेंगे। आवेदन प्राप्त होते ही उस पर कार्रवाई तुरंत प्रारंभ कर दी जाएगी एवं स्थल रिपोर्ट आदि उसी तिथि को ली जाकर, मूल नस्ती में प्रकरण प्रस्तुत कर आवश्यक कार्रवाईयों की प्रतिपूर्ति करते हुए सक्षम स्वीकृति उपरांत, निर्धारित राशि हितग्राही द्वारा जमा किए जाने पर उन्हें तत्काल लीज नवनीकरण, फ्रीहोल्ड विलेख प्रदान कर दिए जायेंगे। प्राधिकरण सीईओ दीपक कुमार वैद्य ने हितग्राहियों से लीज नवीनीकरण अथवा फ्रीहोल्ड या अन्य कार्रवाईयों के लिए आयोजित होने वालें शिविरों का लाभ उठाने की अपील की है।

# पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

**जबलपुर**। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई की। इस दौरान 73 शिकायतों पर सुनवाई की गई। जन सुनवाई में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के आवेदक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे। अधिकांश शिकायतें पति पत्नी, व पारिवारिक विवाद और जमीन संबंधी विवाद व मारपीट, सायबर क्राईम से जुड़ी थी। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों को इन शिकायतों का वैधानिक समाधान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुश्री सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार शेण्डे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सोनाली दुबे, उप पुलिस अधीक्षक बी.एस. गोठरिया उपस्थित रहे।

# मूंग उड़द उपार्जन नीति में बदलाव से किसान परेशान

## भारतीय किसान संघ ने किया प्रदर्शन सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

**जबलपुर**। ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द खरीदी को लेकर बनी उपार्जन नीति में संशोधन की मांग को लेकर जिले के किसानों ने भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन घंटाघर के पास कलेक्टर को सौंपा। मक्के को बोनी व धान का रोपा लगने के व्यस्ततम समय के बाद भी सैकड़ों किसानों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी हुंकार भरी। भारतीय किसान संघ के प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि मूंग उड़द खरीदी को लेकर बनी उपार्जन नीति में पिछले वर्ष 2023 की तुलना में इस वर्ष 2024 में जो बदलाव किये गये हैं। इससे सरकार की मंशा लगती है कि किसानों को इतना परेशान किया जाये कि वह खुले बाजार में ही कम दाम पर अपनी उपज को बेंचे और सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होने वाली धान, गेंहू व मूंग उड़द की खरीद को बंद कर दे। श्री पटैल ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार उपार्जन नीति में बदलाव कर किसानों को



व्यापारियों के हाथों में लुटवाना चाहती है। यह अब किसान को स्पष्ट होने लगा है।

### फर्जी एफपीओ को आवंटित खरीदी केंद्र निरस्त हो

भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल ने कृषि विभाग के अधिकारियों पर भृष्टाचार व मिलीभगत का आरोप लगाते हुये कहा कि फर्जी एफपीओ को मूंग खरीदी के लिये कूटरचित दस्तावेज के आधार पर केंद्र बनाया गया है। जिसमें शामिल लोग किसान की बजाय व्यापारी हैं। इस प्रकरण की शिकायत श्री पटेल ने मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री, आयुक्त, कलेक्टर व आयकर विभाग को की है। मुख्यमंत्री कार्यालय से श्री पटैल को प्राप्त ई मेल में मुख्यमंत्री ने शिकायत को कृषि विभाग में जांच व कार्यवाही के लिये भेज दिया है। श्री पटैल ने कहा कि उपार्जन कार्य से जुड़े विभागों में लंबे समय से पदस्थ अधिकारी व कर्मचारी भी भृष्टाचार के गोरखधंधे में शामिल हैं।

**CHANGE OF NAME**

I, PRACHI SUBHASH BHOSALE (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No 14866572Y Rank HAV Name BHAND NAVNATH GOVIND presently, residing at VILL-DHOTRE B K, PO-DHOTRE B K TEH-PARNER, DIST-AHMEDNAGAR (MAHARASHTRA) -414304 I, have changed of my name from PRACHI SUBHASH BHOSALE (name as per my Husband Army service records) to PRACHI NAVNATH BHAND (name as per my AADHAR CARD and PAN CARD vide affidavit dated 09/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
PRACHI NAVNATH BHAND
INCORRECT NAME
PRACHI SUBHASH BHOSALE

**CHANGE OF NAME**

I, Army No 15703420K NK KATHAYAT SURESH SINGH S/O SHER SINGH of unit 2TTR, HQ 1STC, JABALPUR (M.P.) I, have changed name of my daughter, from name HIMANI (name as per my Army service records) to name KATHAYAT HIMANI (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD and BIRTH CERTIFICATE) vide affidavit dated 08/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
KATHAYAT HIMANI
INCORRECT NAME-HIMANI

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/74
दिनांकः- 09/07/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील कुमार गर्ग पिता श्री आत्मा राम गर्ग ने मकान नं. 02 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि-2587.50 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/73
दिनांकः- 09/07/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री (1) यशवंत सिंह (2) कमलेश पटेल (3) ब्रजेश पटेल तीनों के पिता स्व. श्री बैजनाथ सिंह पटेल ने मकान नं. 38/बी एफ/बी-7 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 260 व.फु. शपथपत्र/सहमति पत्र/मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/72
दिनांकः- 09/07/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शुभम विश्वकर्मा पिता श्री शिव भूषण विश्वकर्मा ने मकान नं. 879/1 ए का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी द्वितीय तल 235 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर
क्रमांक-अधी.यंत्री/कॉलोनी सेल/2024-25/162, दिनांक 09.07.2024
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा/ग्राम कजरवारा नं.बं.-505, प.ह.नं.-10, खसरा नं.-407/2, 407/2/1, 416, कुल रकवा-1.894 हेक्टेयर (18940 वर्गमीटर) में से 1.8935 हेक्टेयर (18935 वर्गमीटर) भूमि पर आवासीय भूखण्डीय विकास (राजुल ग्रीन विस्टास) की अनुमति हेतु विकासकर्ता/कॉलोनाईजर मेसर्स राजुल ईकोस्पेस डेवलपर्स अधिकृत व्यक्ति श्री दर्शन रावल, तृतीय तल, राजुल ऑर्केड, रसल चौक, जबलपुर कॉलोनाईजर द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरुद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई सम्पत्ति का विवरण निम्न है-भूखंड क्रमांक-20, 21, 38, 39, 55, 56, 71, 72, 87, कुल-9 नग, भूखण्ड क्षेत्रफल-1123.35 वर्गमीटर। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित सम्पत्ति /भूखण्डों का क्रय-विक्रय कॉलोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जाए। उपरोक्त सम्बंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्यदिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कॉलोनी सेल, कक्ष क्रमांक-5 में किया जा सकता है।
अधीक्षण यंत्री-कॉलोनी सेल
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/76
दिनांकः- 09/07/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संध्या आहूजा पति श्री निशांत आहूजा ने मकान नं. 1337/1 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 696 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर


कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/75
दिनांकः- 09/07/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील कुमार गर्ग पिता श्री आत्मा राम गर्ग ने मकान नं. 03 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि-2270 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**
मोहम्मद इब्राहीम उम्र 43 वर्ष पिता श्री सगीर अहमद निवासी 304, नारायण टावर, सिविल लाइन, जबलपुर शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि मेरी पुत्री लाइबा हयात पुत्री मोहम्मद इब्राहीम Laiba Hayat D/o Mohammad Ibraheem आपके विद्यालय में कक्षा 4 ए में पढ़ती है। पुत्री का नाम स्कूल रिकार्ड में लाइबा हयात पुत्री मोहम्मद इब्राहीम Laiba Hayat D/o Mohammad Ibraheem लिखा है वास्तव में मेरी पुत्री का सही नाम हिन्दी में इकरा नाज (Iqra Naaz) D/o Mohammad Ibraheem है जो कि जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार है। स्कूल रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम सुधार कर जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार लाइबा हयात Laiba Hayat D/o Mohammad Ibraheem के स्थान पर इकरा नाज (Iqra Naaz) D/o Mohammad Ibraheem नाम पढ़ा लिखा व संबोधित किया जावे एवं स्कूल रिकार्ड में मेरे पुत्री का नाम इकरा नाज (Iqra Naaz) D/o Mohammad Ibraheem दर्ज किया जावे। मैं अपनी पुत्री के नाम को स्कूल रिकार्ड में सही करना चाहता हूँ जिसके लिये यह शपथ पत्र पेश का रहा हूँ।
**सही नामः इकरा नाज़**
**गलत नामः लाइबा हयात**

# आ गया 'इमोशनल' रोबोट, इंसानों की तरह महसूस करेगा जज़्बात

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

एक वक्त था, जब छोटे-बड़े सारे काम के लिए इंसानों पर ही निर्भर होना पड़ता था। विज्ञान की प्रगति के साथ-साथ हमारा परिचय रोबोट्स से हुआ, जो फटाफट काम निपटा सकते हैं। यही वजह है कि हर इंडस्ट्री में इन्हें इस्तेमाल किया जा रहा है। इनके आने से हमें बहुत से फायदे भी हुए हैं और बहुत से नुकसान भी. हालांकि अब भी कई चीजें ऐसी हैं, जो रोबोट नहीं कर सकते लेकिन इंसान कर सकते हैं।



## कभी हंसेगा, तो कभी दिखाएगा गुस्सा!

### मशीनी नहीं 'इमोशनल' है ये रोबोट

चीन ने अपने नए आविष्कार से तहलका मचा रखा है। उसने गुअंघुआ नं. 1 नाम का रोबोट बनाया है, जो सिर्फ मशीन नहीं है, बल्कि इंसान के दुख-दर्द में उसके साथ भी रह सकता है। इसे वर्ल्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कान्फ्रेंस में पेश किया गया। फुडान यूनिवर्सिटी की ओर से बनाए गए इस रोबोट की खासियत ये है कि इंसानों की भावनाओं को पहचानकर वैसी ही प्रतिक्रिया दे सकता है। इसके अंदर चार भावनाएं हैं – खुशी, गुस्सा, दुख और आनंद।



### बड़े काम की है ये अनोखी मशीन

इस मशीन को बनाने वावों का दावा है कि ये बुजुर्गों के लिए बहुत फायदेमंद है। फुडान यूनिवर्सिटी के डिप्टी डीन गन जोनगएक्सयूई ने बताया कि बुजर्गों की सेवा और उनका ध्यान रखने के लिए ये ह्यूमेनॉइड रोबोट बनाया गया है, जो सेहत का साथी होगा। ये न सिर्फ उनकी शारीरिक जरूरतों, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखेगा। इमोशनल इंटेलिजेंस वाले इस रोबोट को देखकर लोग हैरान हो रहे हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चलते रोबोट्स को इंसानों के काफी करीब पहुंचाया जा चुका है। हालांकि अब वो भी हो रहा है, जिनकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। दुनिया का पहला ऐसा रोबोट बनाया जा चुका है, जिसे लेकर दावा किया जा रहा है कि वो इंसानी भावनाओं को समझ सकता है और उसके मुताबिक रिएक्ट भी कर सकता है। ये काम अपने ही पड़ोसी देश चीन के वैज्ञानिकों ने कर दिखाया है।

# तपती धूप, न खाना, न पानी

## यह बाबा भगवान हनुमान की गोद में बैठकर करते हैं अनोखी तपस्या!



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरे गजब! धूप में चलना लोगों के लिए मुश्किल हो जाता है। गर्मी की वजह से लोग घर से बाहर निकलने से पहले 2 बार सोचते हैं। पर, यूपी के गाजियाबाद में तो कुछ अलग ही हो रहा है। बाबा मछेंद्र पुरी तपती धूप में घंटों बैठकर तपस्या करते हैं। जब महाराज तपस्या पर बैठते है, तो उस वक्त भक्तों की भारी भीड़ भी साधना स्थल के चारों तरफ परिक्रमा करती है।

**तपती धूप में तपस्या करता है यह बाबा** : मछेंद्र पुरी महाराज से जब बात की गई तो उन्होंने बताया, 'आजकल के साधु-संत एसी, गाड़ी और सुख-सुविधाओं के आदी हो गए हैं। बल्कि, अगर आपने भगवा चोला धारण किया है तो इसका मतलब सुख-सुविधाओं के अभाव में रहकर जीवन को जीना है। लेकिन कुछ साधु-संत इस बात को नहीं समझते हैं।

### क्या है इसके पीछे का मकसद

बाबा मछेंद्र पुरी बताते हैं कि इस साधना का केवल एक ही विशेष मकसद होता है कि भारतवर्ष को आने वाली आपदाओं से बचाना। इसके लिए सबसे पहले आदरणीय गुरु की आज्ञा लेनी पड़ती है। उसके बाद महाराज हनुमान जी की आराधना करके तपस्या में बैठ जाते हैं। रोजाना करीब 2.5 से 3 घंटे तपती हुई धूप में वो आधे वस्त्रों में बैठे रहते हैं। इस साधना को करते हुए करीब 15 साल हो चुके हैं। जब यह साधना चल रही होती है, तब महाराज अनाज का सेवन नहीं करते है।

### भगवान हनुमान से क्या है कनेक्शन

जब महाराज से पूछा गया कि सामान्य व्यक्ति धूप में 1 मिनट खड़ा रहना नहीं चाहता है। उसमें घंटों बैठना आपको कैसा लगता है, तब मछेंद्र पुरी ने कहा कि भगवान हनुमान के वो उपासक हैं। ऐसे में उसे तपस्या के वक्त ऐसा महसूस होता है कि उन्हें भगवान हनुमान ने गोद में बैठाया हुआ है, इसलिए गर्मी का बिल्कुल एहसास होता ही नहीं है।

# 7 झरनों से महादेव करते हैं जलाभिषेक मानसून में मौसम और भी सुहाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मानसून के आगमन के साथ ही कई जलाशयों में पानी की आवक शुरू हो जाती है। इस समय लोग पिकनिक मनाने के लिए अपने परिवार के साथ जाते हैं। भीलवाड़ा में मानसून की एंट्री हो चुकी है, शहर और जिले में लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। ऐसे में भीलवाड़ा के जलाशयों में पानी की आवक होना शुरू हो गई है। इसके कारण भीलवाड़ा जिले के प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में मशहूर भड़क झरना भी अब बहना शुरू हो गया है, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। अब मानसून के साथ ही भड़क झरने में पर्यटकों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। यह एक ऐसा झरना है, जहां एक साथ 7 झरने बहते हैं।

## पर्यटकों के लिए बेस्ट टूरिस्ट प्लेस है भीलवाड़ा का झरना



### 7 झरनों का भड़क झरना


भीलवाड़ा जिले के छोटी बिजौलिया के स्थित भड़क झरना है, जो इन दिनों मानसून की बारिश के साथ 30 फिट ऊंचाई से 7 झरने एक साथ बहते हैं. बिजौलिया में 3 दिन से रुक-रुककर हो रही मानसून की बारिश से प्रसिद्ध भड़क अपने मनोरम दृश्य के साथ बहने लगा है, जहां पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो गई है। यहां की सबसे खास बात यह है कि झरने के मध्य गुफा में शिवलिंग, जिसे भड़का महादेव कहते हैं, का प्राकृतिक रूप से जलाभिषेक होता है और मानसून में भीलवाड़ा सहित आस-पास क्षेत्र के लोग यहां झरना का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं।

### ऐसे पहुंचें भड़क झरने पर

भड़क झरना अपने आप में एक प्राकृतिक पर्यटक स्थल है। यहां प्रकृति द्वारा निर्मित ऐसे कई चीज हैं, जिसके माध्यम से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यहां एक प्रकृति का अद्भुत नजारा भी देखने को मिलता है। इस स्थल पर पहुंचने के लिए भीलवाड़ा जिला मुख्यालय से करीब 90 किलोमीटर दूरी पर स्थित बिजोलिया और फिर 18 किलोमीटर दूर भड़क झरना आना होगा। यहां से बस या फिर रेल का कोई साधन नहीं है। इसलिए यहां आने वाले पर्यटक अपने निजी वाहनों के माध्यम से इस झरने पर पहुंचते हैं।

**जनहित याचिका दायर**

# असम से लाकर आजीवन बंधक बनाए गए वन भैंसे



■ हाईकोर्ट ने वन विभाग और सरकार को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

वन भैंसों के संरक्षण योजनाओं की विफलता और जंगली भैंसों की आबादी में गिरावट के चलते छत्तीसगढ़ वन विभाग असम से एक नर और एक मादा वन भैंसा वर्ष 2020 में और चार मादा वन भैंसा अप्रैल 2023 में लाया। इन्हें बारनवापारा अभ्यारण में आजीवन कैद कर के रखने को लेकर और इनके ब्रीडिंग प्लान को केन्द्रीय जू अथॉरिटी द्वारा ना मंजूर करने को लेकर दायर जन हित याचिका की सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविन्द्र अग्रवाल की युगल बेंच ने नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

### केन्द्रीय जू अथॉरिटी ने नहीं दी अनुमति

केन्द्रीय जू अथॉरिटी जू अथॉरिटी ने असम से वन भैंसा लाने के बाद बारनवापारा में बनाए गए ब्रीडिंग सेंटर को सैद्धांतिक अनुमति दी थी परंतु अंतिम अनुमति नहीं दी है। याचिका में इस सैद्धांतिक अनुमति को भी चुनौती दी गई है क्योंकि वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत किसी भी अभयारण में ब्रीडिंग सेंटर नहीं खोला जा सकता। भारत सरकार ने भी एडवाइजरी जारी कर रखी है।

# एलियन्स को लेकर नया दावा, पृथ्वी पर पहुंचने में कुछ रोक रहा है उन्हें, इसीलिए यहां आना है

**न्यूयार्क।** एलियन्स को लेकर तरहअतरह के दावे किए जाते हैं। कोई कहता है कि वे अंतरिक्ष में ही रह कर धरती पर निगरानी रखते हैं, तो कोई उनका ठिकाना मंगल ग्रह बताता है। सोशल मीडिया पर इस तरह के दावे बहुत किए जाते हैं। उनको लेकर कई तरह की थ्योरी दी जाती हैं, इस तरह की थ्योरी को कॉन्सपिरेसी थ्योरी या षड्यंत्र का सिद्धांत कहा जाता है, जिसमें किसी भी घटना की व्याख्या में बिना पुख्ता सुबूत के किसी साजिश के हाथ होने का दावा किया जाता है। ऐसा ही एक दावा सोशल मीडिया पर किया गया है जिसमें कहा गया है कि 'कई' एलियंस ने मनुष्यों को बताया है कि ग्रह पृथ्वी के चारों ओर एक अवरोध है जो उन्हें बिना अनुमति के यहां आने से रोकता है। सदियों से, मनुष्य अक्सर सोचते रहे हैं कि एलियंस वास्तव में कैसे दिखते हैं, और क्या वे वास्तव में हैं भी या नहीं। ठोस सबूत के बिना, कोई भी 100 फीसदी निश्चितता के साथ पुष्टि नहीं कर पाया है कि वे क्या हैं। लेकिन सोशल मीडिया मंच रेडिट पर इस अनोखे दावे की खूब चर्चा है। रेडिट यूजर ने कई स्रोतों को पोस्ट किया, जिनका उन्होंने सबूत के तौर पर जिक्र किया है। इनमें से एक में एक आयरिश यूएफओ विशेषज्ञ का मानना है कि नासा की बैठकों में चर्चा किए गए ऑर्ब्स, दरअसल एक 'वैश्विक रक्षा नेटवर्क' हैं। इतना ही नहीं, उनके तर्क का समर्थन में डेलोरेस कैनन की पुस्तक, कस्टोडियन्स से एक अंश का भी जिक्र किया गया है। खास बात यह है कि इस दावे के समर्थन में शख्स ने कई सूत्रों की मदद ली है जिससे बहस तीखी हो गई है। यह पुस्तक यूएफओ अपहरण और लॉ ऑफ वन के बारे में है, जिसे एक विदेशी इकाई के साथ एक टेलीपैथिक बातचीत कहा जाता है। इस थ्रेड ने कुछ लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया और कई लोगों ने अपनी खुद की मान्यताओं के साथ इसमें शामिल हो गए। जहां कई यूजर्स ने इस दावे और उसके समर्थन में बताए गए स्रोतों की तारीफ की है तो किसी इस अवरोध के साथ ही इंसानों को सीमित करने का साधन भी बताया है। इसके अलावा कुछ यूजर्स ने अपने एलियन वाले अनोखे अनुभव भी साझा किए।

### साल के अंत तक बनेगा पहला मानव दूध बैंक

**जम्मू।** आम तौर पर मानव दूध बैंक के तौर पर पहचाने जाना वाला पहला 'कॉम्प्रीहेंसिव लैक्टेशन मैनेजमेंट सेंटर इस साल के अंत तक यहां एक सरकारी अस्पताल में कार्य करना शुरू करेगा। सीएलएमसी बीमार, कमजोर और समय-पूर्व जन्मे बच्चों को बेहतर उपचार मुहैया कराने में मदद करेगा।

**आवश्यकता है**
महिला /लड़की की जरूरत है। खमरिया जबलपुर में बच्चों व घर की देखरेख हेतु। सुरक्षा, रहने खाने बिजली पानी की गारंटी, लिखा पढ़ी सहित। संपर्क: 8817680657

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर /16 / जुलाई 24)

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667(रायपुर/25/जुलाई 24)

**फायनेंस**

फाइनेंस- मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ मे लोन 2% ब्याज, 50% छूट, 50000/- से 5 लाख तक लोन उपलब्ध (धोखेबाजों से सावधान) संपर्क मोबाइल:- 08826459431 (रायपुर/09/जुलाई 24)

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मिथुन** — व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा। आत्मसंयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — धन की स्थिति में सुधार आएगा। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। आलस्य की अधिकता रहेगी। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**मकर** — लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। परिश्रम की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — कारोबार में सुधार होगा। लाभ में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें।


# छात्र वैदिक साहित्य-भगवद् गीता की करेंगे पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय का हिंदू अध्ययन केंद्र अपने विद्यार्थियों को वैकल्पिक विषयों के रूप में वैदिक साहित्य का परिचय, उपनिषद परिचय, 'धर्म और रिलिजन' जैसे विकल्प देने की योजना बना रहा है। अपने पाठ्यक्रम का विस्तार करने और छात्रों को विकल्पों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराने के लिए विभाग ने हिंदू अध्ययन में विशेषज्ञता हासिल करने के इच्छुक छात्रों के लिए छह नए वैकल्पिक विषय शुरू करने का प्रस्ताव दिया है।

### बैठक में होगा फैसला

डीयू अकादमिक परिषद की बैठक 12 जुलाई को होनी है। यूजीसी द्वारा एप्रूव्ड कोर्सेस के अलावा यूनिवर्सिटी अब हिंदू धर्म के विभिन्न पहलुओं पर स्टूडेंट्स के लिए ज्यादा ऑप्शन ऑफर करने पर विचार कर रही है। ये एडीशन सेंटर ऑफ हिंदू स्टडीज की गवर्निंग बॉडी की सिफारिशों के आधार पर प्रस्तावित हैं।




**प्रस्तावित ऐच्छिक विषय :** प्रस्तावित ऐच्छिक विषयों के शिक्षण उद्देश्य में कहा गया है, हिंदू विचारकों पर आधारित शोध पत्र का उद्देश्य छात्रों को प्राचीन और आधुनिक समय के प्रतिष्ठित हिंदू विचारकों के प्रमुख विचारों से परिचित कराना है। इसके अलावा, धर्म और रिलिजन विषय पश्चिमी धार्मिक परंपराओं से तुलना करते हुए हिंदू अध्यात्म और धर्म की आधारभूत अवधारणाओं का परिचय देते हुए उनका विकास करेगा।

**क्या होगा फायदा**

- वैदिक साहित्य के परिचय के तहत छात्र ऋग्वेद से लेकर वेदांगों तक प्रमुख वैदिक और उपनिषदिक टिप्पणीकारों के साहित्यिक कार्यों के बारे में जानेंगे
- उपनिषद परिचय पर वैकल्पिक पेपर उपनिषदों में विश्लेषण के अनुसार मूलभूत हिंदुत्व का परिचय देगा।
- भगवद गीता छात्रों को इस ग्रंथ में दर्शाए गए मूलभूत भारतीय आध्यात्मिकता से परिचित कराएगा
- पुराण परिचय पेपर हिंदू इतिहास, संस्कृति, भूगोल, वास्तुकला और अन्य ज्ञान प्रणालियों को कवर करेगा

## शब्द पहेली - 5567



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली- 5566 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ह | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |

## सूडोकु बवाल - 5578

★★★★★ कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु बवाल - 5577 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |



# ‘कल्कि 2898 एडी’ देख हिल गया दिमाग...

**मुंबई।** ‘कल्कि 2898 एडी’ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रखी है। फिल्म लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर गजब का उत्साह बना हुआ है। 27 जून को सिनेमाघरों में फिल्म ने दस्तक दी थी। रिलीज के 12 दिन बाद भी फिल्म का क्रेज उसी तरह से बना हुआ है। बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के अभिनेताओं ने कल्कि की तारीफ की है। अब दक्षिण के सुपरस्टार महेश बाबू ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, ‘कल्कि 2898 एडी ने मेरा दिमाग हिला दिया, वाह!’ उन्होंने फिल्म के कास्ट और क्रू की भी तारीफ की।

लाइफ Style


# रसिका

## प्रोग्रेसिव की बातें होती हैं, अमल नहीं

‘मिर्जापुर सीजन 3’ में बीना त्रिपाठी के किरदार में नजर आ रहीं रसिका दुग्गल ने कई फिल्मों और वेब सीरीज में काम किया है। उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ से बारे में खुलकर बात की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रसिका ने कहा कि आज ओटीटी ही नहीं फिल्मों में भी औरतों की सेक्सुअलिटी पर खुल कर बातें हो रही हैं। एक समय तो ये बहुत बड़ा टैबू माना जाता था। रसिका इस बदलाव को कैसे देखती हैं? सवाल पर वे कहती हैं, ‘ये तो स्वाभाविक ही होना चाहिए। इस विषय पर कोई बड़ी चर्चा भी नहीं होनी चाहिए, मगर चूंकि हम ऐसी सोसायटी में रहते हैं, जहां पर ये स्थापित किया गया है कि औरत अगर अपनी सेक्सुअलिटी पर बात करती है, तो वो बेशर्म है। मैंने देखा है कि जब भी हम बदलाव की बात करते हैं, तो ये एक चक्र की तरह बन जाता है। हम ऊपरी तौर पर इस पर बात करते हैं, मगर अंदरूनी रूप में हमारे अंदर जो रूढ़िवादिता होती है, उसके कारण हम उस पर अमल नहीं कर पाते, तो कई बार मुझे डर लगता है कि जितनी प्रोग्रेसिव बातें हो रही हैं, क्या हम उतने प्रोग्रेसिव हुए हैं? प्रोग्रेसिव होने के नाम पर हमारे जो पारंपरिक विचार या जो सदियों से बैठी हुई पिछड़ी सोच है, उसके बारे में तो हम बात ही नहीं कर रहे हैं, उन्हें अभिव्यक्त नहीं कर रहे, तो कहीं अंदर ही अंदर वे बढ़ते तो नहीं जा रहे?’ मनोरंजन जगत में डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय बिता चुकी रसिका दुग्गल ने ‘हामिद’, ‘मंटो’, ‘किस्सा’, ‘क्षय’ जैसी कई ऐसी फिल्मों में अहम रोल किए।



## हॉलीवुड मसाला




# 22 नवंबर को रिलीज होगी ग्लेडिएटर-2

**लॉस एंजिलिस।** रिडले स्कॉट की ‘ग्लेडिएटर 2’ फिल्म 2024 के अंत में मजबूत कलाकारों के साथ बॉक्स ऑफिस पर कदम रखेगी। हाल ही में, ‘विकेड’ की रिलीज की तारीख को फिर से तय करने से यूनिवर्सल की मूवी म्यूजिकल का मुकाबला ‘ग्लेडिएटर 2’ से हो गया है, जो ‘बार्बी’ बनाम ‘ओपेनहाइमर’ की तरह ही है। ‘विकेड ‘को पहले ‘मोआना 2’ के साथ कॉम्पिटिशन करने के लिए तैयार किया गया था। सीक्वल फिल्म 22 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी। पॉल मेस्कल मुख्य किरदार लुसियस की भूमिका में होंगे, जो लुसिला कोनी नीलसन का बेटा है।




# टोबी मॉडल लिली ची को कर रहे हैं डेट...

**लॉस एंजिलिस।** ‘स्पाइडर-मैन’ फेम एक्टर टोबी मागुरिए के अफेयर को लेकर हाल ही में खूब चर्चा रही है। दरअसल एक्टर को लेकर ये खबरें मीडिया में जमकर सुर्खियां बटोर रही थीं कि एक्टर उस मॉडल के साथ अफेयर में हैं जिनकी उम्र एक्टर की बेटी से बस 3 साल अधिक है। हालांकि, अब इन खबरों को लेकर एक्टर टोबे की एक्स वाइफ जेनिफर मेयर ने भी अपना रिएक्शन दिया है। दरअसल, ‘स्पाइडर-मैन’ एक्टर को लेकर इन खबरों को हवा तब मिली जब ये वीकेंड पर 20 साल की मॉडल लिली ची के साथ दिखे। अब ‘द इंडिपेंडेंट’ की एक नई रिपोर्ट में बताया गया है कि जेनिफर ने इंस्टाग्राम के जरिए एक यूजर को जवाब दिया और कहा, ‘ टोबी एक अच्छे शख्स हैं और वो एक अच्छे दोस्त के नाते कार तक उनकी मदद कर रहे थे।’



# यश ने दी थी शादी न करने की सलाह

**मुंबई।** ‘त्रिदेव’ एक्ट्रेस सोनम का कहना है कि यश चोपड़ा ने उन्हें जल्दी शादी करने से मना किया था। यश चोपड़ा ने कहा था कि सोनम शादी करके गलती कर रही हैं पर एक्ट्रेस ने एक नहीं सुनी। सोनम खान ने 17 सालकी उम्र में फिल्में छोड़ दीं और फिर 18 की उम्र में शादी कर ली थी। ‘त्रिदेव’ फिल्म की एक्ट्रेस सोनम खान इस वक्त अपने एक इंटरव्यू के कारण चर्चा में हैं, जिसमें उन्होंने फिल्मी करियर से जुड़े कई खुलासे किए हैं। ‘ओए ओए गर्ल’ के नाम से मशहूर हुई सोनम खान ने साल 1994 में फिल्मों को अलविदा कह दिया था और शादी कर ली थी। सोनम खान ने खुलासा किया है कि फिल्ममेकर सोनम खान ने उन्हें शादी न करने की सलाह दी थी। साथ ही कहा था कि वह बड़ी गलती कर रही हैं। उन्होंने साल 1988 में यश चोपड़ा की फिल्म ‘विजय’ से एक्टिंग डेब्यू किया था।



# हिट फिल्में देने के बाद भी नहीं मिला काम

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय को आखिरी बार रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी वेब सीरीज ‘इंडियन फोर्स’ में देखा गया था। विवेक अब तक इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दे चुके हैं। उन्होंने ‘मस्ती’ फ्रेंचाइजी, ‘साथिया’, ‘शूटआउट एट लोखंडवाला’ और ‘ओमकारा’ जैसी हिट फिल्मों में काम किया है। हाल ही में विवेक ओबेरॉय ने बताया कि कैसे उन्होंने अभिनेता बनने से पहले व्यावसायिक यात्रा शुरू की और अभी भी उसी आय पर निर्भर हैं। जब मैंने बॉलीवुड में संघर्ष करना शुरू किया, जब एक सफल अभिनेता होने के बाद भी मुझे कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, मैं अपने कौशल को साबित करने के बाद भी चुनौतियों का सामना कर रहा था, जब मुझे कोई फिल्म नहीं मिल रही थी तो एक अलग तरह का दबाव था। तब ये व्यवसाय ही मेरी आय का स्त्रोत था।

## टीवी मसाला

# ‘अनुपमा’ : लालच में अंधा हुआ वनराज शाह


**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल के अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि वनराज शाह अपने लोभ के चलते बा और बापूजी के दिल की बात नहीं समझ पाएगा। बापूजी उसे बताएंगे कि क्यों वो घर छोड़कर यहां इस वृद्धाश्रम में चले आए हैं। बापूजी लेकिन बच्चों की खुशी को ध्यान में रखते हुए यह भी कह देंगे कि हमारी उम्र हो चली है और तुम्हारा पूरा जीवन बाकी है। तो ऐसे में वो घर बेच देना ही सही फैलला होगा। अपनी कुंद सोच और बच्चों की बातों में आकर वनराज शाह उस प्रॉपर्टी को बेचने के फैसले पर अड़ा रहेगा। लेकिन अनुपमा और अनुज कपाड़िया उसके रास्ते का रोड़ा बनकर खड़े हो जाएंगे। घर लौटने पर जब किंजल और काव्या वनराज शाह से पूछेंगे कि वो बा-बापूजी को साथ क्यों नहीं लाया तो वह कोई जवाब नहीं देगा। किंजल कहेगी कि यह घर बा-बापूजी के बिना नहीं चल पाएगा तो वनराज शाह कहेगा कि मैं जाऊंगा उनसे मिलने। उनसे प्रॉपर्टी के कागजों पर साइन लेकर आऊंगा। उसकी बातें सुनकर किंजल सन्न रह जाएगी। वनराज शाह जहां चेहरे पर मायूसी लिए अभी भी प्रॉपर्टी के बारे में सोच रहा है वहीं अनुपमा साफ कहेगी कि कुछ भी हो जाए वो इन कागजों पर साइन नहीं करेगी।



# ‘मैं किसी को हेट नहीं करती और ना मेरी किसी से दुश्मनी है’...



**नई दिल्ली।** अरमान मलिक ने इस वीकेंड का वार में विशाल पांडे को थप्पड़ मार दिया था। यह सब तब हुआ जब पायल मलिक वीकेंड का वार में आईं और उन्होंने सभी को बताया कि विशाल ने लवकेश कटारिया से कृतिका को लेकर कहा कि वह उन्हें पसंद करते हैं। इसके बाद अरमान, विशाल से लड़ते हैं और फिर वह विशाल पर हाथ उठा देते हैं। अब पायल से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी क्लीयर नहीं हुआ कि उन्होंने हाथ उठाया। मुझे अभी नहीं पता। अगर हाथ उठाया होगा तो जो चीज सही है वो होगा। मुझे पता है उन्होंने हाथ नहीं उठाया होगा। इसके बाद उनसे पूछा गया कि लोग कह रहे हैं कि मेकर्स मलिक परिवार को बहुत सपोर्ट कर रहे हैं तो इस पर पायल ने कहा कि मेकर्स वहां हमें क्यों सपोर्ट करेंगे। वहां जो भी होता है सब कंटेस्टेंट्स की वजह से ही होता है। कृतिका की इमेज लोगों ने इतनी खराब कर दी है चाहे उसने कुछ किया है कि नहीं।



# कभी दिवालिया हो गए थे ‘खिचड़ी’ के हिमांशु

*मुंबई। टेलीविजन निर्माता जेडी मजीठिया उर्फ जमनादास मजीठिया ने कई चर्चित शो का निर्माण किया है। इनमें से एक है खिचड़ी। इस शो में वह खुद भी हिमांशु के रोल में नजर आए। जेडी मजीठिया ने इंडस्ट्री में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। एक दौर ऐसा भी देखा कि वे कर्ज के बोझ तले दब गए। वे पूरी तरह कंगाल हो चुके थे। प्रोड्यूसर ने बताया कि अकाउंटेंट की गलत गणना की वजह से उनका प्रोडक्शन हाउस दिवालिया हुआ था। हाल ही में एक बातचीत के दौरान जेडी मजीठिया ने अपने पेशेवर जीवन के सबसे बुरे दौर के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 में ऐसा हुआ था, जब उन्होंने खुद को एक ऐसी मुसीबत से जूझते हुए पाया जीवन का सबसे बड़ा अध्याय बन गई। मालूम हो कि जेडी मजीठिया अपना प्रोडक्शन हाउस हैट्स ऑफ प्रोडक्शंस चलाते हैं। जेडी मजीठिया ने कहा, ‘शो के मामले में मेरी सबसे बड़ी विफलता के कई व्यक्तिगत उदाहरण होंगे। लेकिन 2013 में एक बार कंपनी घाटे में चली गई। हमारे पांच शो चल रहे थे। हमारे अकाउंट्स में एक शख्स था, जिसने हमें गुमराह किया। शायद मैं उस समय इतना परिपक्व नहीं था कि इसे ठीक से समझ पाता। मैं कड़ी मेहनत करता और सभी को समय पर भुगतान करता, लेकिन उस आदमी ने हमारे हिसाब-किताब में कुछ गड़बड़ कर दिया और हम दिवालिया हो गए। हमें कुछ समझ नहीं आया’। उन्होंने आगे कहा, ‘वहां से हमने धीरे-धीरे खुद को फिर से खड़ा किया। यह मेरा सबसे बड़ा अध्याय है। हमारा सारा पैसा खत्म हो गया था, हम घाटे में थे और हम पर लोगों का कर्ज भी था। लेकिन हमने सभी का पैसा चुकाया और आज हम अपने पैरों पर खड़े हैं। हमने जितना आर्थिक नुकसान सहा, उससे कहीं ज्यादा आज कमाया है, लेकिन हमारा नाम कभी खराब नहीं हुआ। हमारी साख बरकरार रही और यह दौर छह महीने से ज्यादा नहीं चला’। मजीठिया ने बताया कि जब संकट आया था, तब उन्होंने 75,000 रुपये के बजट के साथ ‘माई सागर’ नाम से अपना शो लॉन्च किया था। उन्होंने आगे बताया कि पैसे तो खत्म हो गए, लेकिन हमने वहीं से फिर से शुरुआत की।*

# ‘मिक्सचर’ में होगी अहाना-अनुष्का की जोड़ी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का रंजन अपनी आगामी वेब सीरीज ‘मिक्सचर’ को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। निर्देशक हनीश कालिया लेकर आ रहे हैं धमाकेदार एक्शन और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज ‘मिक्सचर’। सीरीज ‘मिक्सचर’ में पहली बार अहाना कुमरा और अनुष्का रंजन साथ नजर आएंगी। यह सीरीज क्राइम और सस्पेंस की दुनिया की सच्चाई दिखाएगी। एक्शन-सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज ‘मिक्सचर’ इस साल रिलीज हो सकती है। प्रसिद्ध अभिनेत्री अनुष्का रंजन ‘मिक्सचर’ नाम की आगामी वेब सीरीज में नजर आएंगी। यह एक एक्शन-थ्रिलर पर आधारित वेब सीरीज होगी। निर्देशक हनीश कालिया की इस वेब सीरीज में आपको भरपूर सस्पेंस और क्राइम देखने को मिलेगा। यह सीरीज दर्शकों के लिए एक नया अनुभव होगी। पिनाका एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और हनीश कालिया द्वारा निर्देशित, यह सीरीज एक तरह से दर्शकों को अपराध और रहस्य की दुनिया की गहराई में ले जाएगी। इस सीरीज में अनुष्का के साथ अभिनेत्री अहाना कुमरा भी नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आगामी वेब सीरीज ‘मिक्सचर’ गोवा की सुंदर पृष्ठभूमि और मुंबई की हलचल भरी सड़कों पर आधारित है।



## दर्द और डर से भरी थी ‘ठाकुर’ की कहानी

# पहली नजर के प्यार के लिए जिंदगी भर तरसे संजीव कुमार

*नई दिल्ली। संजीव कुमार हिंदी सिनेमा के वो नाम है, जो बच्चे-बच्चे की जुबान पर रहता था। आंखों से अदाकारी के लिए पहचाने जाने वाले संजीव कुमार ने बचपन से ही अभिनेता बनने का सपना देखना शुरू कर दिया था। जब उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा तो सभी उनकी अदाकारी के मुरीद हो गए। संजीव कुमार अपने किरदार को इतनी संजीदगी से निभाते थे कि हर कोई बड़ी ही आसानी से उस किरदार जुड़ जाता था। आज ही के दिन संजीव कुमार ने जन्म लिया था। आइए उनकी बर्थ एनिवर्सरी पर जानते उनके जीवन से जुड़े कुछ पहलुओं को।*

### बचपन से अभिनेता बनना चाहते थे

संजीव कुमार का जन्म 9 जुलाई 1938 को सूरत के एक गुजराती परिवार में हुआ था। संजीव कुमार के बचपन का नाम हरीभाई जरीवाला था। बचपन से ही उनका रुझान फिल्मों की ओर था और यही प्यास उन्हें मुंबई खींच लाई। संजीव जब सात साल के थे तब उनका परिवार मुंबई आ गया। मुंबई आने के बाद संजीव के सिर पर अभिनेता बनने का भूत सवार हो गया। उन्होंने थिएटर भी किया। अपने सपने का पीछा करते हुए संजीव ने साल 1960 में फिल्म ‘हम हिंदुस्तानी’से फिल्मी दुनिया में कदम रखा और अपनी शानदार अदाकारी के दम पर फिल्म जगत के ध्रुव तारा बन गए। वो हर किरदार में खुद को इस कदर ढाल लेते थे कि पता ही नहीं चलता था कि वो अभिनय कर रहे हैं।



### इश्क को तरसते रहे

अपनी अदाकारी और सादगी से लाखों करोड़ों लोगों का दिल जीतने वाले संजीव कुमार जिंदगी भर मनचाहे प्यार के लिए तरसते रहे। संजीव कुमार असल जिंदगी में किसी पर अपना दिल हार बेठे थे। वह कोई और नहीं ‘ड्रीम गर्ल’ हेमा मालिनी थी। फिल्म ‘सीता और गीता’ की शूटिंग के दौरान संजीव कुमार पहली ही नजर में हेमा मालिनी पर अपना दिल हार बैठे थे, लेकिन उनका प्यार मुकम्मल ना हो सका। संजीव कुमार हेमा मालिनी का हाथ मांगने उनके घर भी गए थे। कहा जाता है कि हेमा मालिनी की मां ने उनका रिश्ता ये कहकर ठुकरा दिया कि वह उनकी बिरादरी के नहीं हैं। इससे संजीव कुमार इस कदर टूट गए कि जिंदगी भर शादी ना करने की कसम खा ली। यहां तक कि उन पर जान छिड़कने वाली सुलक्षणा के प्यार को भी ठुकरा दिया।

### मौत के डर के साए में जीते रहे

संजीव कुमार के जीवन की सबसे हैरान कर देने वाली बात थी कि वह अपनी मौत को लेकर हमेशा परेशान रहते थे। वह हमेशा कहते थे कि उनकी उम्र ज्यादा नहीं होगी, इसके पीछे वह अपने परिवार में हुई मौतों का हवाला देते थे। आखिरकार हुआ भी कुछ ऐसा ही अपनी जिंदगी के 50 साल पूरे होने से पहले ही उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। 47 साल की उम्र में संजीव की हार्ट अटैक से मौत हो गई।



# टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट: आखिरी 10 ओवरों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीमें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के बीच खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 234/2 का पहाड़ जैसा स्कोर बना दिया था। आखिरी 10 ओवरों में तो टीम ने 160 रन जड़ दिए थे। ये टी-20 अंतरराष्ट्रीय के इतिहास में आखिरी 10 ओवरों के दौरान बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। आखिरी 10 ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली शीर्ष टीमों में भारत शीर्ष पर है।

### भारत - 160 रन बनाम जिम्बाब्वे

भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलते हुए कप्तान शुभमन गिल का विकेट जल्दी खो दिया (10/1) था, लेकिन अभिषेक शर्मा (100) और रुतुराज गायकवाड़ (77*) ने टीम की वापसी कराई। 10 ओवर के बाद मेहमान टीम का स्कोर 74/1 था। 100 रन बनाने वाले अभिषेक ने 10 ओवर के बाद बड़े-बड़े शॉट्स लगाए। गायकवाड़ और रिंकू सिंह (48*) ने भी उनका साथ दिया, जिससे भारत ने अपने अंतिम 10 ओवरों में 160 रन जड़ दिए। भारत ने 100 रन से मैच जीता है।

### भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ की थी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी



### श्रीलंका : 159 बनाम केन्या

टी-20 विश्व कप के इतिहास में श्रीलंका क्रिकेट टीम के नाम सबसे बड़ा टीम स्कोर है। साल 2007 में केन्या के खिलाफ उन्होंने 260/6 का स्कोर बनाया था। सनथ जयसूर्या (88) और महेला जयवर्धने (65) ने अर्धशतक लगाए थे, जबकि जेहान मुबारक ने 13 गेंदों में 46* रन की पारी खेली थी। श्रीलंका ने पहले 10 ओवर में 101/2 का स्कोर बनाया और अंतिम 10 ओवर में 159 रन बना दिए थे। केन्या 88 रन पर ऑलआउट हो गई थी।

### अफगानिस्तान - 156 रन बनाम आयरलैंड

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने साल 2019 में आयरलैंड के खिलाफ 278/3 का स्कोर बना दिया था। हजरतुल्लाह जजई ने सिर्फ 62 गेंद का सामना किया था और 162* रन जड़ दिए थे। उनके सलामी जोड़ीदार उस्मान गनी ने 48 गेंदों में 73 रनों की पारी खेली थी। 278/3 किसी भी पूर्ण सदस्य टीम का टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा स्कोर है। अफगानिस्तान ने अंतिम 10 ओवरों में 156 रन बनाए थे। आयरलैंड टीम 194/6 का स्कोर ही बना पाई थी।

### न्यूजीलैंड - 154 रन बनाम वेस्टइंडीज

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ साल 2020 में माउंट माउंगानुई में खेल गए मुकाबले में 238/3 का स्कोर बनाया था। कीवी टीम ने पहले 10 ओवर के बाद 84 रन बनाए थे। डेवोन कॉनवे ने (65*) और ग्लेन फिलिप्स ने शानदार शतकीय (51 गेंदों पर 108 रन) पारी खेली थी। आखिरी 10 ओवरों में उन्होंने 154 रन और जोड़े। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 166/9 का स्कोर ही बना पाई थी।

## क्रिकेट : तीसरा मैच आज भारतीय समयानुसार शाम 4.30 बजे से

# टी-20 सीरीज में बढ़त बनाने आज भिड़ेंगी भारतीय-जिम्बाब्वे की टीम

**पांच मैचों की सीरीज में दोनों ने जीते हैं 1-1 मैच**

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारतीय क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के बीच टी-20 सीरीज का तीसरा मैच आज 10 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच अभी सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।

पहले मैच में जिम्बाब्वे को 13 रन से जीत मिली थी, वहीं दूसरे मुकाबले में शुभमन गिल की टीम ने शानदार वापसी करते हुए 100 रन से जीत दर्ज की थी। भारत और जिम्बाब्वे के बीच होने वाला यह मैच 10 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच को भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे से सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनी लीव ऐप पर लाइव देखा जा सकता है।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का पलड़ा रहा है भारी

भारत ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ कुल 10 मैच खेले हैं, जिसमें से उसे 7 जीत मिली है, जबकि 3 में उसे हार का सामना करना पड़ा है। इनमें से 9 मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए हैं। भारत ने जिम्बाब्वे की धरती पर 6 मैच में जीत दर्ज की है और 3 में हार झेली है। दिलचस्प रूप से भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ कोई टी-20 सीरीज नहीं गंवाई है।




### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

रजा ने पिछले 10 टी-20 मुकाबलों में 127.63 की स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए हैं। अभिषेक ने इस सीरीज के 2 मुकाबलों में 196.07 की स्ट्राइक रेट और 50 की औसत से 100 रन बनाए हैं। गायकवाड़ के बल्ले से 2 मैच में 150 की स्ट्राइक रेट से 84 रन निकले हैं। मुजारबानी ने पिछले 10 मुकाबलों में 13 विकेट झटके है, वहीं बिश्नोई के नाम पिचले 2 मैच में 3 की इकॉनमी से 6 विकेट है।



### ऐसी हो सकती है भारतीय टीम

सीरीज के बाकी मैचों के लिए शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल भारतीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं। हालांकि, जायसवाल को टीम में जगह मिलना मुश्किल है क्योंकि अभिषेक शर्मा ने पिछले मैच में ही शतक जड़ा था। दुबे और सैमसन, साई सुदर्शन और ध्रुव जुरेल की जगह टीम में शामिल हो सकते हैं।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है जिम्बाब्वे

दूसरे टी-20 में जिम्बाब्वे की गेंदबाजी बेहद खराब रही थी। खिलाड़ियों ने 20 ओवर में 234 रन बनवा दिए थे। ऐसे में तीसरे टी-20 में जिम्बाब्वे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। बल्लेबाजी में भी टीम का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा है। टीम को उनसे भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

# नीदरलैंड को हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाना

एजेंसी ▶▶| डोर्टमंड

इंग्लैंड बुधवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल में जब नीदरलैंड से भिड़ेगा तो उसकी नजरें लगातार दूसरे यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के फाइनल में जगह बनाने पर टिकी होंगी।

पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा। फाइनल रविवार को होना है। क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड और नीदरलैंड दोनों ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड ने निर्धारित और अतिरिक्त समय में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद स्विट्जरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराया था जबकि नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था। नीदरलैंड के खिलाफ हालांकि इंग्लैंड की राह आसान नहीं होगी। टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेलने वाली टीमों में नीदरलैंड की रैंकिंग सबसे बेहतर है।



### इंग्लैंड टीम में गुही के स्थान को लेकर पशोपेश

इंग्लैंड ग्रुप चरण में सर्बिया, डेनमार्क और स्लोवेनिया के खिलाफ खेला था जबकि नॉकआउट मुकाबलों में उसकी भिड़ंत स्लोवाकिया और स्विट्जरलैंड के साथ हुई। इंग्लैंड अब तक बाएं छोर से कीरन ट्रिपर पर निर्भर रहा है जबकि स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में ल्यूक शॉ फरवरी में चोटिल होने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच में उतरे। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट को फैसला करना होगा कि वह पिछले मैच में निलंबित मार्क गुही की जगह खेले एजरी कोन्सा को फिर मौका देते हैं या फिर गुही का निलंबन खत्म होने के बाद उनकी वापसी कराते हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत/ पात्र ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पत्रांक-कर्म/ भण्डार 2024 /75/पीआरओ/36 दिनांक 09/07/2024 | भण्डार गृह के पुराने व अपुपयोगी सामग्रियों की नीलामी करना | 1. कार्य की अवधि एक वर्ष एवं लगभग आय 35,00,000/- रूपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य 5,000/- रूपये एवं ईएमडी की राशि 26,250/- रूपये | 08.08.2024 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
कर्मशाला एवं भण्डार
नगर पालिक निगम जबलपुर


## जिम्बाब्वे के खिलाफ अभिषेक शर्मा ने 46 गेंद में शतक जड़ा

# टी-20 में इन भारतीय खिलाड़ियों ने लगाए हैं सबसे तेज शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के बीच खेले गए दूसरे टी-20 में अभिषेक शर्मा ने 100 रन की शानदार पारी खेली। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक था। उन्होंने अपने दूसरे मुकाबले में ही शतक जड़ दिया। अभिषेक ने 46 गेंदों का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया। यह भारत के लिए संयुक्त रूप से चौथा सबसे तेज शतक था। अभिषेक के अलावा भी कई हैं जिन्होंने सबसे तेज शतक लगाया है।

### रोहित शर्मा
### 35 गेंद बनाम श्रीलंका

साल 2017 में श्रीलंका क्रिकेट टीम भारत के दौरे पर आई थी। टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में रोहित शर्मा ने 43 गेंदों में 118 रन जड़ दिए थे। उन्होंने अपना शतक सिर्फ 35 गेंदों में पूरा किया था। उनके बल्ले से उस मैच में 12 चौके और 10 छक्के निकले थे। उनकी स्ट्राइक रेट 274.41 की रही थी। भारतीय टीम ने पहली पारी में 260/5 का स्कोर बनाया था। जवाब में श्रीलंका 172 रन ही बना पाई थी।



### सूर्युकमार यादव : 45 गेंद बनाम श्रीलंका

इस सूची में दूसरे स्थान पर सूर्यकुमार यादव हैं। उन्होंने साल 2023 में श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ 45 गेंदों में शतक जड़ दिया था। भारत ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 228 रन बनाए थे।


**पश्चिम मध्य रेल**

संशोधन सूचना–I दिनांक 05.07.2024

निविदा सूचना क्रमांक: जबल–एन–सिगनल–निविदा–2024–14 दिनांक: 01.07.2024 के लिए **कार्य का नाम:**–पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में एन.के.जे. के रिसीविंग यार्ड में लाईनों की सी.एस.एल./सी.एस.आर. बढाने के लिए एन.के.जे. रिसीविंग यार्ड का रिमोडलिंग कार्य से संबंधित संकेत एवं दूसं. कार्य(सिग्नलिंग कार्य)। उपर्युक्त टेंडर जो 31.07.2024 को खुलना था में निम्न संशोधन किया गया है– **केबल कट से संबंधित पूर्व शर्त:** कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की केबल कट के लिए ठेकेदार जिम्मेदार होगा। इससे बचने के लिए रेलवे बोर्ड के जेपीओ संख्या 2003/TELE/RCIL/1 Pt.IX दिनांक 24.06.2013 के अनुसार कार्य शुरू होने से पहले केबल रूट प्लान को मंजूरी दी जाएगी।, **केबल कट से संबंधित संशोधित शर्त:** विद्युत, सिग्नलिंग, दूरसंचार केबलों के आसपास मिट्टी कार्य करने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे का संयुक्त प्रक्रिया आदेश क्रमांक WCR/N-HQ/110/JPO Corrsp/Sig.-99 दिनांक 08.01.2024 द्वारा जारी किया गया जिसे GM(S&T) JBP पत्र क्रमांक JBP/N.H.Q.120/Policy/T-1/Part-V दिनांक 10.01.2024 द्वारा निर्देशित किया गया तथा सिंगलिंग विद्युत एवं दूरसंचार केबलों के आसपास खुदाई कार्य करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा जारी प्रक्रिया क्रमांक eno.2021/Tele/5(2)/3-Part(1)(3425647) दिनांक 12.06.2023 या रेलवे द्वारा कोई अन्य नवीनतम जेपीओ इस अनुबंध में लागू होगा। नोट– विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखें। निविदा में अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। असुविधा के लिए खेद है।

मं. रे. प्र.(सि. एवं दू. सं.), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**छ.ग. शासन वनविभाग बिलासपुर, वनमंडल बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**कोटा काष्ठागार नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बिलासपुर वनमंडल के कोटा विक्रय काष्ठागार डिपों (बिलासपुर) में संग्रहित ईमारती, काष्ठ, जलाऊ चट्टे का घोष विक्रय / नीलाम द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार दर्शित तिथि एवं समय में किया जावेगा। इच्छुक क्रेता से अनुरोध है कि वे घोष विक्रय / नीलाम में भाग लेवे। घोष विक्रय की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय पर वनमण्डल कार्यालय / विक्रय काष्ठागार कोटा से प्राप्त की जा सकती है। कृपया बोली लगाने से पूर्व वनोपज स्वत: स्थल निरीक्षण कर लेवें।

नीलाम दिनांक-18/07/2024, नीलाम स्थल-विक्रय काष्ठागार कोटा, समय- 9.00 बजे प्रात: से

वनोंपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है

| क्र. | प्रजाति | नया | | | पुराना | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली / खूंटा | जलाऊ | लट्ठा | बल्ली / खूंटा | जलाऊ | व्यापारी / औ. बांस | |
| | | घ.मी. | नग | चट्टा | घ.मी. | नग | चट्टा | नग | नो.टन |
| 1 | सागौन | 40.224 | 65 | - | 79.713 | 698 | - | - | - |
| 2 | साल | 78.114 | 42 | - | 16.923 | 117 | - | - | - |
| 3 | बीजा, तिंसा, शीशम | 12.903 | 04 | - | 4.216 | – | – | – | – |
| 4 | साजा / अर्जुन | 17.776 | 12 | - | 119.387 | 38 | – | – | – |
| 5 | हल्दू, मुढी, कसही, खम्हार | 0.385 | - | - | 5.754 | 56 | – | – | – |
| 6 | धावड़ा | 9.914 | 36 | - | 3.514 | 110 | – | – | – |
| 7 | सलई | 1.391 | - | - | 1.923 | - | – | – | – |
| 8 | अन्य | 26.692 | 1593 | - | 106.083 | 149 | – | – | – |
| 9 | जलाऊ | - | - | 54 | - | - | 476 | – | – |
| 10 | व्या. बांस | - | - | - | - | - | – | 476 व्या. | 1.100 |
| | योग:– | 187.399 | 1752 | 54 | 166.348 | 1168 | 476 | 476 | 1.100 |
| 11 | अन्य कबाड | कार्यालय मुख्य वन संरक्षक कार्यआयोजना वृत्त बिलासपुर से प्राप्त कबाड सामाग्री –87 नग | | | | - | - | - | - |

टीप:- (अ) क्रेता को पेन नं. एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2024 तथा जी.एस.टी. नं. की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

वन मंडलाधिकारी
बिलासपुर वन मंडल बिलासपुर (छ.ग.)

G-242500938/4


# तेंबा बावुमा की कप्तानी में टेस्ट सीरीज खेलेगा द.अफ्रीका

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 7 अगस्त से शुरू हो रही 2 मैच की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके को पहली बार टीम का हिस्सा बनाया गया है। रयान रिकेल्टन की भी टीम में वापसी हुई हैं। तेंबा बावुमा टीम के कप्तान होंगे और मार्को यानसन को इस सीरीज से आराम दिया गया है।

### ऐसी है दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम

वेस्टइंडीज की टीम अभी इंग्लैंड के खिलाफ 10 जुलाई से टेस्ट सीरीज खेलने वाली है। इसके बाद वह इस सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर सकती है। ऐसी है दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम: तेंबा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएट्जी, टोनी डी जोरजी, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, डेन पैटरसन, डेन पीट, कगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन और काइल वेरिन।

वेस्टइंडीज के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा रहा है भारी


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कटनी जिला कटनी (म.प्र.)**
ई-मेल -apmckatni@gmail.com दूरभाष नं.-07622240063

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2024-25/1135 कटनी, दिनांक 09/07/24

**निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रमुख अभियंता म. प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2024_MPSAM_356422_1 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 31.07.2024 को शाम 3.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :-आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति कटनी
जिला-कटनी



**कार्यालय नगरपालिका परिषद, गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)**
(Near Water Tank, Gadarwara, E-Mail - cmogadarwada@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 377/378/ई-टेण्डर/2024-25 गाडरवारा, दिनांक-09/07/24

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_UAD_356174_1 09.07.2024 | निकाय हेतु पलेक्स, बेनर प्रिंटिंग कार्य एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु IEC गतिविधियों के अंतर्गत दीवार लेखन एवं स्वच्छता जागरूकता हेतु पेंटिंग कार्य। | 08 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 26.07.2024 |
| 2 | 2024_UAD_356176_1 09.07.2024 | नगरपालिका परिषद गाडरवारा को वर्ष 2024-25 के लिए विद्युत सामग्री प्रदाय कार्य। | 08 माह 2000000.00 | 2000.00 20000.00 | 12.08.2024 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

श्री पं. शिवाकांत मिश्रा, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, गाडरवारा
श्री सुरेन्द्र गूजर, सभापति, लोक निर्माण शाखा, गाडरवारा
श्री वैभव देशमुख, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गाडरवारा

लापरवाही विवेचना पर हाईकोर्ट ने उठाए सवाल, एसपी से मांगा जवाब

# शमीम के कबाड़खाने में विस्फोट को लेकर हाईकोर्ट सख्त

**जबलपुर।** जबलपुर के खजरी खिरिया बाइपास स्थित शमीम कबाड़ी के कबाड़खाने रजा मेटल में हुए ब्लास्ट के मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया ने सख्ती बरती है। हाईकोर्ट ने मामलें की सुनवाई के दौरान पुलिस की कार्यप्रणाली और विवेचना पर सवाल उठाए है। यहां बता दें कि इस ब्लास्ट में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि कुछ घायल हो गए थे। इस मामले की जांच नेशनल एजेंसी से लेकर आर्डिनेंस फैक्ट्री, खमरिया व जिला प्रशासन तक कर चुका है। घटना के दो माह बीतने के बाद भी मुख्य आरोपी शमीम कबाड़ी अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर है। इस मामलें मे हाईकोर्ट की एकलपीठ ने अपने कड़े आदेश में कहा है कि एक ओर शासकीय अधिवक्ता कोर्ट को अवगत करा रहे हैं कि राज्य शासन की एजेंसियों ने इस प्रकरण को बेहद गंभीरता से लिया है, वहीं दूसरी ओर जबलपुर पुलिस



का रवैया ढुलमुल परिलक्षित हो रहा है। एक ओर शासकीय अधिवक्ता बता रहे हैं कि घटनास्थल पर राष्ट्रीय सुरक्षा एंजेसियां (एनएसजी) व (एनआईए) जैसी एजेंसियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है, वहीं दूसरी ओर जबलपुर पुलिस ने जांच प्रक्रिया पूर्ण किए बिना इस मामले से संबंधित कुछ जिम्मेदार अधिकारियों को क्लीनचिट दे दी।

हाई कोर्ट ने जबलपुर के पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह से सवाल किया है कि इस प्रकरण की जांच कर रहे विवेचना अधिकारी चंद्रकांत झा, जिन्होंने बिल्कुल प्रतिकूल व लापरवाही तरीके से जांच की, उनके विरुद्ध अब तक क्या कार्रवाई की गई। इस संबंध में जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने पूछा कि क्या इस तरीके की जांच उनके हवालें रखी जा सकती है।

## यह है मामला

अधारताल थाना अतंर्गत गत 25 अप्रैल को खजरी खिरिया स्थित शमीम कबाड़ी के कबाड़खाने रजा मेटल में एक भयंकर विस्फोट हुआ था। इस घटना में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने शमीम का पुत्र फहीम और पार्टनर सुल्तान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शमीम अभी भी फरार है। फरारी के दौरान उसको सहयोग करने वालें नागपुर निवासी करीम सत्तार को पुलिस ने पिछले दिनों नागपुर से गिरफ्तार किया था। उसने फर्जी किराएदार नामे के जरिए जाली पास पोर्ट बनवाने की मदद की थी। उसकी सीडीआर रिपोर्ट गवाही दे रही है कि वह शमीम के निरंतर संपर्प में था। यहां तक कि शमीम के दुबई भागने के बाद उसकी बहू से भी फोन पर बात की थी। एक गंभीर तथ्य यह भी कि सुल्तान अली नामक सह आरोपी के लाइसेंस पर आर्डिनेंस फैक्ट्री, खमरिया से कबाड़ क्रय किया जाता था। इस प्रक्रिया में कबाड़ तो क्रय किया जा सकता था, लेकिन जिंदा बम नहीं। इसके बावजूद ऐसा गजब हुआ, जिसका नतीजा कबाड़ में भयंकर विस्फोट की शक्ल में सामने आया। इस मामलें में शमीम अब तक फरार है और नागपुर निवासी करीम सत्तार को कोर्ट से जमानत मिल गई, जबकि उसका भाई रज्जाक भी भगोड़े शमीम का मदद करने का आरोपी है जो अभी तक फरार है।

15 हजार से अधिक बच्चों को मिलेगा स्कूलों में प्रवेश

# 9वीं में प्रवेश के लिए आयु में छूट

**जबलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने 9वीं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु (13 वर्ष) के बंधन में छूट दे दी है। अब 13 साल से दो-पांच महीने कम उम्र होने पर भी 9वीं में प्रवेश मिल जाएगा। इसका लाभ प्रदेश में 15 हजार से अधिक बच्चों को मिलने की उम्मीद है। बता दें कि 8वीं उत्तीर्ण कर चुके 13 साल से कम उम्र के बच्चों को 9वीं में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था और न ही हाईस्कूल-हायर सेकंडरी परीक्षा के लिए उनके नामांकन कराए जा रहे थे।

स्कूल में प्रवेश के लिए 6 वर्ष आयु सीमा तय है। इसका पालन कराने का जिम्मा राज्य शिक्षा केंद्र पर है, पर देखने में आया है कि राज्य शिक्षा केंद्र नियम का पालन नहीं करा पा रहा है, जिस कारण 12 वर्ष और कुछ माह में विद्यार्थी 8वीं उत्तीर्ण कर तो लेता है, पर उसे 9वीं में प्रवेश नहीं दिया जाता। क्योंकि लोक शिक्षण संचालनालय के इस नियम को मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस वर्ष से अपने प्रवेश नियमों में शामिल कर लिया है। 12 जुलाई प्रवेश की अंतिम तारीख है। ऐसे में जिलों से लगातार मांग उठ रही थी कि 9वीं में प्रवेश के लिए आयु सीमा के बंधन को शिथिल किया जाए। उल्लेखनीय है कि ऐसे बच्चे सबसे ज्यादा सरकारी



स्कूलों में हैं। यह मामला जब स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह तक पहुंचा, तो मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद विभाग ने 9 वीं में प्रवेश का आयु सीमा बंधन 13 वर्ष को वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए शिथिल कर दिया है। इतना ही नहीं, स्कूल शिक्षा विभाग इस नियम को स्थाई रूप से शिथिल करने पर भी विचार कर रहा है, हालांकि इसके लिए बैठकें होंगी और फिर निर्णय लिया जाएगा। उम्मीद है कि इसे घटाकर 12 साल 6 माह किया जा सकता है।



बुकिंग टिकिट खिड़कियों में लाईन से मिलेगी निजात

# स्टेशन पर बढ़ाई गई एटीवीएम मशीनें

**जबलपुर।** अनारक्षित टिकट यात्रियों के समय की बचत और लाइन में लगने की झंझट से निजात दिलाने के उद्देश्य से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक डॉ मधुर वर्मा के निर्देशन में वाणिज्य रेल कर्मियों द्वारा एटीवीएम मशीनो का उपयोग करने के लिए मंडल में चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप जबलपुर रेल मंडल में यात्रियों की सुविधाओं को निरंतर बढ़ाया जा रहा है इसी कड़ी में सीनियर डीसीएम डॉक्टर मधुर वर्मा ने बताया कि जबलपुर स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए अनारक्षित टिकट बुकिंग करने के लिए एटीवीएम मशीन है जो जबलपुर स्टेशन पर तीन हुआ करती थी जिसे बढ़ाकर वर्तमान में 9 कर दी गई है और यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए 3 और एटीवीएम मशीन बढ़कर 12 एटीवीएम मशीन की जा रही है जिससे यात्रियों को टिकट लेने के लिए और भी आसानी होगी एवं बुकिंग खिड़की पर लगने वाली लाइनों से भी निजात मिलेगी। जबलपुर स्टेशन पर एटीवीएम मशीनों की सुविधा उपलब्ध है। एटीवीएम मशीनों शुरू करने का मकसद डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करना, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना है कि यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक डॉ मधुर वर्मा नें अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों से अपील की है कि वे एटीवीएम मशीनों एवं मोबाइल टिकटिंग ऐप पर यूटीएस के उपयोग को बढ़ावा दें और उपयोग से जुड़े हितों का लाभ उठाएं।

## हाई कोर्ट ने एक्सीडेंट डेथ क्लेम राशि में किया इजाफा

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अचल कुमार पालीवाल की एकलपीठ ने एक्सीडेंट डेथ क्लेम राशि में तीन लाख 84 हजार 192 रुपये के इजाफे का आदेश पारित किया। इसी के साथ पुत्र वियोग से आहत राजमिस्त्री पिता को बड़ी राहत मिल गई। दरअसल, पूर्व में महज सात लाख 93 हजार रुपये स्वीकृत किए गए थे। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के इस आदेश को समुचित न पाते हुए अपील के जरिये हाई कोर्ट की शरण ली गई थी। याचिकाकर्ता सिवनी जिला अंतर्गत धनौरा के ग्राम ऊमरपानी निवासी केशरी गौंड की ओर से अधिवक्ता प्रमेंद्र सेन, प्रवीण सेन, ब्रजेंद्र बडगैंया व रोहित चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 19 जून, 2017 को अपीलकर्ता का 19 वर्षीय पुत्र गुलाब मोटर साइकिल से जा रहा था। उसे पीछे से डंपर चालक ने टक्कर मार दी। इस वजह से उसकी मृत्यु हो गई। गुलाब भी अपने पिता की भांति राजमिस्त्री का कार्य कर परिवार के भरण-पोषण में सहयोग करता था। लिहाजा, मोटर दुर्घटना अधिकरण द्वारा किया गया आकलन समुचित प्रतीत नहीं होता। डेथ क्लेम राशि में इजाफा अपेक्षित है। हार्ट ने तर्क सुनने के बाद मांग स्वीकार कर ली।


रेलवे में प्री-एनआई व एनआई के कार्य के चलते गाड़ियों प्रभावित

# अंधोसंरचना विकास के चलते 33 रेलगाड़िया निरस्त

**जबलपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास कराया जा रहा है। जिसके कारण कई ट्रेने प्रभावित हुई हैं और 33 रेलगाड़िया निरस्त की गई। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि अधोसंरचना विकास हेतु मध्य रेलवे के भुसावल मंडल के अंतर्गत भुसावल.खंडवा खंड के बीच गेज परिवर्तन एवं खंडवा यार्ड रीमॉडलिंग के साथ कनेक्शन के चलते प्री.एनआई व एनआई का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों के परिचालन में गतिशीलता आयेगी।

## ये रेलगाड़ियां निरस्त

दिनांक 14 से 22 जुलाई तक भुसावल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11115 भुसावल.इटारसी एक्सप्रेस, दिनांक 14 से 22 जुलाई तक इटारसी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11116 इटारसी.भुसावल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 14 से 22 जुलाई तक भुसावल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 19013 भुसावल.कटनी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 15 से 23 जुलाई तक इटारसी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 19014 कटनी.भुसावल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 14 एवं 21 जुलाई को रीवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 02185 रीवा.सीएसएमटी एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। दिनांक 15 एवं 22 जुलाई



को सीएसटीएम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 02186 सीएसएमटी.रीवा एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। दिनांक 14 एवं 21 जुलाई को जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 02132 जबलपुर.पुणे एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। दिनांक 15 एवं 22 जुलाई को पुणे से रवाना होने वाली गाडी संख्या 02131 पुणे.जबलपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। दिनांक 15, 17 एवं 20 जुलाई को जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या12187 जबपुर.सीएसएमटी गरीबरथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 16, 18 एवं 21 जुलाई को सीएसटीएम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12188 सीएसएमटी.जबलपुर गरीबरथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 20 जुलाई को रानी कमलापति से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22172 रानी कमलापति.पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 21 जुलाई को पुणे से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22171 पुणे.रानी कमलापति एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## पमरे से गुजरने वाली निरस्त रेलगाड़ियां

गाड़ी संख्या 01025 दादर.बलिया एक्सप्रेस स्पेशल अपने प्रारंभिक स्टेशन से 15, 17, 19 एवं 22 जुलाई को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 01026 बलिया.दादर एक्सप्रेस स्पेशल अपने प्रारंभिक स्टेशन से 17, 19, 21 एवं 24 जुलाई को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 01027 दादर.गोरखपुर एक्सप्रेस स्पेशल अपने प्रारंभिक स्टेशन से 14, 16, 18, 20 एवं 21 जुलाई को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 01028 गोरखपुर.दादर एक्सप्रेस स्पेशल अपने प्रारंभिक स्टेशन से 16, 18, 20, 22 एवं 23 जुलाई तक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 04715 बीकानेर.साईंनगर शिर्डी एक्सप्रेस स्पेशल अपने प्रारंभिक स्टेशन से 13 एवं 20 जुलाई को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 04716 साईंनगर शिर्डी.बीकानेर एक्सप्रेस स्पेशल अपने प्रारंभिक स्टेशन से 14 एवं 21 जुलाई को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 05289 मुजफ्फरपुर.पुणे एक्सप्रेस स्पेशल अपने प्रारंभिक स्टेशन से 13 जुलाई एवं 23 जुलाई को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 05290 पुणे.मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस स्पेशल अपने प्रारंभिक स्टेशन से 15 एवं 22 जुलाई को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 05326 लोकमान्य तिलक टर्मिनस.गोरखपुर स्पेशल अपने प्रारंभिक स्टेशन से 19 जुलाई को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 12167 लोकमान्य तिलक टर्मिनस.वाराणसी एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से 14 जुलाई से 21 जुलाई तक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 12168 वाराणसी.लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से 16 से 23 जुलाई तक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 15065 गोरखपुर.पनवेल एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से 14, 15, 16, 18, 19, 20 एवं 21 जुलाई को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 15066 पनवेल.गोरखपुर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से 15, 16, 17, 19, 20, 21, एवं 22 जुलाई को निरस्त रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 15067 गोरखपुर.बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 15068 बांद्रा टर्मिनस.गोरखपुर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 15547 रक्सौल.लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 15548 लोकमान्य तिलक टर्मिनस.रक्सौल एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 22455 साईंनगर शिर्डी.कालका एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 22456 कालका.साईंनगर शिर्डी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 82355 पटना.छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस ट्रेनें भी निरस्त की गई।

# सेवानिवृत्त कर्मी को तीन लाख 22 हजार 880 रुपये लौटाएं

**हाई कोर्ट का राहतकारी आदेश : 30 दिन की मोहलत दी : आठ प्रतिशत ब्याज भी देना होगा**

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने सेवानिवृत्त कर्मचारी के हक में राहतकारी आदेश पारित किया। इसके तहत 30 दिन के भीतर तीन लाख 22 हहजार 880 रुपये आठ प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ कलेक्टर, दमोह व संभागायुक्त का आदेश निरस्त कर दिया गया। याचिकाकर्ता दमोह निवासी जगेश्वर प्रसाद मिश्रा की ओर से अधिवक्ता गोपेश यश तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता 2018 में शासकीय सेवा से निवृत्त हुआ। इसके बाद विभाग द्वारा बताया गया कि गलत समयमान वेतनमान लगने के कारण उनको तीन लाख 22 हजार 880 रुपये अधिक वेतन भुगतान हो गया है, जो उनको वापिस करना होगा। यदि ऐसा नहीं किया तो पेंशन सहित सेवानिवृत्ति संबंधी समस्त राशि रोक ली जाएगी।

## बांड भरवाना भी असंवैधानिक सौदेबाजी

अधिवक्ता तिवारी ने जोर देकर कहा कि समयमान वेतनमान का निर्धारण विभाग की गलती थी न कि याचिकाकर्ता की। इसलिए सेवानिवृत्ति के बाद वसूली सर्वथा अनुचित है। नियमानुसार सेवानिवृत्ति के बाद किसी भी तृतीय या चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से किसी भी तरह की राशि की वसूली जो कि विभाग की गलती के कारण उनको दे दी गई है, करना असंवैधानिक है। यही नहीं राशि के वसूली के लिए किसी भी तरह का बांड भरवाना भी असंवैधानिक सौदेबाजी की श्रेणी में आता है।

स्टेट बार ने जारी किया फरमान

# जजों आदि के विरुद्ध इंटरनेट मीडिया में अनर्गल टिप्पणियों पर होगी कार्रवाई

**जबलपुर।** प्रदेश के सवा लाख वकीलों की सर्वोच्च संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल ने इंटरनेट मीडिया में जजों आदि के विरुद्ध अनर्गल टिप्पणियों पर लगाम लगाने की योजना बना ली है। इसके तहत निर्णय लिया गया है कि शिकायतें मिलने पर आरोपित वकीलों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाएगी।

स्टेट बार के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता व वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने बताया कि अक्सर इंटरनेट मीडिया पर चरित्र हनन करने वाली पोस्ट वायरल कर दी जाती हैं। कई वकील इस तरह के कृत्यों में विशेष रुचि लेते हैं। वे



न्यायपालिका, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं के प्रतिनिधियों व स्टेट बार के सदस्यों के विरुद्ध मनमानी टिप्पणियों वाली आपत्तिजनक पोस्ट इंटरनेट मीडिया में शेयर कर देते हैं। इसी रवैये को गंभीरता से लेकर स्टेट बार ने कार्रवाई का प्रस्ताव पारित किया है। इसका मुख्य उद्देश्य नोबल प्रोफेशन वकालत के क्षेत्र में सक्रिय अधिवक्ता समुदाय की अनुशासन की लगाम कसना है। स्टेट बार की अपेक्षा है कि स्टेट बार की सामान्य सभा की पहली बैठक में पारित प्रस्तावों को अधिक से अधिक प्रचारित किया जाना चाहिए। अधिवक्ताओं को इस दिशा में सक्रिय होना चाहिए। ऐसा इसलिए ताकि आयुष्मान योजना, हैल्थ इंश्योरेंस, पेंशन आदि का पथ प्रशस्त हो। बिजली बिल माफ किया जाए। इसके स्थान पर तरह-तरह की आधारहीन बातें की जा रही हैं, जो कि अनुचित हैं।




बारिश थमते नहीं उमस बढ़ी

# बादलों की कमजोरी से पारे ने मारा उछाल

**जबलपुर।** बारिश के दौर थमने के बाद उमस बढ़ने लगी है और पारा भी मजबूत होने लगा है। दो दिनों से छुटपुट बूंदाबांदी हुई लेकिन बारिश नहीं हुई। पिछले 24 घंटों से मौसम बिल्कुल शुष्क रहा जिसके कारण उमस हावी होती गई। बादलों की आवाजाही के बीच धूप भी निकली, बारिश के कमजोर पडते ही पारे ने उछाल मारी दिन भर का पारा औसत से उैपर रहा। जिससे लोगों ने उमस भरी गर्मी का अनुभव किया।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 82 प्रतिशत और सायंकाल 71 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षा नहीं हुई। 1 जून से आज तक कुल वर्षा का आंकड़ा 238.9 मिमी (लगभग 9 इंच) दर्ज किया जा चुका है। दक्षिण पूर्वी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.32 बजे और सूर्यास्त शाम 7.00 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन वर्षा 4.0 मिमी हुई थी। जबकि कुल वर्षा 301.02 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 28.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक– डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240